| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | ~ | 80,597.66 |
| निफ्टी | ~ | 24,631.30 |
| सोना | ~ | 1,01,180 |
| चांदी | ~ | 1,16,200 |
| डॉलर | ~ | 87.65 |

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

E-mail: balaghatexpress@gmail.com

/padmeshmedia /padmeshmedia

epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
रविवार 17 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण 09 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 323
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00


## खास खबर

### एयर इंडिया फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग



ग्वालियर। एयर इण्डिया की फ्लाइट से एक बार फिर तकनीकी खराबी सामने आई है। बैंगलोर से ग्वालियर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट की तकनीकी खामी की वजह से इमरजेंसी लैंडिंग की गई। लैंडिंग के दौरान कुछ ही मिनट में फ्लाइट ने कई बार झटके लिए। जिसके कारण दूसरी कोशिश में फ्लाइट की लैंडिंग हो पाई। इस दौरान घबराए यात्रियों ने एयरपोर्ट पर नाराजगी जाहिर करते हुए आरोप लगाया कि एयर इंडिया की खराब सर्विस के कारण यात्रियों की जान जोखिम में आ गयी थी। यात्रियों के मुताबिक, जैसे ही फ्लाइट लैंडिंग कर रही थी। अचानक जोरदार झटका लगा और सभी यात्री घबरा गए। पायलट ने पहले फ्लाइट को लैंड करने की कोशिश की। लेकिन तकनीकी समस्या के कारण लेंडिंग नही हो सकी। इसके बाद फ्लाइट को दोबारा लैंड कराने की कोशिश की गई।

### ट्रैवलर, ट्रक से टकराई, 4 की मौत

शिवपुरी। शिवपुरी में शनिवार सुबह ट्रक और ट्रैवलर बस की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में सिंगर समेत 4 लोगों की मौत हो गई। 7 लोग गंभीर घायल हैं। हादसा नेशनल हाईवे-27 पर सुबह करीब 5.30 बजे हुआ। जानकारी के अनुसार, 20 लोगों का म्यूजिशियन ग्रुप काशी विश्वनाथ में आयोजित शिवकथा कार्यक्रम में प्रस्तुति देने के बाद शुक्रवार शाम को लौट रहा था। ग्रुप के सभी सदस्य गुजरात के मेहसाणा और सुरेंद्रनगर के रहने वाले हैं। शनिवार सुबह उनकी ट्रैवलर सुरवाया से गुजर रही थी। इसी दौरान बेकाबू होकर डिवाइडर पर चढ़ गई और दूसरी लेन में जाकर ट्रक से टक्कर हो गई।

### पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान सिम्पसन का निधन

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और कोच बॉब सिम्पसन का 89 साल की उम्र में सिडनी में निधन हो गया। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने 16 अगस्त 2025 को उनके निधन की आधिकारिक पुष्टि की। सिम्पसन न सिर्फ एक शानदार बल्लेबाज और बेहतरीन स्लिप फील्डर रहे, बल्कि कोच के तौर पर उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। सिम्पसन ने 1957 में टेस्ट क्रिकेट में डेब्यू किया और 1978 तक खेलते रहे। उन्होंने कुल 62 टेस्ट मैच खेले, जिनमें 4,869 रन बनाए और 10 शतक जड़े। उनका बेस्ट स्कोर 1964 में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रन रहा। बल्लेबाजी के अलावा वे लेग स्पिनर भी थे और 71 विकेट लिए।

## कुछ ना कहना




वोट चोरी के आरोपों पर चुनाव आयोग बोला-

# राजनीतिक दलों ने सही समय पर मतदाता सूची की जांच नहीं की

नई दिल्ली। विपक्ष द्वारा मतदाता सूचियों में गड़बड़ियों को लेकर लगाए गए आरोपों का जवाब देते हुए चुनाव आयोग ने शनिवार को कहा कि ऐसा लगता है कि कुछ राजनीतिक दलों ने चुनाव मशीनरी को त्रुटियां बताने के लिए ''उचित समय'' पर मतदाता सूची की जांच नहीं की। चुनाव अयोग ने इन गड़बड़ियों के लिए राजनीतिक दलों को जिम्मेदार ठहराया है। आयोग ने यह भी कहा कि वह अपने अधिकारियों को खामियों को दूर करने में मदद करने के लिए दस्तावेज की जांच का स्वागत करता है।

### बूथ स्तर एजेंट ने उचित समय पर मतदाता सूची की जांच नहीं की- आयोग




निर्वाचन आयोग ने एक बयान में कहा कि मसौदा मतदाता सूची प्रकाशित होने के बाद दावे और आपत्तियां उठाने का समय, पार्टियों के लिए खामियों को चिह्नित करने का उपयुक्त समय है। बयान में कहा गया, ऐसा प्रतीत होता है कि कुछ राजनीतिक दलों और उनके बूथ स्तरीय एजेंट (बीएलए) ने उचित समय पर मतदाता सूचियों की जांच नहीं की और यदि कोई त्रुटि थी तो उसे इंगित नहीं किया। निर्वाचन आयोग ने कहा कि हाल में कुछ राजनीतिक दलों और व्यक्तियों ने मतदाता सूचियों में त्रुटियों के बारे में मुद्दे उठाए थे, जिनमें पूर्व में तैयार की गई मतदाता सूचियां भी शामिल थीं। बयान में कहा गया है कि मतदाता सूची से संबंधित कोई भी मुद्दा उठाने का उपयुक्त समय 'दावे और आपत्तियां' अवधि के दौरान होता।आयोग ने कहा, यदि ये शिकायतें वास्तव में सही होतीं और इन मुद्दों को सही समय पर और सही माध्यमों से उठाया गया तो संबंधित एसडीएम, ईआरओ को चुनावों से पहले उन्हें सुधारने में सक्षम होते।

आयोग ने कहा, इन त्रुटियों की वजह राजनीतिक दलों के बूथ स्तरीय एजेंटों की तरफ से सूचियां बारीकी से न जांचना है। आयोग के दिशा-निर्देशों के आधार पर निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी (ईआरओ)-जो एसडीएम स्तर के होते हैं-बूथ स्तरीय अधिकारियों (बीएलओ) की सहायता से ही सूची तैयार करते हैं और उन्हें अंतिम रूप देते हैं। ईआरओ और बीएलओ इसकी शुद्धता की जिम्मेदारी लेते हैं। मतदाता सूची तैयार करने के प्रत्येक चरण में राजनीतिक दलों की भागीदारी होती है। बिहार में भी यही देखने को मिला है।

#### त्रुटियों का आयोग करेगा स्वागत

आयोग ने फिर दोहराया कि राजनीतिक दलों और किसी भी मतदाता की तरफ से सूची की जांच की जा सकती है। आयोग इसका स्वागत करता है। इससे एसडीएम, ईआरओ को त्रुटियों को दूर करने और मतदाता सूचियों को शुद्ध करने में मदद मिलेगी जो हमेशा से चुनाव आयोग का उद्देश्य रहा है। बिहार एसआईआर पर विपक्ष के बयानों का जवाब देते हुए चुनाव आयोग ने कहा, बिहार के सभी राजनीतिक दलों को 20 जुलाई 2025 से उन लोगों लिस्ट दी गई है। जिनका नाम वोटर लिस्ट से बाहर किया जाना है।

## वोट चोरी मुद्दे पर वीडियो जारी कर राहुल गांधी ने साधा निशाना अब और नहीं, जनता जाग गई है



नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने वोट चोरी को लेकर एक बार फिर चुनाव आयोग को घेरा है। राहुल गांधी ने लापता वोट लिखकर एक बॉलीवुड फिल्म का वीडियो साझा किया। उन्होंने लिखा कि चोरी चोरी, चुपके चुपके अब और नहीं, जनता जाग गई है। कांग्रेस ने भी एक वीडियो जारी करते हुए एक्स पर लिखा कि आपके वोट की चोरी, अधिकारों की चोरी है। आइये हम सब मिलकर वोट चोरी के खिलाफ आवाज उठाएं और अपने अधिकारों को बचाएं।

राहुल गांधी की ओर से जारी किए गए वीडियो में एक व्यक्ति पुलिस थाने में यह कहते हुए दिखाई दे रहा है कि उसका वोट चुरा लिया गया है। वह अधिकारियों से कहता है कि लाखों वोट चुराए जा रहे हैं। इससे पुलिसकर्मी यह सोच में पड़ जाते हैं कि क्या उनका वोट भी चुराया गया है। एक मिनट लंबे वीडियो का शीर्षक लापता वोट है। इसे हाल ही में आई एक फिल्म के शीर्षक से लिया गया है।

कांग्रेस ने भी जारी किया वीडियो

कांग्रेस ने बुधवार को भी एक वीडियो जारी किया। इसमें दिखाया गया कि कैसे फर्जी वोट डाले जा रहे हैं। वीडियो में एक परिवार को मतदान केंद्र में प्रवेश करते हुए दिखाया गया है, जिसमें दो व्यक्ति उन्हें बता रहे हैं कि उनके वोट पहले ही डाले जा चुके हैं, और अंत में दोनों व्यक्ति फर्जी वोट डालते हैं, तथा मेज पर बैठे एक अधिकारी को अंगूठा दिखाते हैं, जिसकी मेज पर चुनाव चोरी आयोग की डिस्प्ले प्लेट लगी है। कांग्रेस ने दावा किया है कि वोट चोरी उसके लिए करो या मरो का मुद्दा है, और उसने विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से अपने आरोपों को लोगों तक ले जाने के लिए एक रोडमैप की घोषणा की है। कांग्रेस ने लोगों के लिए एक वेब पोर्टल भी शुरू किया है, जिसमें वे पंजीकरण करा सकते हैं और वोट चोरी के खिलाफ चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग कर सकते हैं। साथ ही डिजिटल मतदाता सूची की मांग के प्रति समर्थन व्यक्त कर सकते हैं।

## चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू जारी, 200 लोग अब भी लापता

### किश्तवाड़ में 65 शव बरामद, 40 की पहचान

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर में किश्तवाड़ जिले के चसोटी गांव में सर्च-रेस्क्यू का शनिवार को तीसरा दिन रहा। 14 अगस्त की दोपहर 12.25 बजे यहां बादल फटा था। इसके कारण मलबे में दबने से अब तक 65 लोगों की मौत हो चुकी है। अब तक 40 शवों की पहचान की जा चुकी है। 500 से ज्यादा लोग रेस्क्यू किए गए हैं, जबकि 200 लोग अब भी लापता हैं। घायलों की संख्या 180 है, जिनमें से 40 की हालत गंभीर है। सभी घायलों को किश्तवाड़-जम्मू के अस्पतालों में भर्ती किया गया है। किश्तवाड़ के चसोटी में लापता लोगों की तलाश के लिए के-9 डॉग स्क्वॉड को उपयोग में लाया जा रहा है।

75 लोगों की डिटेल उनके परिजन ने प्रशासन को दी है। रेस्क्यू में एनडीआरएफ की 3 टीमें, सेना (300+ जवान), व्हाइट नाइट कोर मेडिकल टीम, पुलिस, एसडीआरएफ और अन्य एजेंसियां रेस्क्यू में जुटी हैं। यह हादसा उस वक्त हुआ जब हजारों श्रद्धालु मचैल माता यात्रा के लिए जिले के पड्डर सब-डिवीजन में चसोटी गांव पहुंचे थे। यह यात्रा का पहला पड़ाव है। यहां श्रद्धालुओं की बसें, टेंट, लंगर और कई दुकानें थीं। चसोटी किश्तवाड़ शहर से लगभग 90 किलोमीटर और मचैल माता मंदिर के रास्ते पर पहला गांव है। यह जगह पड्डर घाटी में है, जो 14-15 किलोमीटर अंदर की ओर है। इस इलाके के पहाड़ 1,818 मीटर से लेकर 3,888 मीटर तक ऊंचे हैं। इतनी ऊंचाई पर ग्लेशियर (बर्फ की चादर) और ढलानें हैं, जो पानी के बहाव को तेज करती हैं। मचैल माता तीर्थयात्रा हर साल अगस्त में होती है। इसमें हजारों श्रद्धालु आते हैं। यह 25 जुलाई से 5 सितंबर तक चलेगी। यह रूट जम्मू से किश्तवाड़ तक 210 किमी लंबा है और इसमें पड्डर से चसोटी तक 19.5 किमी की सडक़ पर गाड़ियां जा सकती हैं। उसके बाद 8.5 किमी की पैदल यात्रा होती है।



#### लोगों के फेफड़ों में कीचड़ भरा

इस त्रासदी के मंजर डराने वाले हैं। मलबे में कई शव खून से सने थे। फेफड़ों में कीचड़ भर गया था। टूटी पसलियां और अंग बिखरे पड़े थे। स्थानीय लोगों, सेना के जवानों और पुलिस ने घायलों को घंटों मशक्कत के बाद कीचड़ भरे इलाके से खोदकर अपनी पीठ पर लादकर अस्पताल पहुंचाया गया।

एनसीईआरटी ने क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए

## भारत विभाजन के लिए कांग्रेस, जिन्ना और माउंटबेटन दोषी

नई दिल्ली। एनसीईआरटी ने क्लास 6 से 8 और 9 से 12 के लिए 2 नए मॉड्यूल जारी किए हैं। नियमित किताबों से अलग ये मॉड्यूल्स देश के बंटवारे की विभीषिका पर आधारित हैं। इसमें मोहम्मद अली जिन्ना, कांग्रेस पार्टी और लॉर्ड माउंटबेटन को बंटवारे का दोषी बताया गया है। मॉड्यूल बताता है कि जिन्ना ने बंटवारे की मांग की, कांग्रेस ने इसे स्वीकार कर लिया और माउंटबेटन ने इसे लागू कर दिया। ये जानकारी विभाजन के दोषी टॉपिक में जोड़ी गई है।

मॉड्यूल में देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू के एक भाषण का अंश भी शामिल किया गया है। नेहरू ने कहा था कि हम एक ऐसी स्थिति पर आ गए हैं जहां हमें या तो विभाजन को स्वीकार करना होगा या निरंतर संघर्ष और अराजकता का सामना करना होगा।

#### कश्मीर में आतंकवाद का जिक्र भी शामिल

मॉड्यूल के अनुसार, 1947 और 1950 के बीच, विभाजन ने भारत की एकता को खंडित किया, शत्रुतापूर्ण सीमाएं बनाईं, सामूहिक हत्याएं और विस्थापन को बढ़ावा दिया। सांप्रदायिक अविश्वास को गहरा किया। पंजाब और बंगाल की अर्थव्यवस्थाओं को तबाह कर दिया। जम्मू-कश्मीर को सामाजिक, आर्थिक और जनसंख्या के तौर पर पतन के रास्ते पर डाल दिया। यह बाद में आतंकवाद के कारण और भी बदतर हो गया।

#### नियमित सिलेबस में शामिल नहीं होते मॉड्यूल

एनसीईआरटी के स्पेशल मॉड्यूल कोर्स का हिस्सा नहीं होते, ये सप्लीमेंट्री मटेरियल होता है जो कोई खास टॉपिक बच्चों को समझाने के लिए तैयार किया जाता है। इसे पोस्टर्स, चर्चाओं और वाद-विवाद के द्वारा बच्चों को पढ़ाया जाता है। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर को भी स्पेशल मॉड्यूल में जोड़ा गया था।

#### पीएम मोदी के भाषण का हिस्सा भी शामिल

स्पेशल मॉड्यूल की प्रस्तावना में पीएम नरेंद्र मोदी के शब्दों को भी शामिल किया गया है। मोदी ने कहा था कि बंटवारे के दर्द को कभी भुलाया नहीं जा सकता। हमारी लाखों बहनें और भाई विस्थापित हो गए और लोगों की नासमझी और नफरती हिंसा के कारण कई जानें गईं। संघर्षों और बलिदान की याद में हमारे लोग 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के रूप में मनाएंगे।

## आज फाइनल होगा एनडीए का उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

भाजपा की तरफ से थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति पद के लिए एनडीए कैंडिडेट के नाम पर 17 अगस्त को मुहर लगेगी। सूत्रों ने बताया कि भाजपा संसदीय बोर्ड की बैठक रविवार शाम 6 बजे होगी, इसमें उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार का नाम फाइनल किया जा सकता है। यह कैंडिडेट 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेगा। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे।

भाजपा इस पद के लिए अपनी विचारधारा के प्रति समर्पित कार्यकर्ता को उम्मीदवार बना सकती है। फिलहाल जिन नामों पर पार्टी में विचार चल रहा है, उनमें कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत सबसे प्रबल दावेदार माने जा रहे हैं। दूसरा नाम सिक्किम के राज्यपाल ओम माथुर का भी है। उधर विपक्षी गठबंधन के नेता भी उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार पर चर्चा के लिए 18 अगस्त को बैठक कर सकते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडग़े इंडिया ब्लॉक लीडर्स के साथ बातचीत कर रहे हैं।

#### 9 सितंबर को होगी वोटिंग

उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन मतगणना भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

## इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की याचिका खारिज, रामदेव का तंज...योग-आयुर्वेद को बदनाम करने वालों की बोलती बंद

नई दिल्ली। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से एलोपैथी को निशाना बनाने वाली दाखिल याचिका और भ्रामक विज्ञापन के मामले में रामदेव और पतंजलि को शीर्ष अदालत से राहत मिली है। अदालत के फैसले पर रामदेव ने कहा कि हम लोगों ने योग और आयुर्वेद की डोर बहुत ऊंची उड़ा रखी थी। कुछ लोग इस डोर को कटाना चाहते थे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने वह केस ही कट कर दिया।

बाबा रामदेव ने कहा, हमारे ऋषियों की बहुत बड़ी विरासत है। हम लोगों ने योग-आयुर्वेद की डोर बहुत ऊंची उड़ा रखी थी। इसकी डोर खुद भगवान के हाथ में है। कुछ लोग इसकी डोर को काटने में लगे थे। सुप्रीम कोर्ट ने खुद उस केस को ही कट दिया। उन्होंने कहा कि पांच साल के बाद आज हमें खुलकर बोलने का मौका मिला है।

## चिराग के बयान से फिर टेंशन में एनडीए, केंद्र में सहयोगी...लेकिन बिहार सरकार में नहीं

पटना । लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) नेता और केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान ने विधानसभा चुनाव से पहले बड़ी बात कह दी है। उन्होंने कहा है कि वे केंद्र में सहयोगी हैं लेकिन बिहार राज्य में वे सहयोगी नहीं है। इसके बाद राज्य की बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर अगर उनकी चिंताएं हैं तब सवाल उठाएंगे। बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले चिराग पासवान ने कहा है कि वे एनडीए में नमक की तरह हैं।



चिराग ने कहा कि 2020 में, मैं गठबंधन का हिस्सा नहीं था, क्योंकि मुझे इसमें जगह नहीं दी गई थी। वह भी तब जब मेरे पिता अस्वस्थ थे। गठबंधन को भरोसा नहीं था कि मैं अपने पिता की तरह पार्टी का नेतृत्व कर पाऊंगा। धीरे-धीरे मुझे दरकिनार किया गया। सीट बंटवारे के दौरान, मुझे सबसे कम सीटें दी गईं। अब, 2025 में, गठबंधन ने मुझ पर भरोसा जाहिर किया है। हमारी पार्टी ने कई उतार-चढ़ावों के बावजूद लोकसभा चुनावों में 100 प्रतिशत परिणाम दिया। आज, मैं इस मंच पर बैठा हूं और सरकार से जुड़े मुद्दों पर अपने विचार और सुझाव दे रहा हूं। एक जिम्मेदार सहयोगी के तौर पर, मुद्दों को उजागर करना मेरी खुद की जिम्मेदारी है। हालांकि, मैं केंद्र की तरह राज्य में सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा नहीं हूं। राज्य की नीतियों को आकार देने में मेरी कोई भूमिका नहीं है, इसलिए अपनी चिंताओं को बताने का यहीं एकमात्र तरीका है। मैं विद्रोह नहीं कर रहा, ये वास्तविक मुद्दे हैं। मुझे उस मुख्यमंत्री पर विश्वास है जिसने कभी बिहार को जंगल राज से बाहर निकाला था, और मुझे अब भी विश्वास है कि केवल वहीं इस फिर से कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बिहार ने प्रगति की है, और मैं इसका श्रेय मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को देता हूं। लेकिन अभी बहुत कुछ होना बाकी है। मैंने बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट रोडमैप पर दिन-रात काम किया है। इसमें मूल समस्याओं के समाधान शामिल हैं, जैसे नदियों को जोड़ना, शिक्षा केंद्र स्थापित करना और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देना शामिल है। चिराग ने कहा, मैं गठबंधन में नमक की भूमिका निभाऊंगा—बिना नमक के किसी भी व्यंजन में स्वाद नहीं आता।

## ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ चार्जशीट

नई दिल्ली। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार हरियाणा के हिसार की यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी गई है। एसआईटी ने स्पेशल कोर्ट में ज्योति मल्होत्रा कि खिलाफ यह चार्जशीट दाखिल की है। 2500 पन्नों की चार्जशीट में एसआईटी ने ज्योति मल्होत्रा पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं। ये चार्जशीट 14 अगस्त को एसआईटी ने दी है। ज्योति मल्होत्रा अभी जेल में बंद हैं। बीते दिनों हाई कोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी। पुलिस का दावा है कि 3 महीने की कड़ी मेहनत और कई सबूत जुटाकर यह रिपोर्ट तैयार की है।

सुप्रीम कोर्ट में केंद्र का लिखित जबाव.....

## इस तरह की समयसीमा तय करने से संवैधानिक संकट पैदा होगा

नई दिल्ली। राष्ट्रपति और राज्यपाल के विधेयकों पर फैसला लेने के लिए समय सीमा तय करने को लेकर केंद्र ने सुप्रीम आदेश पर आपत्ति जाहिर की है। इसी साल अप्रैल में दो जजों की बेंच ने कहा था कि राज्यपालों और राष्ट्रपति को विधेयकों पर एक तय समयसीमा के अंदर ही फैसला लेना चाहिए। दो जजों की बेंच ने कहा था कि किसी बिल पर फैसला लेने के लिए राष्ट्रपति को तीन माह और राज्यपालों को एक माह से ज्यादा का समय नहीं मिलना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता हैं, तब कोर्ट दखल दे सकता है। वहीं मामले पर केंद्र का कहना है कि अगर इस तरह से सुप्रीम कोर्ट दखल देता है, तब संवैधानिक अराजकता पैदा होगी।

केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में लिखित में जबाव देकर कहा है कि इस तरह की समयसीमा तय करने से संवैधानिक संकट पैदा होगा।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट में जवाब देकर कहा कि आर्टिकल 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट को जो विशेष शक्तियां दी गई हैं, उसमें संविधान में संशोधन या फिर कानून निर्माताओं को हराने की मंशा से कदम उठाने का अधिकार नहीं मिला है। सॉलिसिटर जनरल मेहता ने कहा कि इस तरह से राज्यपाल जैसे पद की गरिमा को कम नहीं कर सकते है।

उन्होंने कहा कि राज्यपाल या फिर राष्ट्रपति का पद लोकतांत्रिक व्यवस्था के शीर्ष पद पर हैं। अगर किसी तरह की परेशानी होती है, तब इस मामले को राजनीतिक और संवैधानिक तरीके से हैंडल किया जाएगा। इसमें न्यायपालिका का हस्तक्षेप उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि आर्टिकल 200 के तहत राज्यपाल के पास अधिकार है कि वे विधेयकों को मंजूरी दे सकते हैं या फिर राष्ट्रपति के पास भेज सकते हैं।

तमिलनाडु को लेकर सुनवाई करने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 08 अप्रैल को फैसला देकर कहा था कि राज्यपाल और राष्ट्रपति को भी बिल को मंजूरी देने को लेकर समयसीमा का पालन करना चाहिए। इसके बाद राष्ट्रपति कि ओर से प्रेसिडेंशियल रेफेरेंस भेजा गया जिसपर 12 अगस्त तक सभी पक्षों को लिखित जवाब देना था।

# जिले में हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ

## प्रभारी मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह ने किया ध्वजारोहण





बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। आज 15 अगस्त 2025 को स्वतंत्रता दिवस की 78 वीं वर्षगांठ बालाघाट जिले में हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनायी गई। जिला मुख्यालय बालाघाट में मुख्य समारोह पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित किया गया। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री तथा जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने ध्वजारोहण किया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल, जिला पुलिस बल, एसएफ-36वीं बटालियन के जवानों, एनसीसी के कैडेट्स एवं स्काउट गाइड द्वारा शानदार मार्चपास्ट किया गया और तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर शांति के प्रतीक गुब्बारे छोड़े गये और हर्ष फायर किये गये। पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित कार्यक्रम में विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, मध्यप्रदेश पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग की सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े, पूर्व मंत्री रामकिशोर कावरे, गौरीशंकर बिसेन, नगर पालिका बालाघाट की अध्यक्ष श्रीमती भारती सुरजीत ठाकुर, उपाध्यक्ष योगेश बिसेन, नगर पालिका के पार्षद, बालाघाट जोन के पुलिस महानिरीक्षक श्री संजय कुमार, उप महानिरीक्षक मुकेश श्रीवास्तव, कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, अन्य विभागो के अधिकारी, गणमान्य नागरिक, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजन, लोकतंत्र सेनानी, शासकीय अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्रायें उपस्थित थी। मुख्य समरोह में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री उदय प्रताप सिंह ने सबसे पहले तिरंगा झंडा फहराया और उसके बाद परेड का निरीक्षण किया। परेड कमांडर कमलेश परस्ते के नेतृत्व में सीआरपीएफ, 36 वीं वाहिनी, जिला पुलिस बल, एनसीसी, स्काउट गाईड, राष्ट्रीय सेवा योजना के छात्रों एवं शौर्यादल के सदस्यों ने शानदार मार्चपास्ट कर तिरंगे झंडे को सलामी दी और हर्ष फायर किये गए। इसके पश्चात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भोपाल में दिये गए संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। इसके लिए ग्राउंड में अलग-अलग स्थानों पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगायी गई थी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सम्बोधन के पश्चात प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह ने शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों में बालाघाट जिले की उपलब्धियों तथा स्वतंत्रता दिवस के बधाई संदेश का वाचन किया। इसके पश्चात लोकतंत्र सेनानियों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एमएलबी, सांदीपनी स्कूल एवं उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट के छात्र छात्राओं द्वारा देश भक्ति और देशप्रेम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। मुख्य समारोह में विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं पत्रकारिता के माध्यम से जन सेवा करने वाले पत्रकारों को अतिथियों द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में परेड में शानदार मार्च पास्ट के लिए सीनियर वर्ग में 36वीं बटॉलियन को प्रथम, जिला पुलिस बल के जवानों को द्वितीय एवं 123 वी बटालियन सीआरपीएफ के जवानों को तृतीय पुरूस्कार दिया गया। जूनियर वर्ग में एमएलबी की छात्राओं को प्रथम, उत्कृष्ट विद्यालय के एनसीसी छात्रों को द्वितीय एवं सांदीपनी स्कूल बालाघाट के एनसीसी छात्रो को तृतीय पुरुष्कार दिया गया। 15 अगस्त को शासकीय भवनों पर उत्कृष्ट रोशनी करने के लिए आईजी आफिस को प्रथम तथा एसडीएम कार्यालय बालाघाट को द्वितीय, जिला पंचायत कार्यालय को तृतीय तथा कलेक्ट्रेट कार्यालय को चतुर्थ पुरुष्कार दिया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में उत्कृष्ट विद्यालय को प्रथम, सांदीपनी विद्यालय बालाघाट के छात्र छात्राओं को द्वितीय एवं एमएलबी बालाघाट की छात्राओ को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ।

## रामपायली में स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से मनाया गया

रामपायली/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी स्वतंत्रता दिवस राष्ट्रीय पर्व धूमधाम से नगर एवं क्षेत्र में मनाया गया। इस अवसर पर नगर के समस्त शासकीय अशासकीय विद्यालय एवं संस्थाओं के द्वारा अपने कार्यालय प्रांगण में ध्वज फहराकर सलामी दी गई। इस अवसर पर नगर के समस्त विद्यालय के द्वारा प्रभात फेरी निकाली गई जिसमें



अमर शहीदों के जय घोष लगाए गए। कार्यक्रम में समस्त छात्र.छात्राओं की प्रभात फेरी ग्राम पंचायत कार्यालय के समक्ष पहुंची। लेकिन स्थान अभाव के कारण समारोह नहीं हो पाया और ध्वजा फहराकर अमर शहीदों की जय जयकार के साथ कार्यक्रम का समापन कर दिया गया। ग्राम पंचायत कार्यालय में सरपंच संदीप बाघमारे ने ध्वज फहराकर सलामी दी। इस अवसर पर समस्त नगर के नागरिक गण एवं छात्र.छात्राओं की उपस्थिति सराहनी रही।

## भारतीय हाई स्कूल में हुआ ध्वजारोहण

भारतीय हाईस्कूल में स्वतंत्रता दिवस का महापर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष राजेंद्र सिंह चौहान के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। छात्र छात्राओं द्वारा प्रभात फेरी निकाल कर नगर भ्रमण किया गया। तत्पश्चात् विद्यालय में छात्र छात्राओं के द्वारा गीत भाषण प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में ग्राम के प्रतिष्ठित नागरिक एवं समाज सेवी डॉ. दिनेश ओचानी,नरेन्द्र सिंह चौहान,रजनीश नकाशे, केवल शिवहरे,पूर्व प्राचार्य चैनसिंह बैंस, विद्यालय प्राचार्य टी सी बिसेन, डी एल डहाके उपस्थित रहे।

## १०१ वर्षीय माताजी केसर बाई शिवहरे ने किया ध्वजारोहण

स्वर्गीय मदनलाल अग्रवाल की स्मृति में नगर की शिक्षण संस्था मदनलाल मेमोरियल विद्यालय में स्वतंत्रता दिवस के इस महापर्व को धूमधाम से मना कर ध्वजारोहण केवल शिवहरे की माता श्रीमती केसरबाई शिवहरे १०१ वर्षीय ने विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया। जहां ध्वज फहराकर सलामी देकर राष्ट्रगान हुआ और श्रीमती केसरबाई शिवहरे का आशीर्वाद समस्त जनों ने लिया। इस अवसर पर लेकर श्रीमती केसरबाई शिवहरे ने अपने भाषण में अंग्रेजों के शासनकाल से लेकर अब तक के समय परिवर्तन और राष्ट्र प्रेम के विषय को विस्तार से सुनाया। जिस पर उनके अनुभव को सुनकर उपस्थित जन देश प्रेम की भावना से ओत.प्रोत हो गए। संस्था के संचालक पुरुषोत्तम अग्रवाल ने इस वर्ष अपने विद्यालय में १०१ वर्षीय माता श्रीमती केसरबाई शिवहरे से ध्वजारोहण करने की इच्छा को संपूर्ण विद्यालय के समक्ष आयोजित बैठक में रखा और यह बैठक में सर्वसम्मति से पारित होकर १५ अगस्त को श्रीमती शिवहरे के द्वारा ध्वजारोहण से हर्षोल्लास से मनाया गया।

## मानसिक तनाव में कृषक ने खाया कीटनाशक

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लामता थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम कटेगांव में इसी गांव के एक कृषक दिनेश पिता रामचरण भोरगढ़े 55 वर्ष में घरेलू मानसिक तनाव के चलते कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिये। इस कृषक को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनेश भोरगढ़े अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 16 अगस्त को सुबह दिनेश भोरगढ़े अपने घर की भैंस चराने के लिए ले गये थे। 9ः30 बजे दिनेश भोरगढ़े भैंस चरा कर अपने घर लौटे और घर में खाना खाकर बैठे थे। त्यौहार होने से उनकी बड़ी बेटी भी घर में आई हुई थी। इस समय दिनेश भोरगढ़े में किसी घरेलू मानसिक तनाव में आकर घर में रखी लौंडी मार कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। कीटनाशक दवाई का सेवन करने के बाद दिनेश भोरगढ़े की अचानक तबियत बिगड़ने लगी और उसे उल्टी होने लगी थी। तभी दिनेश भोरगढ़े को उसके भतीजे शत्रुघ्न भोरगढ़े ने प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया है।

## आजादी के इतिहास में रानी अवंतीबाई का अहम योगदान-मोतीराम नगपुरे

### वीरांगना रानी अवंतीबाई की लोधी महासभा ने मनाई जयंती

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में अखिल भारतीय लोधी महासभा के तत्वाधान में १६ अगस्त को वीरांगना रानी अवंतीबाई की जयंती मनाई गई। यह कार्यक्रम लोधी महासभा के वरिष्ठ पदाधिकारियों की उपस्थिति में आयोजित किया गया। जिसमें सर्वप्रथम आजादी की प्रथम महिला स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रानी अवंती बाई लोधी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात भगवे ध्वज का ध्वजारोहण लोधी महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष मोतीराम नागपुरे के हस्ते किया गया। जिसके बाद समाज से जुड़े सभी लोगों ने वीरांगना रानी अवंतीबाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी वीर गाथा को याद किया और उनके बताये गये मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हुए कहा कि वीरांगना रानी अवंतीबाई की जयंती पर्व मना रहे है। आजादी के इतिहास में रानी अवंतीबाई का अहम योगदान है जिसे लोधी समाज ही नही अपितु अन्य समाज भी कभी भुला नही सकता और इन्होने अंग्रेजों के खिलाफ जो लड़ाई लड़ी थी वो निर्णायक लड़ाई थी। अपने पति के देहांत के बाद राजकाज की सम्पूर्ण जिम्मेदारी संभालते हुये अंग्रेजों के खिलाफ उन्हे खदेडने के लिये आंदोलन चलाया था। उन्होने घुघरी, बिछिया को जहां अंग्रेजों के चंगुल से मुक्त कराया। वहीं जबलपुर को भी मुक्त कराने के लिये उन्होने भरसक प्रयास किया। ऐसी वीरांगना रानी अवंतीबाई सभी समाज के लिये प्रेरणा स्त्रोत है। इनका जन्म ग्राम सिवनी के मनखेड़ी ग्राम में जुझार सिंह के यहां हुआ था। उन्हे बचपन से ही लाठी व घुड़सवारी करने का शौक था। उन्होने अंग्रेजों से लड़ाई में जो अपना अहम योगदान दिया है उससे लोधी समाज ही नही अन्य समाज भी अपने आपको गौरान्वित महसूस करता है। इस दौरान लोधी महासभा के ब्लॉक अध्यक्ष मोतीराम नगपुरे के बड़े भाई स्व. नारायण नगपुरे की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हे श्रध्दांजलि दी गई। इस अवसर पर लोधी महासभा वारासिवनी के ब्लॉक अध्यक्ष मोतीराम नगपुरे, मानिक नगपुरे ,संदीप मिश्रा ,अजित नगपुरे ,विनोद नगपुरे ,राजकुमार लिल्हारे ,राजकुमार पिछोड़े ,मनोज लिल्हारे ,आई डी रनगिरे ,रतनलाल बिरनवार, एवन कंसरे ,पुष्पराज लिल्हारे ,कैलाश मंदरेले, दिनेश नगपुरे ,बिजू बघेले ,थानेन्द नगपुरे सहित बड़ी संख्या में लोधी समाज के पदाधिकारी सदस्य व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## मॉयल नगरी तिरोड़ी में धूमधाम से मना स्वतंत्रता दिवस

### खान प्रबंधक ने किया ध्वजारोहण

कटंगी/तिरोड़ी(पद्मेश न्यूज)। मॉयल नगरी तिरोड़ी में राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मॉयल लिमिटेड तिरोड़ी खान प्रांगण में कार्यक्रम के अध्यक्ष एवं खान प्रबंधक मनीष ढ़ोके ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण उपरांत मायल तिरोड़ी खान के प्रबंधक कार्मिक अभिनंदन कुमार एवं खान प्रबंधक मनीष ढ़ोके ने देशभक्ति से ओत-प्रोत उद्बोधन दिया। तत्पश्चात् अधिकारियों ने तिरोड़ी खान में आयोजित स्वस्थ बच्चे, स्वच्छ घर, स्वच्छ कॉलोनी प्रतियोगिताओं के विजेता-उपविजेता, प्रतिभावान छात्र-छत्राओं को पारितोषिक वितरण कर सम्मानित किया। इस सम्मान में उपस्थित सभी कर्मचारियों अधिकारियों को उसके उपरांत वृक्षारोपण के लिए आमंत्रित किया गया एवं मॉयल के विभिन्न क्षेत्रों में वृक्षारोपण का कार्य संपादित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रदीप उके समय कार्यालय अधीक्षक द्वारा किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से गजानन देवतले सहामहाप्रबंधक (विद्युत), प्रीतेश नागदेवे मुख्य प्रबंधक (वित्त), शकील अहमद मुख्य प्रबंधक (खान), विलास सोनटट्के वरिष्ठ प्रबंधक (यांत्रिकी), राजेश मानके प्रबंधक (सर्वे), महेंद्र गौड़िया जु. प्रबंधक (खान), रवि ठाकुर,जु.प्रबंधक (खान), मंगेश ढ़ोले, जु. प्रबंधक (खान), मनीष सूर्यवंशी, रामकृपाल खुरसेल युनियन प्रतिनिधि, प्रीतम सिंह वारदे, चुन्नीलाल कुलदीप उप सरपंच तिरोड़ी एवं अन्य विभिन्न एसोसिएट्स/ ठेकेदार की उपस्थिति रही साथ ही कर्मचारियों में खान कार्यालय अधीक्षक विजय बाविसताले, राजू केरकेटा, दिनेश कनौजे, समीर शुक्ला चंदन वट्टी, संभव कटरे, रमेश देवांगन, श्रीमती देवकी देवांगन लिपिक वित्त विभाग, जगदीश मेडावी उप सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा सुरक्षा टीम का नेतृत्व किया गया, साथ ही यूनियन से विभिन्न पदाधिकारियों के साथ-साथ ग्राम के गणमान्य नागरिक भी बहुतायत मैं स्वतंत्रता दिवस के ध्वजारोहण कार्यक्रम में अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज कराई और अंत में प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।



## आम सूचना

मैं अपने पक्षकार म.प्र.ग्रामीण बैंक शाखा खैरलांजी की ओर से अधिकृत होकर और उनके निर्देशानुसार आप आम जनता को सूचित करता हूं कि मेरे पक्षकार बैंक से श्री लीलाधर पिता श्री कुलपत किरनापुरे जाति मरार निवासी ग्राम चिचोली तहः खैरलांजी जिला बालाघाट मध्य प्रदेश के द्वारा राशि ५००००० पांच लाख रूपये का ऋण प्राप्त किया जा रहा है। जिसका ऋण खाता क्रमांक १३१३७५११०००००५ है और लिये जा रहे ऋण में अपने एकमेव स्वामित्व व आधिपत्य की मौजा ग्राम चिचोली प.ह.नं. ३४, रा.नि.मं.व तहः खैरलांजी जिला बालाघाट में स्थित खसरा नं.२११/१७ रकबा ०.०२० हे.परिवर्तित भूमि व इस पर स्थित मकान जिसकी चतुर्सीमा पूर्व में शिवलाल की भूमि, पश्चिम में हितेश्वर की जमीन, उत्तर में सी सी रोड व दक्षिण में लीलाधर की जमीन स्थित है। को मेरी पक्षकार बैंक में साधारण बंधक द्वारा बंधक किया जा रहा है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था या कार्यालय को आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति सात दिनो के अंदर प्रस्तुत करें अन्यथा बाद में प्रस्तुत आपत्ति अमान्य होगी।

वास्ते आम सूचना प्रेषित है।

दिनांक-१६/०८/२०२५

**मुकेश अग्रवाल**
**अधिवक्ता वारासिवनी**

## पूर्व सैनिक कल्याण संघ ने अंबेडकर चौक में किया ध्वजारोहण ,नगर में निकाली तिरंगा रैली

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का पर्व पूरे धूमधाम के साथ देश सहित जिले में भी मनाया गया , इसी क्रम में भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ द्वारा भी स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाते हुए स्थानीय अंबेडकर चौक में ध्वजारोहण किया गया और एक पेड़ मां के नाम की थीम पर वृक्षारोपण किया गया। आपको बता दे की 15 अगस्त



को स्वतंत्रता दिवस पर पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस पर सभी शासकीय , अशासकीय संस्थाओं द्वारा अपने-अपने स्तर पर ध्वजारोहण करते हुए स्वतंत्रता दिवस के इस पर्व को पूरे देशभक्ति और जोश के साथ मनाया गया। इसी क्रम में पूर्व सैनिक कल्याण संघ बालाघाट और नगर के रेलवे स्टेशन में स्वतंत्रता दिवस पर्व पर प्रातः ध्वजारोहण कर झंडा फहराया गया। पूर्व सैनिक कल्याण संघ के जिला अध्यक्ष संजीव धुवारे द्वारा बताया कि सभी पूर्व सैनिकों द्वारा स्थानीय अंबेडकर चौक में जमा होकर ध्वजारोहण किया गया। उसके पश्चात नगर में तिरंगा रैली निकाली गई ,जो शहर के प्रमुख मार्ग का भ्रमण करते हुए पुनः अंबेडकर चौक पहुंची। बाद में सभी पूर्व सैनिक भाइयों द्वारा एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण किया गया और इस स्वतंत्रता दिवस के पर्व को मनाया गया। रेलवे स्टेशन में भी रेलवे अधिकारी, कर्मचारियों द्वारा 15 अगस्त मनाते हुए प्रातः ध्वजारोहण किया गया और स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया गया।

**स्थान परिवर्तन**

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोनः- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की

## घर-घर हुई भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापित, जय कन्हैया लाल के चहुंओर गूंजे जयकारें, जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा नंदलाल का जन्मोत्सव, कृष्ण जन्माष्टमी पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन , आज गोविंदा तोड़ेंगे मटकी, विधि विधान के साथ पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं का किया जाएगा विसर्जन

बालाघाट ( पद्मेश न्यूज )। जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसिलो व ग्रामीण अंचलों में शनिवार को हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा धूमधाम के साथ नंदलाला का जन्मोत्सव मनाया गया। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों सहित घर-घर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। कृष्ण जन्माष्टमी को लेकर नगर बाजार पूरी तरह से गुलजार रहा ।जहां कृष्ण जन्मोत्सव पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विधि-विधान के साथ नंदलाल की विशेष पूजा अर्चना की गई प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर मुख्यालय सहित पूरे जिले का माहौल भक्तिमय नजर आया ।आपको बताए कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि और रोहिणी नक्षत्र में हुआ था। इस वर्ष कृष्ण जन्माष्टमी पर शनिवार को भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा भक्तों द्वारा घर-घर में विराजित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर भगवान श्रीकृष्ण को माखन मिश्री व लाई चना का भोग लगाया गया वही आरती कर उपस्थितजनों को प्रसाद का वितरण किया गया। वही आज रविवार को गोपाल मंडलियों व युवाओ की टोलियो द्वारा जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा ।वही प्रतिमाओं का विसर्जन कर कृष्ण जन्माष्टमी का समापन किया जाएगा।





### बाजार रहे गुलजार

कृष्णा जन्माष्टमी पर्व को लेकर बाजारों में दिन भर लोगों की चहल-पहल लगी रही। बाजारों में पूजन सामग्री, भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा, पोस्टर, मोर पंख, लाई चना व फलों की दुकानें जगह-जगह सजी रही। शहर सहित ग्रामीण अंचलों में स्थित मूर्तिकारों द्वारा भी भगवान श्रीकृष्ण, राधा रूकमणी की एक से बढ़कर एक अलग-अलग डिजाइन की मनमोहक प्रतिमा बनाकर विक्रय करने तैयार की गई थी। बाजारों व प्रमुख चौक चौराहों में श्री कृष्ण की प्रतिमा विक्रय के लिये रखी गई थी ।सुबह से ही मूर्तिकारों के घर भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा खरीदी करने लोगों की आवा-जाही प्रारंभ हो गई जो देर शाम तक चलते रही। जहा भक्तो ने एक से बढ़कर एक मनमोहन व आकर्षक प्रतिमाए खरीदकर, घरोन घर प्रतिमाओं की स्थापना की ।वही देर शाम से ही जगह जगह पूजा अर्चना का दौर शुरू हो गया ।जो रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव के बाद तक चलता रहा।

### पुराने श्रीराम मंदिर में हुए विविध कार्यक्रम

शहर के पुराने श्रीराम मंदिर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राममंदिर ट्रस्ट के गीत गोविन्द गायन व नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कलाकारों ने एक से बढकर् एक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोहा। अभिषेक पूजन व रात्रि में भजन मंडली द्वारा भजन कीर्तन किया गया। रात्रि 12 बजे धूमधाम से भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया गया।

### कृष्ण मंदिर में 1921से चली आ रही परम्परा के अनुसार मनाया गया जन्मोत्सव

वही कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 16 स्थित जिले के एकमात्र कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।जहां वर्ष 1921 से चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन संपन्न कराए गए ।जहा भगवान श्री कृष्ण की आरती, पंचामृत से अभिषेक, बड़े भगवान, छोटे भगवान और लड्डू गोपाल का श्रृंगार, वैदिक मंत्रोच्चारण, गोपाल सहस्त्रनाम, भगवान गणेश जी का अर्थ अभिषेक, किया गया तो वही रात्रि 8.30 बजे तक भक्तों के लिए भगवान के दर्शन,जिसके तुरंत बाद पुनः भगवान का श्रृंगार,वही रात्रि में भजन मंडली द्वारा सुंदर पाठ का आयोजन किया गया, जिसके तुरंत बाद रात्रि 10 बजे से 12 बजे तक भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा, श्री कृष्ण भजनो की संगीतमय प्रस्तुति दी गई तो वही रात्रि 12बजे महा आरती के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया, भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम के बाद मंदिर के सामने बंधी मटकी को जय जवान जय किसान टोली द्वारा तोड़ा गया।

### गोंविदा की टीम, आज जगह-जगह फोड़ेगी मटकी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर मुख्यालय में जगह-जगह मटकी फोड़ का आयोजन किया गया है। जय-जवान जय किसान समिति के गोंविदाओ की टीम रविवार 17 अगस्त की दोपहर करीब 1 बजे शहर में मटकी फोडने् डीजे की धुनों के साथ निकलेगी। शहर के प्रमुख चौक-चौराहों पर विभिन्न समितियों द्वारा बांधी गई दही हांडी को गोंविदा आला रे कहकर कन्हैयाओं द्वारा मटकी तोड़ी जाएगी ।वही गोविंदाओं द्वारा दही हांडी को फोड़ माखन लूटा जाएगा ।जिसको को लेकर व्यापक तैयारियां कर ली गई है।

# कलार समाज ने मनाया आजादी का जश्न

## एक शाम वीर शहीदों के नाम कार्यक्रम में गुंजे देश भक्ति के तराने

बालाघाट(पद्मेश न्यूज) । आजादी का जश्न 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी जिला सर्ववर्गीय कलार समाज के द्वारा धूमधाम से हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्थानीय मोतीनगर सहस्त्रबाहु चौक में स्थित भगवान सहस्त्रबाहु प्रतिमा पर माल्यार्पण कर ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मोतीनगर निवासी श्रीमती निर्मला नंदकिशोर पिपलेवार द्वारा तिरंगा झंडा फहराया गया। तत्पश्चात राष्ट्रगान जन गण मन गाकर भारतमाता की जयघोष के साथ राष्ट्रीयध्वज तिरंगा को सलामी दी गई व स्वल्पाहार वितरण किया गया। वहीं शाम करीब 7 बजे से मोतीनगर चौक पर एक शाम वीर शहीदों के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आर्केस्ट्रा के कलाकार प्रशांत डहरवाल, बाल कलाकार अक्षत पिपलेवार एवं टीम द्वारा देशभक्ति के तराने प्रस्तुत किये गये। इस अवसर पर जिला सर्ववर्गीय कलार समाज अध्यक्ष राधेलाल दवने, महिला जिला अध्यक्ष श्रीमती सरिता केवल सोनेकर, युवा संगठन जिलाध्यक्ष अभिषेक जायसवाल, पूर्व जिलाध्यक्ष अमृतलाल धुवारे, यशवंत पिपलेवार, पूर्व नपाध्यक्ष अनिल धुवारे, क्षत्रिय मराठा कलार समाज अध्यक्ष संजीव बाबा धुवारे, पूर्व जिलाध्यक्ष नोहर डोहरे, डहरवाल कलार समाज अध्यक्ष राजेन्द्र साकरे, सूरज दौने, चंद्रकांत पिपलेवार, संतोष जायसवाल, कमलेश पिपलेवार, दुर्गश बिजेवार, मंगलेश धुवारे, कमलेश बिजेवार, सोहन दौने, महेश डोहरे, नीलू पिपलेवार, केवल सोनेकर, आशीष गढ़पांडे, पूर्व पार्षद श्रीमती अलका रामटेककर, चंचल चंद्रकांत पिपलेवार, धनजंय देशमुख, हर्षित पिपलेवार, महेश गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।




# धार्मिक भावना आहत करने के आरोप में भरवेली सरपंच पति के खिलाफ सौंपा गया ज्ञापन

## अंजुमन इस्लामिया कमेटी ने पुलिस मे कार्यवाही नहीं होने पर चक्का जाम किए जाने की दी चेतावनी

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। अंजुमन इस्लामिया कमेटी भरवेली के कुछ पदाधिकारी सहित कुछ ग्रामीणों द्वारा भरवेली थाने में, भरवेली सरपंच पति अनिल बिसेन के खिलाफ स्वतंत्रता दिवस के कार्यक्रम में धार्मिक भावना आहत करने को लेकर दिए गए बयान पर कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया गया था। जब 15 अगस्त की रात्रि में भरवेली पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की तो उसके बाद सभी ने 16 अगस्त को जिला मुख्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को भरवेली सरपंच पति के खिलाफ न्याय उचित कार्रवाई करने की मांग को लेकर ज्ञापन दिया है । जल्द कार्रवाई नहीं होने पर भरवेली की सड़कों पर चक्का जाम करने की चेतावनी भी ग्रामीणों ने दी है। आपको बता दे की ग्राम पंचायत भरवेली की अंजुमन इस्लामिया कमेटी और कुछ ग्रामीणों ने 15 अगस्त को भरवेली सरपंच गीता बिसेन के पति अनिल बिसेन पर आरोप लगाया हैं कि अनिल बिसेन द्वारा एक वर्ग विशेष को टारगेट करते हुए धार्मिक भावना को आहत करने वाली बयान बाजी, 15 अगस्त को होने वाले कार्यक्रम के दौरान की है। जिसको लेकर कमेटी के सदस्य सहित कुछ ग्रामीणों ने 15 अगस्त की रात्रि भरवेली थाने में जाकर ज्ञापन भी दिया था । जिस पर भरवेली पुलिस ने 16 अगस्त तक कोई कार्यवाही नहीं की तो, कमेटी सहित भरवेली के कुछ ग्रामीणों ने जिला मुख्यालय पहुंचकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन दिया और बताया कि सरपंच पति अनिल बिसेन द्वारा एक वर्ग विशेष को टारगेट करते हुए बयान बाजी की गई है। जिससे उनकी धार्मिक भावना आहत हुई है । वह चाहते हैं कि इस पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए । कमेटी के पदाधिकारी इमरान खान और मोबीन खान द्वारा बताया गया कि अनिल बिसेन द्वारा 15 अगस्त के दिन जो विवादित बयान मंच के माध्यम से दिया गया है । वह गलत है, जबकि अनिल बिसेन द्वारा ग्राम पंचायत की कुछ दुकानों को बाबरी मस्जिद का ढांचा बताया है और गलत तरीके से बयान बाजी की गई है। इससे उनकी धार्मिक भावना आहत हुई है। 15 अगस्त के दिन इस प्रकार का बयान देना कहीं ना कहीं उनकी सामाजिक, धार्मिक भावना को आहत करता है । जबकि भरवेली में सभी समाज के लोग , शांतिपूर्वक ढंग से वहां रह रहे हैं । इस प्रकार से सरपंच पति की बयान बाजी से कहीं ना कहीं ग्रामीणों में गलत संदेश जाएगा। वह चाहते हैं कि सरपंच पति पर पुलिस कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। यदि जल्द पुलिस द्वारा अनिल बिसेन पर कार्रवाई नहीं की जाती तो वह भरवेली की सड़कों पर उतरकर चक्का जाम करेंगे। इस पूरे विषय पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ने जल्द ही मामले में संज्ञान लेने की बात मीडिया से कही है ।



# वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी की हर्षोल्लास के साथ मनाई गई जन्म जयंती

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 16 अगस्त को महान वीरांगना एवं नारी शक्ति की पर्याय रानी अवंतीबाई लोधी की जन्म जयंती लोधी समाज सहित अन्य सामाजिक बंधुओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ स्थानीय अवंतीबाई चौक में मनाई गयी। यहां दोपहर 12:00 बजे सामाजिक बंधुओं द्वारा बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के साथ अवंतीबाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए और उनके बलिदान की गाथा को याद करते हुए उनके दिखाए गए मार्ग पर चलने की बात कही गई। आपको बता दे की 1857 की क्रांति में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को मध्यप्रदेश के सिवनी जिले के मनकेहड़ी गाँव में हुआ था । जिनका आज भी 16 अगस्त को सामाजिक बंधुओं के द्वारा उनकी जन्म जयंती को पूरे हर्ष उल्लास के साथ मनाईं जाती है । इसी क्रम में 16 अगस्त शनिवार को लोधी समाज और अन्य सामाजिक बंधुओं द्वारा दोपहर 12ः00 बजे शहर के स्थानीय अवंतीबाई चौक में जमा होकर बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे के साथ रानी अवंती बाई लोधी की जन्म जयंती को हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। साथ ही उनके बलिदान को याद करते हुए सभी ने उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किये। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे द्वारा बताया गया कि रानी अवंती बाई लोधी उनकी प्रेरणा स्रोत है । वह आज भी उनके विचारों और आदर्शों पर चलती हैं । अवंतीबाई ने आजादी की लड़ाई में सन 1857 में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि आज भी हम उन्हें नारी सशक्तिकरण के लिए वीरांगनाओं को याद करते हैं । उनसे उन्हें प्रेरणा मिलती है। बालाघाट विधायक अनुभा मुंजारे ने यह भी बताया कि आज डिंडोरी के रामगढ़ में रानी अवंतीबाई की एक खंडित प्रतिमा है । जिसका अभी तक अनावरण नहीं किया गया है । उसको लेकर भी वह अपने सामाजिक लोगों के साथ जाकर उस प्रतिमा को अनावरण कर नियम अनुसार उनकी प्रतिमा को वहां लगवाने का काम करेगी । यदि उतने में भी नहीं हुआ तो, वह सदन में इस विषय को उठाएंगी । क्योंकि आज कई वर्ष बीत जाने के बाद भी रानी अवंतीबाई लोधी की प्रतिमा का अनावरण नहीं होना , कहीं ना कहीं ठीक नहीं है । इसके लिए भी वह सड़कों पर उतरकर लड़ाई लड़ने का काम करेंगी । जिला अध्यक्ष अशोक लिल्हारे ने बताया कि वह प्रतिवर्ष अवंतीबाई लोधी की जन्म जयंती पर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं और समाज से जो बन सकेगा, रानी अवंती बाई की प्रतिमा के अनावरण के लिए वह कार्य करेंगे ।



# पूर्व सैनिक ने किरनापुर और लांजी विकासखंड के 29 प्रतीभावान छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। भारतीय थल सेना में लगभग 20 वर्षों की सेवा देने वाले पूर्व सैनिक एवं वर्तमान में दक्षिण रेल्वे के अंतर्गत जुनियर इंजीनियर के पद पर कार्यरत जवान सुबेदार तोमेश्वर राहंगडाले देश की सेवा करने के साथ ही अपने सामाजिक दायित्वो का भी बखूबी निर्वहन कर रहे है। 15 अगस्त को वे किरनापुर में आयोजित समारोह में किरनापुर एवं लांजी विकासखंड के कक्षा 10वीं एवं 12वीं में सर्वोच्च अंक लाने वाले छात्र छात्राओ का सम्मान किया गया और उन्हे प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। आपको बता दे की किरनापुर तहसील के ग्राम जराही निवासी तोमेश्वर राहंगडाले ने लगभग 20 वर्ष भारतीय थल सेना में अपनी सेवा दी है। दिसम्बर 2021 को भारतीय सेना द्वारा किये गए मिलीट्री ऑपरेशन में तोमेश्वर राहंगडाले को गोलिया लग गई थी और उनकी रीढ़ की हड्डी टूट गई थी व शरीर भी क्षत-विक्षत जैसी स्थिति में आ गये थे । तोमेश्वर भारतीय सेना से रिटायर होने के बाद उनकी नियुक्ति दक्षिण रेलवे में जुनियर इंजीनियर के पद पर हुई है। तोमेश्वर राहंगडाले ने बताया कि वे मौत के मुंह से अपनी जान बचाने में सफल रहे है और उन्हे एक नया जीवन मिला है। इस कारण से वे सोचते है कि उनका बचा जीवन, जनसेवा के काम आए। इसलिए वह गरीब बच्चो की पढाई, स्वास्थ्य सेवा एवं प्रतिभावान बच्चो को प्रोत्साहन देने के लिए अपने वेतन से राशि खर्च करते है। उनके द्वारा गत वर्ष भी किरनापुर एवं लांजी के प्रतिभावान बच्चो को पुरुष्कृत किया गया था। इस वर्ष भी पूर्व सैनिक तोमेश्वर राहंगडाले द्वारा 15 अगस्त को किरनापुर में 10वीं बोर्ड में सर्वोच्च अंक लाने वाली लांजी की आयुषी पिता रविंद्र कुमार सोनेवाने, बहेला की युक्ता पर्दे पिता ज्ञानीराम, किरनापुर की लियाना मर्सकोले पिता राजेंद्र कुमार मर्सकोले एवं बोलेगांव की पूर्णिमा कस्बे पिता अशोक कस्बे कुल 29 छात्र छात्राओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इसी प्रकार 12वीं बोर्ड परीक्षा में सर्वोच्च अंक लाने वाली कुम्हारी कला की साहिल बोरकर पिता अनिल बोरकर, किरनापुर के समीर बोरकर पिता कपिल बोरकर, लांजी की जान्हवी टिकेश्वर पिता इंद्राकुमार टिकेश्वर, हिरीं की पल्लवी कौशल पिता देवेंद्र कौशल, रिसेवाड़ा की गौरी लिल्हारे पिता कपूरचंद लिल्हारे, किरनापुर के संदीप लिल्हारे पिता गोवेर्धन लिल्हारे को सम्मानित किया गया। 12 वी के सर्वोच्य अंक प्राप्त करने वाले छात्र व छात्राओं को उनके द्वारा प्रथम पुरस्कार 11,000 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7,000 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,000 रुपये और इसके अलावा 90 प्रतिशत से ऊपर प्राप्तांक वाले सभी विद्यार्थियों को शील्ड से सम्मानित किया गया।

# रमाई खुला आश्रय गृह में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं प्रबुद्ध विनायति कल्याणकारी संस्था बालाघाट द्वारा संचालित रमाई व खुला आश्रय गृह में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस अवसर पर प्रबुद्ध विनायति कल्याणकारी संस्था के अध्यक्ष शुद्धोधन सहारे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। एवं महापुरुष महात्मा गांधी,डॉ बीआर अम्बेडकर, पंडीत जवाहरलाल नेहरू महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पन कर पूजा की गई। उसके पश्चात रमाई खुला आश्रय गृह के बालको के द्वारा गीत गायन, नाटिका, योगा नृत्य, भाषण, रंगोली प्रतियोगिता एवं घर घर तिरंगा जैसे विविध कार्यक्रम आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रीमति बेला नगपुरे द्वारा आभार व्यक्त किया गया। इस दौरान अतिथि के रूप में मुरकुटे मैडम, यादव मैडम, कानतोड़े मेडम, पटले सर, पारधी सर, बोपचे सर,राहंगडाले सर, सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का सूत्र संचालन श्रीमति सरीता मुनेश्वर के द्वारा किया गया ।कार्यक्रम को सफल बनने के लिए श्रीमती बिन्दु पांचे मैडम,बेला नगपुरे मैडम, रामेश्वरी गौतम मैडम, बीना चचाने मैडम, साक्षी धुर्वे मैडम, श्रीमति सीमा हाड़गे, आदित्य वैध, महेन्द्र चौधरी इत्यादि कर्मचारियों का योगदान रहा।



# स्वतंत्रता दिवस पर जगह-जगह लहराया तिरंगा

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस







**लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )। लालबर्रा नगर मुख्यालय सहित संपूर्ण क्षेत्र में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सभी शासकीय, अशासकीय स्कूलों व संस्थाओं में प्रात: 7.30 बजे ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्ट्रगान का गायन कर आन-बान शान के साथ 79 वां आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रात: से ही देशभक्ति गीतों की धुन सुनाई दी। आजादी के महापर्व के अवसर पर सांदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय, वैदिक कान्वेट हायर सेकेण्डरी स्कूल, शास. एकीकृत जनपद माध्य. स्कूल लालबर्रा सहित नगर मुख्यालय स्थित अन्य शासकीय/अशासकीय स्कूल से बच्चों की रैली देशभक्ति गीतों व नारों के साथ निकाली गई। जो बस स्टैण्ड का भ्रमण करते हुए वापस स्कूल पहुंचे और स्कूलों में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस स्वतंत्रता दिवस के पर्व के अवसर पर बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ स्कूल एवं शासकीय, अशासकीय संस्थाओं में अपनी उपस्थित दर्ज करवाकर आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस मनाकर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दिये। वहीं इस दौरान स्कूली बच्चों में स्वतंत्रता दिवस पर्व को लेकर खासा उत्साह देखा गया।**

### पांढरवानी-लालबर्रा पंचायत में अनीस खान ने किया ध्वजारोहण

नगर मुख्यालय की ग्राम पंचायत पांढरवानी-लालबर्रा के पंचायत भवन में 15 अगस्त को राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: 7.30



बजे सरपंच अनीस खान व वरिष्ठ गणमान्यजनों सहित पंचायतकर्मियों के द्वारा भारता माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र%वलित कर माल्यार्पण किया गया। जिसके पश्चात सरपंच अनीस खान के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात उपस्थितजनों ने ध्वज को सलामी देकर देश के वीर-शहीदों व महापुरूषों को नमन कर राष्ट्रगान का गायन कर तिरंगे झंडे की जय, स्वतंत्रता दिवस अमर रहे, देश के अमर शहीदों सहित अन्य नारे लगाये। ग्राम पंचायत पांढरवानी पंचायत भवन में ध्वजारोहण होने के बाद चांदनी चौक में प्रात: 7.45 बजे उपसरपंच राकेश अग्रवाल के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस अवसर पर सरपंच सहित गणमान्य नागरिक एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### बस स्टेंड गांधी मंच में हुआ ध्वजारोहण

नगर मुख्यालय के शासकीय/अशासकीय संस्थाओं में ध्वजारोहण होने के बाद सांदीपनी उत्कृष्ट उमावि. से छात्र-छात्राओं की रैली देशभक्ति नारे लगाते हुए बस स्टैण्ड पहुंची। इस स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनपद पंचायत के कार्यक्रम के उपरांत जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर, जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता ग्वालवंशी, उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि व विभागीय अधिकारी बस स्टैण्ड गांधी मंच पहुंचे। जहां पर ध्वजारोहण स्थल का पूजन किया गया तत्पश्चात भारतरत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। साथ ही स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के शौर्य स्तंभ का पूजन किया गया। जिसके पश्चात गांधी मंच बस स्टेंड में प्रात: 8.45 बजे जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। जिसके बाद राष्ट्रगान का सामूहिक रूप से गायन कर ध्वज को सलामी दी गई तत्पश्चात म.प्र. गान हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति डुलेन्द्र ठाकरे, झामसिंह नागेश्वर एवं उपस्थित अन्य जनप्रतिनिधियों ने स्वतंत्रता दिवस पर्व कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुभकामनाएं दिये।

### गांधी टेक स्थल में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा के तत्वाधान में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पूर्व गृह मंत्री स्व. नंदकिशोर शर्मा के प्रतिमा स्थल पर अधिवक्ता मनोज शर्मा के द्वारा प्रात: 7.45 बजे



ध्वजारोहण किया गया। इसी तरह मंडी परिसर में कांग्रेस सेवादल स्थल पर प्रात: 8.15 बजे सुनील अवधवाल, पशीने वार्ड में प्रात: 9 बजे नीरज पशीने एवं गांधी टेक में प्रात: 9.15 बजे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी लालबर्रा अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया तत्पश्चात भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय के नारे लगाये गये। जिसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर कांग्रेसीगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### लालबर्रा सांदीपनी स्कूल में संस्था प्रमुख ने किया ध्वजारोहण

नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी उत्कृष्ट उच्च. माध्य. विद्यालय लालबर्रा में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: 7.30 बजे प्रभारी प्राचार्य सनत दुबे के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात स्कूल से बच्चों की रैली निकाली गई जो बस स्टैण्ड का भ्रमण करते हुए स्कूल पहुंची। जिसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम जनप्रतिनिधियों एवं स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने भारत माता, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं ने गीत, भाषण, झांकी व नृत्यों की प्रस्तुती दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि महापुरूषों के बलिदान से हमारा देश स्वतंत्र हुआ है इसलिए हम सभी को उनके बताये मार्ग पर चलकर समाज व देशहित में काम करना चाहिए। साथ ही सभी छात्र-छात्राओं को लक्ष्य बनाकर अ%छी पढ़ाई कर अपने माता-पिता एवं स्कूल का नाम रौशन करने की बात कही। इस अवसर पर छात्र-छात्राएं एवं शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### वैदिक स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

नगर मुख्यालय स्थित वैदिक कान्वेंट हायर सेकेण्डरी स्कूल में 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रात: 7.30 बजे स्कूल के प्राचार्य टीके तुरकर के द्वारा ध्वजारोहरण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। ध्वजारोहरण के बाद स्कूल से झांकियों के साथ बच्चों की रैली निकाली गई और रैली नगर के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करने के बाद रैली स्कूली पहुंची जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आजादी के महापर्व के अवसर पर स्कूल में अध्ययनत छात्र-छात्राओं ने गीत, भाषण, नाटक एवं नृत्यों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दिये जो आकर्षण का केन्द्र रहा।

### तहसील परिसर में अधिवक्ता संघ ने ध्वजारोहण कर मनाया स्वतंत्रता दिवस

नगर मुख्यालय स्थित तहसील कार्यालय परिसर में तहसील अधिवक्ता संघ लालबर्रा के द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम तहसील अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष बाबूलाल सर्राठे सहित अन्य अधिवक्तागणों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने माँ सरस्वती, राष्ट्रपिता महत्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया तत्पश्चात तहसील अधिवक्ता संघ लालबर्रा अध्यक्ष बाबूलाल सर्राठे के द्वारा ध्वज की पूजा अर्चन करने के बाद ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई जिसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

### अस्पताल में खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतु धुर्वे ने किया ध्वजारोहण

नगर मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतु धुर्वे सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ. ऋतु धुर्वे के द्वारा तिरंगे झंडे की पूजा अर्चन करने के बाद ध्वजारोहरण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान का गायन किया गया। जिसके बाद सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी गई। इस अवसर पर स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# घर-घर विराजे लड्डू गोपाल भगवान श्रीकृष्ण......

### दिनभर बाजार में रही भीड़, भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति एवं फोटो की पूजा कर मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हिन्दु धर्मालंबियों के द्वारा 16 अगस्त को शुभ मुहुर्त पर लड्डू गोपाल भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा स्थापना कर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व जन्माष्टमी भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर 26 अगस्त को नगर मुख्यालय बाजार में मूर्तिकारों के द्वारा अनेकों मनमोहक आकृतियों में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्तियों का निर्माण कर बिक्री हेतु लाया गया। जिसमें से क्षेत्रीय नागरिकों ने अपनी पसंदीदा मूर्ति सहित किराना दुकानों से अन्य सामग्रियों की खरीदी की। जिसके कारण दिन भर बाजार में चहल-पहल नजर आई। वहीं जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर श्रध्दालुओं के द्वारा 26 अगस्त को देर शाम शुभ मुहुर्त पर घरों में प्रतिमा स्थापना की गई है। जिसके पश्चात रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव मनाया गया एवं विविध धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। इसी तरह नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत पनबिहरी स्थित शिव मंदिर केसामने सभामंच में यादव समाज के द्वारा शनिवार की शाम में विधि-विधान से पूजा अर्चना कर कृष्ण मुरारी नंदलाला की मूर्ति स्थापना के र भगवान की आराधना की जा रही है। आपकों बता दे कि जन्माष्टमी पर्व को लेकर शनिवार को सुबह से ही बाजार में भीड़ देखने को मिली और इस पर्व को लेकर लोगों में खासा उत्साह नजर आया और मूर्तिकारों के द्वारा बनाई गई



श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमाओं की खरीदी श्रध्दालुओं के द्वारा की गई एवं देरशाम अपने-अपने घरों में शुभ मुहुर्त पर मूर्ति स्थापित कर पूजा अर्चना कर भक्तिभाव एवं धार्मिक आस्थाओं के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर जिस तरह से लोगों के द्वारा खरीदी की गई जिससे यह प्रतीत हो रहा है कि इस पर्व को लेकर लोगों में महंगाई का असर नही दिखा और सभी ने अपनी क्षमतानुसार जमकर खरीदी कर नंदलाला भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव धूमधाम एवं भक्तिभाव के साथ मनाया। वहीं श्रध्दालुओं ने बताया कि 16 अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर कुछ लोग भगवान की मुर्ति व फोटो की पूजा अर्चना कर विधि-विधान से पूजा अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया और इस पर्व पर लाई-चना का विशेष महत्व रहता है।

# कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर यादव समाज ने निकाली सद्भावना, समरसता बाईक रैली

### खिला मुढ़िया देव स्थल लालबर्रा में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का हुआ आयोजन





लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के सांदीपनी स्कूल के समीप स्थित खिला मुठिया देव स्थल में यादव समाज संगठन लालबर्रा के द्वारा 16 अगस्त को सद्भावना, समरसता बाईक रैली एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर प्रात: 11 बजे यादव समाज के स्वजातीय बंधु अमोली स्थित खिला मुठिया देव स्थल में एकत्रित हुए जहां पूजा अर्चना करने के बाद डीजे की धुन पर विशाल सद्भावना, समरसता बाईक रैली निकाली गई। यह बाईक रैली अमोली, रामजीटोला, पांढरवानी, औल्याकन्हार, पनबिहरी, मानपुर एवं लालबर्रा का भ्रमण करते हुए लालबर्रा स्थित खिला मुठिया देव स्थल पहुंची। जिसके बाद मंचीय कार्यक्रम जनपद उपाध्यक्ष किशोर पालीवाल, पांढरवानी सरपंच अनीस खान, भाजपा मंडल लालबर्रा अध्यक्ष प्रसन्न अवधिया, विधायक प्रतिनिधि शैलेष केकती, औल्याकन्हार सरपंच प्रतिनिधि ओपी बिसेन, संजीव अवधिया, यादव समाज के जिलाध्यक्ष गुलाब यादव, महिला संगठन जिला अध्यक्ष सरिता यादव के प्रमुख आतिथ्य एवं यादव समाज संगठन लालबर्रा अध्यक्ष मनोज यादव की अध्यक्षता में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने खिला मुठिया देव एवं भगवान श्रीकृष्ण के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर मालयार्पण किया। मंचीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपस्थितजनों ने भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर यादव समाज के द्वारा निकाली गई सद्भावना, समरसता बाईक रैली सहित अन्य कार्यक्रमों की सराहना करते हुए भगवान श्रीकृष्ण के लीलाओं पर प्रकाश डालते हुए सभी को संगठित होकर समाजोत्थान के क्षेत्र में बेहतर काम करने की बात कही। वहीं यादव समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि यह हमारे लिए बहुत ही गर्व की बात है कि भगवान श्री कृष्ण ने हमारे यादव समाज में जन्म लिया और उन्हीं के हम वंशज है, हम सभी यदुवंशी हैं, गौ सेवक है। भगवान श्री कृष्ण की सदैव हम सभी पर कृपा बनी रहे एवं उनका आशीर्वाद हमेशा हम सब पर बना रहे यही प्रार्थना करते है। इस अवसर पर यादव समाज के पदाधिकारी, गणमान्य नागरिक एवं स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे।

# किसान गर्जना संगठन ने मनाई भगवान बलराम की जयंती

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय से लगभग 4 किमी. दूर ग्राम पंचायत बम्हनी में बसंत शर्मा के निज निवास पर किसान गर्जना संगठन के द्वारा गत दिवस भगवान बलराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। यह कार्यक्रम किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों एवं उपस्थितजनों ने भगवान बलराम के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया और भगवान बलराम से किसानों की खुशहाली की कामना की। इस दौरान संगठन के विभिन्न पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं व मांगों पर विचार विमर्श भी किया और सरकार से किसानों की धान फसल का समर्थन मूल्य बढ़ाने, खाद, बीज समय पर उपलब्ध करवाने की मांग की हैं एवं मांगे पूरी नही होने पर आगामी समय में आंदोलन करने की रणनीति भी तैयार की गई है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए किसान गर्जना संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी हमारे द्वारा किसानों के देवता भगवान बलराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और इसी दिन माताएं भी अपने ब%चों की दीर्घायु के लिए हरछठ का व्रत रखकर भगवान की पूजा अर्चना करती है। भगवान बलराम ने ही किसानों को खेती करना सिखाया, हल चलाना, अनाज का उत्पादन करना सिखाया और हमें कृषि के गुण सीखाकर देश को एक कृषि प्रधान देश बनाने में अपनी अहम भूमिका निभाई। किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद्र सिहोरे ने बताया कि किसान गर्जना संगठन के द्वारा गुरूवार को बम्हनी में बसंत शर्मा के निवास में भगवान बलराम की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई और भगवान बलराम की लीलाओं का बखान करके प्रार्थना की गई है कि भगवान बलराम सभी अन्नदाताओं के जीवन में हमेशा खुशहाली



बनाये रखे। श्री सिहोरे ने बताया कि किसान गर्जना संगठन किसानों का संगठन है जिसके द्वारा हमेशा अपने साथियों के साथ मिलकर किसानों के हक व अधिकार की लड़ाई लड़ी जाती है। जयंती के माध्यम से किसानों को यही संदेश देना चाहते है कि जिस तरह भगवान बलराम ने कंधे पर हल रखकर अनाज उगाया था, इस सृष्टि को बचाया था, उसी तरह से हम भी अनाज उगाकर अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत कर सकते है। इस अवसर पर किसान गर्जना संगठन लालबर्रा अध्यक्ष रामचंद सिहोरे, बसंत शर्मा, डिलेश ठाकुर, हुकुमचंद पटले, रंगोबाजी राजुरकर, रामाजी तुमसरे, चंदनलाल बोपचे, कृष्णाजी अंगूरे, हरिचंद मारवड़े, राजेश लुटे, हुलीराम, फोगल सार्वे, टेकराम सोनी, भागचंद मारवड़े, बसंत सोनबिरसे, अशोक गाड़ेश्वर, दिमाकचंद राजुरकर, हरिशचंद्र बोरीकर, ओमकार ठाकरे, बसंतकुमार ढबाले, जीवन माने, टुंडीलाल ठाकरे, रूपचंद बिसेन, तिलकराम नरबादे व नेतलाल पटले सहित अन्य किसानगण उपस्थित रहे।

# 79 वां स्वतंत्रता दिवस पर देश भक्ति में रंगा क्षेत्र

## हर्षउल्लास के साथ जगह-जगह किया गया ध्वजारोहण

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ का पर्व नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शासकीय अशासकीय संस्थाओं व कार्यालयों में संस्था प्रमुखों के द्वारा प्रात: ७.३० बजे ध्वजारोहण कर ७९ वां स्वतंत्रता दिवस पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। नगर में स्थित स्कुलों के छात्र छात्राओं में देश के स्वतंत्रता दिवस पर्व में उत्साह एवं उमंग जमकर दिखाई दिया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं के छात्र छात्राओं ने नगर में प्रभात फेरी निकाली और मुख्य मार्ग का भ्रमण करते हुए यह प्रभात फेरी आंबेडकर चौक, गोलीबारी चौक होते हुए गांधी चौक पहुंची। जिसके बाद यहां से छात्र छात्राओं का यह रैली मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए।












### जनपद अध्यक्ष ने ली परेड़ की सलामी

नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती माया उइके के मुख्य आतिथ्य, पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ,विधायक विवेक पटेल ,नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ,उपाध्यक्ष जनपद श्रीमती पुष्पा अमूले ,संदीप मिश्रा, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी हीरालाल ताम्रकार, एसडीएम कार्तिकेय जायसवाल ,जनपद सीईओ दीक्षा जैन सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व गणमान्य नागरिकों की उपस्थित में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम महात्मा गांधी,बाबा साहेब,शहिद दशराम फुलमारी के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण के बाद जनपद अध्यक्ष श्रीमती माया उइके के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। इसके बाद विभिन्न शैक्षणिक संस्थाओं से पहुंचे ग्रुप की परेड़ का निरीक्षण किया । तत्पश्चात अलग अलग ग्रप के एनसीसी, एनएसएस, स्काऊट गाईड, रेंजर,रोवर्स और रेडक्रास केडेट्स ने मार्च पास्ट कर विशेष सलूट किया। जहां पर मुख्य अतिथि श्रीमती माया उइके ने सलामी ली। तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों के द्वारा स्वतंत्रता दिवस पर प्रकाश डालते हुए आजादी के मूल्यों का बखान करते हुए देश की एकता अखंडता बनाए रखने की अपील की गई। जिसके बाद स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों का भी स्वागत कर उनके परिजनों को शाल श्रीफल भेंट की गई। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक विद्यालय के विद्यार्थी व शिक्षक गण विभागीय अधिकारी कर्मचारी सहित गणमान्य नागरिक मौजूद रहे ।

### तीन रंगों के गुब्बारों को छोड़ा

जनपद पंचायत अध्यक्ष ने परेड़ सलामी के बाद आसमान में रंगबिरंगे गुब्बारे छोड़ कर अमन शांति का संदेश दिया। जिसके बाद मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय पर्व के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रारंभ होने की अनुमति दी। रानी अवंती बाई स्टेडियम में सभी शासकीय अशासकीय स्कूलों से पहुंचे छात्र .छात्राओं और सभी राजनीतिक दलों के लोगों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

७९ वां स्वतंत्रता दिवस पर्व पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शैक्षणिक संस्थाओं की ओर से पीटी का प्रदर्शन एवं स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय गीतों पर आधारित नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। जिसमें पीटी में संदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रथम रहा। वहीं नृत्य में जवाहर नवोदय विद्यालय प्रथम, संदीपनि शासकीय टिहलीबाई उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वितीय एवं कमला नेहरू शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय तृतीय रहा। इसी तरह कैडेट्स सहित अन्य विधाओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र.छात्राओं के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभाग के अधिकारी कर्मचारियों व सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल प्रतिभाओं को अतिथियों के हस्ते पुरस्कार एवं प्रशस्ती पत्र वितरित किये गये।

### नपा अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

नगर पालिका परिषद में १५ अगस्त को ७९ वां स्वतंत्रता दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर समस्त पार्षदों और नगर पालिका के कर्मचारियों और अधिकारियों की उपस्थिति में प्रात: ७.३० बजे नपाध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दांदरे द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। तत्पश्चात सामूहिक राष्ट्रीय गान किया गया। इस अवसर पर नगर पालिका पार्षदगण एवं अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### भाजपा कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

नगर में स्थित भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में १५ अगस्त स्वंतत्रता दिवस मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम महात्मा गांधी, भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित अन्य छायाचित्र के समक्ष उपस्थितजनों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में मुख्य अतिथि निरंजन बिसेन प्रदेश मंत्री भाजपा किसान मोर्चा के द्वारा ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी दी जिसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया। ध्वजारोहण के पश्चात् सभी को स्वतंत्रता दिवस पर्व पर बधाई दी साथ ही देश के शहीदों को नमन करते हुए देश की आजादी में जिन लोगों ने अपना बलिदान न्यौछावर किया। उनके जीवन दर्शन पर प्रकाश डालते हुए उनके बतायें मार्ग पर चलकर पार्टी व देशहित में कार्य करने की बात कही। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारी सदस्य सहित नगरवासी मौजूद रहे।

### नेहरू चौक में नारायण हरदे ने किया ध्वजारोहण

नगर में स्थित नेहरू चौक में मजदूर यूनियन संगठन के द्वारा स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नारायण हरदे के द्वारा ध्वजारोहण किया और देश को आजादी दिलवाने में जिन्होने कुर्बानी दी हैं उन्हे नमन किये। जिसके बाद शहीद स्मारक स्थल पहुंचकर शहीदों का श्रध्दांजली अर्पित कर उनके बताये मार्ग पर चलने का प्रण लिये। इस अवसर पर मजदूर यूनियन संगठन के समस्त पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### पं.दीनदयाल चौक में किया गया ध्वजारोहण

नगर के पं. दीनदयाल उपाध्याय चौक पर पूर्व विधायक प्रदीप जायसवाल की उपस्थिति में मुख्य अतिथि प्रदीप शरणागत पूर्व भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष के हस्ते ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तत्पश्चात भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, बाबा साहेब आबंडेकर के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर माल्यार्पण किया गया। जहाँ ध्वजारोहण कर तिरंगे झंडे को सलामी देकर सामूहिक राष्ट्रगान गाया गया।

### गोलीबारी चौक शहीद स्तंभ पर पुलिस ने दी सलामी

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन सदस्य राघवेंद्र अग्रवाल के हस्ते ध्वजारोहरण किया गया। जहाँ प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी पुलिस के जवानों ने सशस्त्र अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और शहीद स्मारक को सलामी दी। इस अवसर पर दर्जनों की संख्या में लोगों ने यहां पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### एसडीओपी कार्यालय में हुआ ध्वजारोहण

नगर में स्थित एसडीओपी कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित पुलिस कर्मियों ने तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना की तत्पश्चात एसडीओपी अभिषेक चौधरी के द्वारा ध्वजारोहण कर सामुहिक राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी व गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

### विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में शान से लहराया तिरंगा ध्वज

नगर के दीनदयाल चौक के समीप स्थित विधायक जनसम्पर्क कार्यालय में स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ पर तिरंगे झंडे का ध्वजारोहण किया गया। जहां पर विधायक विवेक विक्की पटेल की उपस्थिति में वरिष्ठ कांग्रेसी अतिथि स्वप्निल डोंगरे वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी ,शाहिद खान वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी ,धवल मॉडल पूर्व नपा अध्यक्ष, रामकिशोर बिसेन महामंत्री जिला काँग्रेस कमेटी ,जेशराज पारधी वरिष्ठ उपाध्यक्ष जिला काँग्रेस कमेटी के द्वारा ध्वजा रोहणकर सामूहिक राष्ट्रगान कर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। इस दौरान शान के साथ राष्ट्रीय ध्वज लहराता रहा । इस अवसर पर विधायक विवेक पटेल के द्वारा शहीदों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए आजादी पर प्रकाश डाला गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेसजन मौजूद रहे।

### सिविल अस्पताल में हुआ ध्वजारोहण

शासकीय सिविल अस्पताल में बीएमओ डॉक्टर कमलेश झोड़े के हस्ते ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। तत्पश्चात शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित कर याद किया गया। जिसके बाद स्वास्थ्य अमले के साथ प्रभात फेरी निकाल कर नगर में भ्रमण किया गया। इस अवसर पर बीपीओ संजय तुरकर सहित डॉक्टर एवं अस्पताल स्टाफ मौजूद रहा।

### एसडीएम ने किया ध्वजारोहण

नगर के तहसील कार्यालय में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कार्तिकेय जायसवाल के द्वारा प्रात: ७.३० बजे ध्वजारोहण कर सामूहिक राष्ट्रगान किया गया। इस दौरान शसस्त्र सलामी ध्वज को पुलिस बल के द्वारा दी गई तत्पश्चात मिष्ठान वितरण कर खुशी मनाई गई।

# हर्ष उल्लास के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। वारासिवनी नगर सहित क्षेत्र में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव बडे ही धूमधाम से मनाया गया।




इस पर्व को भारत में ही नहीं बल्कि विदेशों में बसे भारतीय नागरिक भी पूरी आस्था व हर्षोउल्लास के साथ मनाते हैं। मान्यता के अनुरूप श्रीकृष्ण ने अपना अवतार भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अष्टमी की मध्यरात्रि को अत्याचारी कंस का वध करने के लिए मथुरा में लिया था। क्योंकि भगवान स्वयं इस दिन पृथ्वी पर अवतरित हुए थे। अत: इस दिन को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के रूप में मनाते हैं इसलिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर मथुरा नगरी भक्ति के रंगों से सराबोर हो उठती है। वहीं स्थानीय स्तर पर भी श्रीकृष्ण भक्त मथुरा जैसा धार्मिक माहौल इस अवसर पर निर्मित करने का प्रयास करते हैं। गौर करने वाली बात है कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर कृष्ण भक्त सुबह से ही काफी उत्साह में दिखाई दिए। प्रात: काल स्नान ध्यान कर हिंदू धर्मावलंबियों ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं को बाजार से लेकर विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने अपने घरों में स्थापित किया।

### भगवान कृष्ण की प्रतिमाओं से सजा बाजार

वहीं कृष्ण जन्माष्टमी का दिन पूरी तरह से भगवान कृष्ण के नाम रहा एक से एक सुंदर आकर्षक मूर्तियां अपने भक्तों की बाट जोहते रहे। वहीं भक्तों ने भी भगवान को अपने घर ले जाने में कोई कोताही नहीं बरती सुबह से ही बाजार में भगवान के अलग अलग अंदाज में विभिन्न मुद्राओं की मूर्तियां देखी गई। भक्त अपनी अपनी पसंद की प्रतिमाओं को देखते रहे अलग अलग मुद्राओं में इन मूर्तियों में भक्तों ने अपने अपने अंदाज में काफी भगवान पसंद किये और भगवान को सादर अपने निवास स्थान पर विराजित करने के लिए लेकर गए। दूसरी तरफ मूर्ति निर्माण कर्ताओं के निवासियों पर भी कृष्ण जन्माष्टमी के पूर्व उत्साह के साथ भगवान कृष्ण के मन पसंदीदा मुद्रा वाला चित्र के अनुसार बनी आकर्षक मूर्तियों को लेने के लिए मूर्ति कारों के निवास पर भी खासी कृष्ण भक्तों की भीड़ लगी रही। जिसमें रात्रि में भगवान श्री कृष्ण के भक्त जनों के द्वारा शुभ मुहूर्त पर विधि विधान से मूर्ति स्थापित कर वह फोटो की पूजा अर्चना कर जन्मोत्सव पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर रात भर भजन कीर्तन भी आयोजित किए गए।

### आकर्षक ढंग से सजे कृष्ण व राम मंदिर

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मंदिरों को खास तौर पर सजाया गया है वहीं कृष्ण भक्तों द्वारा विशेष उपवास भी श्रीकृष्ण जन्म होने तक रखा गया। कृष्ण मंदिर व राम मंदिर में झांकियां सजाई गई है। मध्य रात्रि में कृष्ण जन्मोत्सव के साथ ही भक्तों ने भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति को झूले पर झुलाया साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन अलग अलग मंदिरों में हुए। नन्हे मुन्ने बच्चे कृष्ण का वेश धारण कर अपनी हट के लिए उसे भगवान के बाल काल प्रदर्शित करते रहे।

### नगर हुआ श्रीकृष्ण मय

वहीं शनिवार के दिन पूरे नगर में श्री कृष्ण के नाम की धूम रही जिसमें नगर के चौक चौराहों सहित मार्गों पर कृष्ण भक्ति का खासा उदाहरण देखने मिला। जहां पर कृष्ण भक्तगण अपनी साइकिल गाड़ी में श्री कृष्ण की प्रतिमा लेकर अपने निवास जाते दिखे। वहीं सार्वजनिक समितियां के द्वारा ढोल नगाड़ों की थाप कर भगवान कृष्ण की प्रतिमा को पंडालों तक लाया गया। रोड़ों पर श्रीकृष्ण की विशेष पूजा अर्चन की सामग्री जिनमें लाई,चना पाठ झूला सहित अनेकों वस्तुएं की दुकान लगी रही। जिन्होंने नगर वासियों को कृष्ण भक्ति में रंगने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ी और कृष्ण जन्माष्टमी का पूरा नगर कृष्णमय हो गया।

# बस स्टैंड के कार्य को लेकर नपाध्यक्ष ने ली प्रेस वार्ता

## विधायक विवेक पटेल खुद के कार्य कराकर श्रेय ले झूठी वाहवाही ना लूटे-सरिता दांदरे

**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर पालिका अध्यक्ष सरिता मनोज दादरे के द्वारा अपने निवास पर पत्रकार वार्ता का आयोजन किया गया। यह पत्रकार वार्ता नगर के बस स्टैंड स्थित यात्री प्रतीक्षालय के सामने नगर पालिका के द्वारा कार्य कराया जा रहा हैं। किंतु सोशल मीडिया के विभिन्न ग्रुपों में उक्त कार्य विधायक की पहल और कार्य का श्रेय विधायक विवेक पटेल को देने की पोस्ट डाली गई थी। जिसमें नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे के द्वारा क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल को झूठी वाहवाही लूटने से बचने दी नशीहत दी गई है। वहीं उनके द्वारा बताया कि नगर पालिका सक्षम है लगातार जन कल्याण और जनता की समस्या के लिए तत्पर खड़े रहकर कार्य करवाने की भी बात कही गई।**



### नगर के सभी नगरवासी और राहगीरों की मांग पर किया जा रहा कार्य-मनोज दांदरे

नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज दांदरे ने बताया कि दो से ढाई वर्ष हो गया है वहां रहवासी,राहगीरों और व्यापारीगणों के द्वारा लगातार शिकायत की जा रही थी। रोड़ में गड्ढा बन गया था जहां गिरने की समस्या थी शिकायत को देखते हुए पिछली बार डामरीकरण का कार्य हो रहा था तो वहां पर भी डामरीकरण करने की बात कही गई। उपयंत्री ने वह उखाड़ने की बात सामने रखी तो उस समय कार्य नहीं हो पाया। अभी बीते दिनों यात्री प्रतीक्षालय और बस स्टैंड की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ नगर पालिका अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष ने निरीक्षण किया था। जहां पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष और मुख्य नगर पालिका अधिकारी को सीमेंटीकरण की जगह पेवरब्लाक लगाने के लिए कहा गया था। क्योंकि वहां पाइपलाइन है सुविधा अनुसार निकाल कर सुधार कार्य भी किया जा सकता है। मौके पर सुसज्जित आवागमन बनाने के लिए अतिक्रमण भी हटाया गया था जहां आज से निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया है। नगर पालिका खुद स्वचालित संस्था है यह कार्य का श्रेय पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल और नगर पालिका अध्यक्ष को जाता है। यात्री प्रतीक्षालय सर्व सुविधा युक्त बने उसको लेकर एक डीपीआर भी तैयार किया गया है।

### पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल के साथ निरिक्षण कर कार्य प्रांरभ किया-सरिता दांदरे

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सरिता दांदरे ने बताया कि हम लोगों ने ८ दिन पहले पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल और उपाध्यक्ष के साथ बस स्टैंड यात्री प्रतीक्षालय का निरीक्षण किया था। साथ में नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी थे वहां पर सभी पत्रकार और रहवासियों की पुरानी शिकायत है बीच में बारिश के समय भी शिकायत की गई थी। निरीक्षण के समय शिकायत सामने आने पर पूर्व केबिनेट मंत्री प्रदीप जायसवाल ने नगर पालिका अध्यक्ष ,मुख्य नगर पालिका अधिकारी को कहां की उनकी कुछ समस्या है इसे सुनो। तो पेवर ब्लॉक का काम प्रारंभ किया गया है रक्षाबंधन का त्यौहार था। रोजमर्रा के तहत लोगों के द्वारा त्यौहार में दुकानें लगाई गई थी इसलिए अतिक्रमण नहीं हटाया गया अभी त्यौहार खत्म होते ही हटा दिया जायेगा। विधायक विवेक पटेल की राजनीति सोशल मीडिया की तरह है लगातार वह श्रेय ले रहे हैं जबकि नगर पालिका सक्षम है। वारासिवनी क्षेत्र के विधायक विवेक पटेल जो झूठी वाहवाही लेना चाहते है। यदि उन्हें ऐसी वाहवाही लेना है तो वह खुद के कार्य करवा कर श्रेय लूटे। नगर पालिका सक्षम है हम जनता की समस्या के लिए तत्पर खड़े रहकर नगर विकास में कार्य करवाते रहेंगे।

# आवारा कुत्तों पर लगाम- मानव जीवन पहले

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि हर इलाके से आवारा कुत्तों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर रखा जाए। प्रक्रिया में बाधा डालने वाले संगठनों या व्यक्तियों पर सख्त कार्रवाई होगी। यह आदेश बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए दिया गया है। कुत्तों के हमलों और रेबीज़ जैसी घातक बीमारी के बढ़ते मामलों ने चिंता बढ़ा दी है। कोर्ट ने संतुलित समाधान सुझाया—कुत्तों को मारा नहीं जाएगा, बल्कि उन्हें सुरक्षित आश्रयों में रखा जाएगा। यह मानव और पशु, दोनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक ठोस कदम है। सुप्रीम कोर्ट का हालिया निर्णय, जिसमें हर इलाके से आवारा कुत्तों को हटाकर सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट करने का निर्देश दिया गया है, एक अहम और लंबे समय से प्रतीक्षित कदम है। कोर्ट ने अपने आदेश में स्पष्ट रूप से कहा—मानव जीवन और सुरक्षा पहले—जो इस मुद्दे पर चल रही बहस में एक निर्णायक रुख को दर्शाता है। यह फैसला न केवल कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि समाज के लिए भी एक चेतावनी है कि अब समय आ गया है जब भावनात्मक बहस से आगे बढ़कर व्यावहारिक समाधान अपनाया जाए। भारत में आवारा कुत्तों की संख्या का अनुमान अलग-अलग राज्यों में भिन्न है, लेकिन कुछ रिपोर्टों के अनुसार देश में लगभग 1.5 से 2 करोड़ आवारा कुत्ते हैं। यह संख्या केवल एक सांख्यिकीय तथ्य नहीं, बल्कि एक चेतावनी है—क्योंकि इनकी उपस्थिति सीधे तौर पर सार्वजनिक सुरक्षा, स्वच्छता और स्वास्थ्य पर असर डाल रही है। पिछले एक दशक में आवारा कुत्तों के हमलों के मामले लगातार बढ़े हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के आंकड़े बताते हैं कि हर साल लगभग 17 से 20 लाख लोग कुत्तों के काटने का शिकार होते हैं। इनमें से बड़ी संख्या में बच्चे होते हैं, क्योंकि उनकी ऊँचाई और असुरक्षा के कारण वे कुत्तों के आसान निशाने बन जाते हैं। गंभीर बात यह है कि इन हमलों का नतीजा सिर्फ़ चोट तक सीमित नहीं रहता; रेबीज़ जैसी घातक बीमारी का खतरा हमेशा मौजूद रहता है, जिसकी वजह से हर साल हज़ारों जानें जाती हैं। पशु अधिकार संगठनों का तर्क है कि आवारा कुत्तों को मारना अमानवीय है और उन्हें भी जीने का अधिकार है। यह दृष्टिकोण सही है, लेकिन इसे उस समय तक ही मान्यता दी जा सकती है जब यह मानव जीवन को खतरे में न डाले। कोर्ट ने भी इसी संतुलन को साधते हुए कहा है कि कुत्तों को अंधाधुंध मारा न जाए, बल्कि उन्हें सुरक्षित स्थानों या आश्रयों में स्थानांतरित किया जाए। यहाँ सवाल उठता है—क्या हमारे नगर निकाय और पंचायतें इस चुनौती के लिए तैयार हैं? क्योंकि केवल आदेश देना काफी नहीं है; ज़मीन पर उसके क्रियान्वयन के लिए पर्याप्त संसाधन, प्रशिक्षित कर्मचारी और योजनाबद्ध रणनीति की आवश्यकता होगी। सुप्रीम कोर्ट का यह निर्णय एक कानूनी रूपरेखा भी प्रस्तुत करता है। कोर्ट ने साफ कहा है कि अगर कोई संगठन या व्यक्ति इस प्रक्रिया में बाधा डालता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इसका मतलब है कि अब 卐मानव जीवन बनाम पशु अधिकार卐 की बहस में कोर्ट ने स्पष्ट प्राथमिकता तय कर दी है। साथ ही, कोर्ट ने नगर निगमों और पंचायतों को यह जिम्मेदारी भी सौंपी है कि वे न केवल आवारा कुत्तों को हटाएँ, बल्कि उनकी देखभाल के लिए उचित व्यवस्था भी करें। यह आदेश एक तरह से प्रशासनिक तंत्र की क्षमता और ईमानदारी की भी परीक्षा है। रेबीज़ भारत में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ड्ड।ह्र) के अनुसार, दुनिया में हर साल लगभग 59,000 लोग रेबीज़ से मरते हैं, जिनमें से एक बड़ा हिस्सा भारत से आता है। यह बीमारी 99त्न मामलों में कुत्तों के काटने से फैलती है और एक बार लक्षण प्रकट होने के बाद इसका इलाज संभव नहीं है। इसलिए, कुत्तों के काटने के मामलों को रोकना ही सबसे प्रभावी उपाय है। इसके अलावा, आवारा कुत्तों के झुंड अक्सर कचरे के ढेर पर भोजन खोजते हैं, जिससे कई तरह के संक्रमण और गंदगी फैलती है।

# नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित-राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जायेगा-करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर

वैश्विक स्तरपर तेजी से बदलते परिपेक्ष में अगर तेजी से विकास की रफ्तार पकड़ता है तो, हर देश को अपना इंफ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा, स्वास्थ्य परिवहन इत्यादि हर क्षेत्र में प्रौद्योगिकी का लाभ लेकर उन्हें आधुनिक बनाना होगा, जिसके लिए पैसे की आवश्यकता होगी जो प्रतिवर्ष बजट के माध्यम से इंतजाम किया जाता है। भारत ने तो इन सभी उपायों पर तेजी से कदम बढ़ाना शुरू कर दिया हैं। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि विजन 2047 को पूरा करने के लिए आम नागरिकों को आगे आकर टैक्स भरने के लिए जागृत किया जा रहा है, इसके लिए ही आयकर अधिनियम को छोटा व आसन बनाकर 11 अगस्त को लोकसभा में व 12 अगस्त 2025 को राज्यसभा में पारित करवा गया है, जिस पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर होने के बाद यह कानून बन जाएगा और 1 अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना व्यक्ति की गई है।मेरी केंद्र व राज्य सरकारों से इस आर्टिकल के माध्यम से अपील व सुझाव है कि करों की प्रक्रिया व शर्तों को आसान बनाकर टैक्स देनें वालों की संख्या में वृद्धि तो होगी परंतु वह अधिक मात्रा में आया हुआ टैक्स अगर रेवड़ियां बांटने में निकल जाता है तो, विकास की रफ्तार को ढीला कर देता है इसलिए रेवड़ियां बांटने पर लगाम लगाने के लिए 31 अगस्त 2025 तक चलने वाले इस मानसून सत्र में ही बिल बनाकर निचले व ऊपरी सदन में ध्वनि मत से या फिर इसी तरह 3-4 मिनट में ही पारित करा लिया जाता है तो कर दाताओं की मेहनत से कमाई गाड़ी कमाई रेवड़िया बांटने में नहीं जाएगी।चूँकि 64 वर्षों पुराना आयकर अधिनियम 1961 को अब अनायस शब्दों धाराओं अध्यायों को हटाकर अब छोटा व आसान बनाया गया है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित- राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जाएगा-करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर!

साथियों बात अगर हम नए आयकर विधेयक 2025 को पारित करने की पूरी थियोरी की करें तो,केंद्रीय वित्त मंत्री ने पिछले हफ्ते लोकसभा से आयकर विधेयक, 2025 के पुराने मसौदे को औपचारिक रूप से वापस ले लिया था इस बिल का अपडेटेड वर्जन आज पेश किया गया था। लोकसभा की प्रवर समितिने लगभग 285 सिफारिशें की थीं और पिछले महीने संसद को 4,500 पन्नों की एक विस्तृत रिपोर्ट सौंपी थी, जिसमें विधेयक में सुधार का प्रस्ताव दिया गया। बता दें कि मूल विधेयक फरवरी में संसद के बजट सत्र के दौरान पेश किया गया था। विधेयक में मौजूदा कानून के अनावश्यक प्रावधानों और पुरानी भाषा को हटा दिया गया है और 1961 के आयकर अधिनियम में धाराओं की संख्या 819 से घटाकर 536 और अध्यायों की संख्या 47 से घटाकर 23 कर दी गयी है। नए आयकर विधेयक में शब्दों की संख्या 5.12 लाख से घटाकर 2.6 लाख कर दी गई है। विपक्षी सदस्यों की अनुपस्थिति के बीच वित्तमंत्री ने कहा कि ये बदलाव केवल सतही नहीं हैं। ये टैक्स प्रशासन के प्रति नए और सरलीकृत दृष्टिकोण को दर्शाते हैं। यह अधिक संक्षिप्त और अधिक केंद्रित कानून है, जिसे पढ़ने, समझने और लागू करने में आसानी होगी।कहा जा रहा है कि यह नया इनकम टैक्स बिल 1 अप्रैल 2026 से लागू होगा। इसे तैयार करने में काफी समय लगा है। इसके साथ ही डिजिटल युग की जरूरतों के अनुसार इसे ढाला गया है। वहीं प्रीवियस ईयर और असेसमेंट ईयर जैसे ऑप्शन को खत्म टैक्स ईयर कॉन्सेप्ट शुरू किया जाएगा।वित्त मंत्री ने कहा कि 1961 का आयकर अधिनियम में दशकों तक संशोधन किया गया। इसमें कई जटिलाताएं है। यह काफी पुराना हो गया था।ऐसे में एक नए बिल की जरूरत महसूस की जा रही थी। नए बिल को आधुनिक अर्थव्यवस्था के तहत बनाया गया है। नए कानून में भाषा को सरल बनाया गया है ताकि आम टैक्सपेयर्स इसे आसानी से समझ सकें। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि नए कानून में इनकम टैक्स दरों में कोई बदलाव नहीं होगा। (1) इस नए बिल को 536 धाराओं और 16 अनुसूचियों में व्यवस्थित किया जाएगा, ताकि इसे समझना और पढ़ना दोनों आसान हो।(2) शून्य टीडीएस प्रमाणपत्र की सुविधा मिलेगी। (3) डिविडेंड में कटौती को लेकर सेक्शन 80 एम की फिर से शुरुआत की जाएगी।



(4) आईटीआर फाइल चाहे डेडलाइन के बाद किया हो, लेकिन रिफंड मिलने में परेशानी नहीं होगी। (5) ऐसे सभी क्लास को हटाया जाएगा, जो इसे सपोर्ट नहीं करते (6) ऐसी बिजनेस प्रॉपर्टी जिनका इस्तेमाल नही हो रहा हो? या लंबे से खाली हो?,उनपर टैक्स नहीं लिया जाएगा।सहित और भी ऐसे कई प्रावधान हैं,जो करदाताओं के लिए मील का पत्थर साबित होंगे।

साथियों बात अगर हम इस नए आयकर अधिनियम 2025 को पारित करने में काफी जद्दोजहद की करें तो,बता दें कि साल 2010 में प्रत्यक्ष कर संहिता विधेयक,2010 संसद में पेश किया गया था। इसे जांच के लिए स्थायी समिति के पास भेजा गया था। हालांकि, 2014 में सरकार बदलने के कारण विधेयक निरस्त हो गया। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने शुक्रवार (7 फरवरी, 2025) को नए इनकम टैक्स बिल को मंजूरी दे दी, यह बिल छह दशक पुराने आईटी अधिनियम की जगह लेगा। नया बिल इनकम टैक्स से जुड़े उन सभी संशोधनों और धाराओं से मुक्त होगा जो अब प्रासंगिक नहीं हैं। साथ ही भाषा ऐसी होगी कि लोग इसे टैक्स एक्सपर्ट की सहायता के बिना समझ सकें। इस बिल में प्रावधान और स्पष्टीकरण या कठिन वाक्य नहीं होंगे। इससे मुकदमे बाजी कम करने में भी मदद मिलेगी और इस तरह विवादित टैक्स डिमांड में कमी आएगी। चूँकि बजट में माननीय वित्तमंत्री ने घोषणा की थी कि एक सप्ताह के भीतर एक नया आयकर अधिनियम 2025 लाया जाएगा, इसलिए ही आज दिनांक 7 फरवरी 2025 को देर रात्रि केंद्रीय वित्तीय कैबिनेट ने आयकर अधिनियम 2025 (डायरेक्ट टैक्स कोड 2025) को मंजूरी दी थी, फिर संसदीय स्थाई समिति के पास भेजा गया था। नए बिल में संभावित कुछ ऐसे प्रावधान प्रस्तावित है जो कार्यकारी आदेशों के माध्यम से कटौती या छूट की सीमा और राशियों को बदलने की अनुमति देंगे

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका उद्देश्य विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि नया आयकर बिल 2025 संसद के दोनों सदनों में पारित- राष्ट्रपति के हस्ताक्षर से अब कानून बन जायेगा- करोड़ों करदाताओं पर होगा सीधा असर! 64 वर्ष पुरानें आयकर अधिनियम 1961 से बहुत छोटा-अनावश्यक शब्दों धाराओं अध्यायों को हटाया गयासंसद में एसआईआर मुद्दे पर हंगामें के बीच,मात्र 3 मिनट में नया आयकर विधेयक 2025, ध्वनिमत से पारित-1 अप्रैल 2026 से लागू होने की संभावना।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# श्रीकृष्ण की नीतियों से प्रेरित मोहन, कृष्णमय हुआ मध्यप्रदेश'

देश का हृदयप्रदेश मध्यप्रदेश अपनी समृद्ध सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत के लिए जाना जाता है। अब प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में श्रीकृष्ण का देश और दुनिया से सीधा साक्षात्कार हो रहा है। राम वन गमन पथ की तरह अब प्रदेश सरकार श्री कृष्ण के मार्ग की खोज में जुटी हुई है और उनकी नीतियों पर चलते हुए कदमताल कर रही है। मध्यप्रदेश में मालवा पावन भूमि में आज भी भगवान श्रीकृष्ण की लीलाएं जीवंत हैं। बाबा महाकाल नगरी उज्जैन में वह 12 वर्ष की आयु में शिक्षा प्राप्त करने आए जहाँ के सांदीपनि आश्रम और गुरुकुल से उनका बहुत पुराना नाता रहा है। इसी तरह जानापाव में परशुराम द्वारा उन्हें सुदर्शन चक्र दिया गया और धार के अमझेरा में रुक्मणि से भी उनका सीधा नाता रहा है। श्रीकृष्ण का जन्म भले ही मथुरा में हुआ लेकिन उनका तन और मन मध्यप्रदेश में ही रमता था। मध्यप्रदेश सरकार मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में उनकी इस आध्यात्मिक धरोहर को सहेजने के लिए 'श्रीकृष्ण पाथेय' के रूप में एक अनूठा प्रयास कर रही है। यह परियोजना न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक अभ्युदय का प्रतीक है, बल्कि मध्यप्रदेश को आध्यात्मिक पर्यटन के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में सरकार का एक बड़ा महत्वपूर्ण कदम है। 'श्रीकृष्ण पाथेय' मध्यप्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य श्रीकृष्ण से जुड़े स्थानों को तीर्थ स्थलों के रूप में विकसित करना है। इस परियोजना के तहत उन सभी स्थानों को संरक्षित और विकसित किया जा रहा है जहां श्रीकृष्ण की लीलाएं हुई या जिनका उनके जीवन से कोई न कोई संबंध रहा है।मध्यप्रदेश सरकार ने बीते वर्ष 卐श्रीकृष्ण पाथेय卐 योजना की शुरुआत की है जिसके तहत श्रीकृष्ण से जु? अनेक स्थानों जैसे उज्जैन, जानापाव और अमझेरा को बड़े तीर्थ क्षेत्र के रूप में विकसित किया जाएगा। इस योजना के लिए 750 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का मानना है कि दुनिया भर में फैले हुए श्रीकृष्ण के भक्तों और पर्यटकों का श्रीकृष्ण के जीवन और शिक्षाओं से सीधा साक्षात्कार हो सके जिसको साकार करने के लिए मध्यप्रदेश मंत्रिमंडल ने 'श्रीकृष्ण पाथेय न्यास' के गठन को मंजूरी दी है जिसमें 28 सदस्यों के साथ 23 पदेन और 5 विशेषज्ञ गैर-आधिकारिक न्यासी होंगे। यह न्यास श्रीकृष्ण से जुड़े मंदिरों के प्रबंधन, संदीपनी गुरुकुल की स्थापना और सांस्कृतिक-साहित्यिक संरक्षण जैसे कार्यों को संचालित करेगा। मोहन सरकार श्री कृष्ण पाथेय के लिए गुजरात, राजस्थान, छत्तीसगढ़ समेत अन्य राज्य सरकारों की भी सलाह ले रही है जिससे इस ड्रीम प्रोजेक्ट में में प्रदेश के बाहर के श्रीकृष्ण से जुड़े स्थलों को शामिल हो सकें। विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ साहित्य के अध्ययन आदि के माध्यम से पाथेय का नक्शा बनाएंगे और ऐसे सभी स्थानों को जहां श्रीकृष्ण के कदम पड़े थे उन्हें बड़े प्रोजेक्ट के तहत विकसित किया जाना है। नवंबर 2024 में राज्य कैबिनेट ने मध्यप्रदेश पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम 1951 के तहत श्रीकृष्ण पाथेय ट्रस्ट 'के गठन को मंजूरी दे चुकी है। यह ट्रस्ट भगवान कृष्ण के मंदिरों और संरचनाओं का प्रबंधन करेगा।मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह प्रयास केवल एक प्रशासनिक परियोजना नहीं, बल्कि उनकी सनातनी भावना और भगवान श्रीकृष्ण के प्रति गहरी आस्था का परिणाम है। उनका मानना है कि श्रीकृष्ण का जीवन और उनके दर्शन मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक और आध्यात्मिक पहचान को नई ऊंचाइयों तक ले जा सकते हैं। श्रीकृष्ण पाथेय परियोजना का प्रभाव न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्रों तक सीमित है बल्कि यह मध्यप्रदेश के समग्र विकास में भी योगदान देगी। यह न केवल प्रदेश की स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करेगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी पैदा करने के साथ ही मोहन का यह ड्रीम प्रोजेक्ट भारतीय सनातन संस्कृति और अध्यात्म को वैश्विक मंच पर ले जाने में भी सहायक होगा।

मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार ने श्रीकृष्ण की शिक्षाओं और उनके जीवन से जुड़े स्थानों को बढ़ावा देने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मोहन सरकार ने पशुपालन एवं डेयरी विभाग का नाम बदलकर पशुपालन, डेयरी और गौपालन विभाग करने की घोषणा की है। यह कदम गौ-माता के प्रति सम्मान और गौपालन को प्रोत्साहन देने के लिए उठाया गया है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड के साथ समझौता कर दुग्ध उत्पादन और संकलन को व्यवस्थित किया जा रहा है जिसमें दुग्ध संकलन समितियों की संख्या को 9,000 से बढ़ाकर 26,000 करने का संकल्प लिया गया है। दूध से संबंधित फूड प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की योजना है जिससे दुग्ध उत्पादों के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। गौ वंश को स्वावलंबी बनाने के लिए सरकार ने 30 स्थानों पर 5,000 से 25,000 गोवंश क्षमता वाली हाईटेक गौशालाएं स्थापित करने की योजना बनाई है। इन गौशालाओं में जैविक खाद, सीएनजी गैस, और सौर ऊर्जा का उत्पादन होगा।श्रीकृष्ण की गौ-प्रेम की भावना से प्रेरित होकर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गौपालन और डेयरी विकास को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं भी प्रदेश में शुरू की हैं। मध्यप्रदेश में गौशालाओं के लिए प्रति गाय दैनिक खर्च को 20 रुपये से बढ़ाकर 40 रुपये किया गया है। इसी तरह से दूध बेचने वालों को प्रति लीटर 5 रुपये का बोनस देने की घोषणा की गई है। इसी तरह मुख्यमंत्री वृंदावन गांव योजना भी शुरू की गई है जिसका उद्देश्य पशुधन के माध्यम से ग्रामीण समृद्धि लाना है। डॉ. भीमराव अंबेडकर दुग्ध उत्पादन योजन के तहत डेयरी व्यवसाय को बढ़ावा देने के लिए 42 लाख रुपये तक का बैंक ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। गौपालन को बढ़ावा देने के साथ-साथ सरकार प्राकृतिक और जैविक खेती पर भी जोर दे रही है।इसी तरह से गाय के गोबर से बनी प्राकृतिक खाद से उत्पादित अनाज को सरकार अधिक कीमत पर खरीदेगी। इंदौर, देवास, रीवा जैसे जिलों में गौशालाओं के माध्यम से सीएनजी गैस का उत्पादन शुरू हो चुका है। प्रत्येक ब्लॉक में एक वृंदावन ग्राम की स्थापना की जा रही है जहां गौपालन, पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्ष और सौर ऊर्जा जैसी अनेक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाएगा। गौवंश तस्करी को रोकने के लिए मध्य प्रदेश गौवंश वध प्रतिषेध (संशोधन) अधिनियम 2024 लागू किया गया है जिसमें तस्करों को 7 साल की सजा का प्रावधान है। डॉ.मोहन यादव ने श्रीकृष्ण की शिक्षाओं को शिक्षा के क्षेत्र में भी शामिल करने पर जोर दिया है। उन्होंने मध्यप्रदेश के स्कूलों में श्रीकृष्ण की जीवनी को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की अभिनव पहल की है। उन्होंने नई शिक्षा नीति को लागू करते हुए गौपालन और डेयरी विकास से युवाओं को स्वरोजगार और उद्यमिता की दिशा में प्रेरित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने श्रीकृष्ण को न केवल एक धार्मिक व्यक्तित्व के रूप में, बल्कि एक निष्काम कर्मयोगी, कुशल रणनीतिकार और समाज सुधारक के रूप में भी देखा है। उनके अनुसार श्रीकृष्ण का जीवन हर युग में प्रासंगिक है और आज हर किसी को उनके जीवन दर्शन से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। मध्यप्रदेश के नगरीय निकायों में गीता भवन का निर्माण उनकी इस भक्ति को सामाजिक और सांस्कृतिक स्तर पर संरक्षित करने का प्रयास दर्शाता है। गीता के माध्यम से श्रीकृष्ण का संदेश जो पूरी दुनिया को मिला आज भी वह उतना ही प्रासंगिक है और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों के माध्यम से यह संदेश अब गीता भवनों के माध्यम से पूरे देश में नई ऊँचाइयों को छुएगा। मध्यप्रदेश की मोहन सरकार 2875 करोड़ रुपए की लागत से 413 नगरीय निकायों में गीता भवन बनाने जा रही है जो अगले दो वर्षों में बनकर तैयार हो जाएगा। 16 नगर निगमों में 1000 से लेकर 1500 की बैठक क्षमता वाले गीता भवन बनाए जाएंगे। इसी तरह से 99 नगर पालिकाओं में 500 बैठक क्षमता वाले गीता भवन बना जाएंगे और 298 नगर परिषदों में ढाई सौ बैठक क्षमता वाले गीता भवन बनाए जाएंगे। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री पद की कुर्सी पर आसीन होने के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जन्माष्टमी के सांस्कृतिक उत्सव को एक अनूठा स्वरूप प्रदान किया जिसमें बीते वर्ष की तरह इस बार भी शहरों से लेकर गाँवों तक अनूठा उत्साह देखने को मिल रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में जन्माष्टमी धूमधाम के साथ मनाई जाएगी और गीता भवनों की स्थापना के लिए भूमिपूजन होंगे।मंदिरों के अनुपम श्रृंगार के लिए 1.50 लाख रुपए के तीन, 1 लाख रुपए के पांच और 51 हजार रुपए के सात पुरस्कार दिए जाएंगे। श्रीकृष्ण की शिक्षास्थली उज्जैन के सांदीपनि आश्रम में 16 से 18 अगस्त तक तीन दिवसीय कार्यक्रम होंगे। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव रायसेन जिले के महलपुर पाठा के दौरे पर भी जा रहे हैं जो तकरीबन 700 बरस पुराना है। ऐसा माना जाता है श्रीकृष्ण महलपुर पाठा से जामगढ़ की गुफा में गए थे और मणि यहां लाए थे। जन्माष्टमी के सांस्कृतिक उत्सव को भव्य तरीके से पूरे प्रदेश में कराने का मकसद युवा पी?ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जड़ों से जोड़ना और स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस वर्ष भी जन्माष्टमी के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जा रही है। जन्माष्टमी पर प्रदेश के सभी मंदिरों को जहाँ सजाया गया है वहीं भजन संध्या, दही-हांडी उत्सव ने आम जनमानस में हमारी सनातन संस्कृति के धार्मिक, सांस्कृतिक मूल्यों के प्रति रुचि जगाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जन्माष्टमी के उत्सव ने न केवल श्रीकृष्ण के जीवन और उनकी शिक्षाओं को जीवंत किया है बल्कि मध्यप्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को भी देश और दुनिया में प्रस्तुत किया है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर मोहन सरकार श्रीकृष्ण पर्व एवं लीला पुरुषोत्तम का प्राकट्योत्सव का आयोजन करने जा रही है। सरकार ने इस उत्सव के लिए प्रदेश के 3 हजार से अधिक मंदिरों को चुना है जहां पर धार्मिक अनुष्ठान, श्रृंगार प्रतियोगिताएं, मटकी-फोड़, रासलीला और भजन संध्या जैसे कार्यक्रम होंगे। इन आयोजनों के साथ सम्पूर्ण प्रदेश श्रीकृष्णमय हो जायेगा और सांस्कृतिक रंगों में रंगा नजर आयेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व और श्रीकृष्ण की नीतियों के माध्यम से मध्यप्रदेश लगातार कृष्णमय हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का यह प्रयास श्रीकृष्ण की विरासत के माध्यम से मध्यप्रदेश को आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन का सशक्त केन्द्र बनाने का एक मजबूत संकल्प भी है। श्रीकृष्ण पाथेय प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश की गौरवशाली विरासत को सहेजने और इसे विश्व पटल पर स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार का एक महत्वपूर्ण कदम है।

**-हर्षवर्धन पान्डे**

# प्रधानमंत्री का स्वाधीनता दिवस संबोधन- मजबूत भारत, बुलंद इरादे

लालकिले की प्राचीर से लगातार 12वीं बार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का स्वाधीनता दिवस का इस बार का संबोधन कुछ अलग और कई संकेतों से भरा था। उनका 103 मिनट का भाषण न केवल अब तक का सबसे बड़ा बल्कि सख्त और साफ इरादों को दर्शाने वाला था। यह कूटनीति लिहाज से भी गहरे मायनों से भरा था। जहां एक ओर शुरुआत में ही धारा 370 को हटाकर, एक देश एक संविधान की बात कही। वहीं ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र करते हुए सेना को खुली छूट देने का सच भी सामने रखा। दरअसल प्रधानमंत्री का यह संबोधन कई मायनों में बेहद अलग, सख्त और दुनिया के लिए कूटनीतिक बयानों जैसा था। साथ ही साथ देश में भी घट रही अस्वीकार्य घटनाओं से निपटने की चेतावनी भी। इसके अलावा देश की तरक्की, युवाओं को प्रोत्साहन, उपब्धियों और दुनिया के महत्वपूर्ण मिशन में भारतीय योगदान पर भी केन्द्रित था। प्रधानमंत्री ने शायद ही ऐसा कोई विषय छोड़ा हो जो जरूरी न हो। इतना ही नहीं इशारों ही इशारों में जहां अमेरिका और चीन को उसकी हैसियत बताई वहीं खुलेआम पाकिस्तान को भी लताड़ लगाई। पहले जानते हैं कि उन्होने क्या-क्या कहा। पहलगाम हमले पर पाकिस्तान को आड़े हाथों लेते हुए उनके आतंकी हेडक्वार्टर्स को मिट्टी में मिलाने का जिक्र कर पाकिस्तान की नींद गायब होने की भी बात कही। लंबे समय से चल रहे न्यूक्लियर ब्लैकमेल को नहीं सहने और सेना की शर्तों पर मुंह तोड़ जवाब देने की बात भी कही। पुराने सिंधु जल समझौते को अन्याय पूर्ण बताया और कहा कि भारत की नदियां दुश्मनों के खेत सींचे और देश के किसान की धरती प्यासी रहे? सिंधु समझौते के उस स्वरूप को आगे नहीं सहा जाएगा। 21वीं सदी टेक्नोलॉजी ड्रिवन सेंचुरी है। 50-60 साल पहले सेमीकंडक्टर पर विचार हुआ। लेकिन फाइलें वहीं अटक गईं। सेमीकंडक्टर के विचार की भ्रुण हत्या हो गई। बाद में कई देश सेमीकंडक्टर में महारत हासिल कर दुनिया को अपनी ताकत को दिखा रहे हैं। मिशन मोड में इस काम को आगे बढ़ाने तथा 6 अलग-अलग सेमीकंडक्टर यूनिट्स लगाने जिसमें चार की स्वीकृति की जानकारी दी। वर्ष के अंत तक मेड इन इंडिया यानी भारत की बनी हुईं चिप्स बाजार में होना बड़ी उपलब्धि होगी। प्रधानमंत्री ने अन्य कई योजनाओं, उपलब्धियों की भी चर्चा की। 11 वर्षो में सोलर एनर्जी का उपयोग 30 गुना बढ़ना। नए-नए डैम बना जल शक्ति का विस्तार कर क्लीन एनर्जी की ओर बढ़ना। 10 नए न्यूक्लियर रिएक्टर तेजी से काम करना। 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य हासिल करना ताकि देश की आजादी के 100 साल पर हमारी परमाणु ऊर्जा क्षमता 10 गुना से भी अधिक हो। ग्लोबल वार्मिंग से निपटने तय 2030 तक क्लीन एनर्जी में 50 प्रतिशत लक्ष्य 5 साल पहले ही हासिल करना हमारी प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता है। नेशनल क्रिटिकल मिशन लॉन्च कर 1200 से अधिक स्थानों पर खोज अभियान से हम क्रिटिकल मिनरल में भी आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहे हैं जो बहुत बड़ी उपलब्धि है। युवाओं का आव्हान किया कि क्या हमारे अपना मेड इन इंडिया फाइटर जेट्स खातिर जेट इंजन भी हमारे हों? हम फार्मा ऑफ द वर्ल्ड हैं। अब समय की मांग नहीं कि हम रिसर्च और डेवलपमेंट मां और ताकत लगाएं। हमारे अपने पेटेंट हों। मानव कल्याण हेतु सस्ती, सबसे कारगर नई-नई दवाइयों पर शोध हो। संकट में बिना साइड इफेक्ट के जन कल्याण में काम आए। प्रधानमंत्री मोदी ने आव्हान किया कि आईटी का युग है, डेटा ताकत है। क्या समय की मांग नहीं है कि ऑपरेटिंग सिस्टम से लेकर के साइबर सुरक्षा, डिप टेक से लेकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तक, सारी चीजें हमारी अपनी हों। अपनी सामर्थ्य शक्ति से विश्व को परिचित कराने की बात कहते हुए कहा कि हमारा यूपीआई दुनिया को अजूबा लग रहा है। रियल टाइम ट्रांजैक्शन 50 प्रतिशत अकेला भारत यूपीआई से कर रहा है। क्रिएटिव वर्ल्ड, सोशल मीडिया जितने भी प्लेटफॉर्म्स हैं हमारे अपने क्यों ना हों? क्यों भारत का धन बाहर जाए? मुझे युवाओं के सामर्थ्य पर भरोसा है। प्रधानमंत्री ने ईवी बैटरी, सोलर पैनल, महिला स्वसहायता समूह, गुणवत्तापूर्ण उत्पाद में पहचान के साथ ही नेक्स्ट जनरेशन रिफॉर्म्स के लिए टास्क फोर्स गठन व समय सीमा में काम पूरा करने ताकि वर्तमान नियम, कानून, नीतियां, रीतियां 21वीं सदी के और वैश्विक वातावरण के अनुकूल हो, भारत को 2047 में विकसित राष्ट्र बनाने के संदर्भ में हो। नेक्स्ट जनरेशन जीएसटी रिफॉर्म्स को दिवाली का तोहफा बताते हुए लोगों की जरूरतों पर लग रहे भारी टैक्स को बहुत कम करने से एमएसएमई, लघु उद्यमियों को लाभ मिलने और रोजमर्रा की चीजें बहुत सस्ती होने से इकॉनामी को नया बल मिलने की बात भी कही। प्रधानमंत्री मोदी ने षड्यंत्र के तहत, सोची समझी साजिश के जरिए देश की डेमोग्राफी को बदलने को नया संकट बताया। घुसपैठिए, देश के नौजवानों का हक छीन रहे हैं, बहन बेटियों को निशाना बना रहे हैं। यह बर्दाश्त नहीं होगा। हमारे पूर्वजों ने त्याग और बलिदान से आजादी पाई है। एक हाई पावर डेमोग्राफी मिशन शुरू करने का निर्णय किया है। जो ऐसे भीषण संकट से निपटने के लिए तय समय में कार्य करेगा, उस दिशा में हम आगे बढ़ रहे हैं। इस बार के संबोधन से इतना तो साफ हो गया कि प्रधानमंत्री ने ज्यादा फोकस बजाए दीर्घ कालिक योजनाओं के मौजूदा चुनौतियों और उनसे निपटने के मंसूबों को देश के सामने रखा। ब्लैकमेलिंग नहीं सहने, ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र, स्वदेशी मजबूरी नहीं मजबूती सहित पाकिस्तान को खुलेआम तो अमेरिका को संकेतों में चेताया भी। पहली बार लालकिले से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 साल की राष्ट्र की सेवा का जिक्र करना और मां भारती के कल्याण का लक्ष्य लेकर सेवा, समर्पण, संगठन और अप्रतिम अनुशासन की चर्चा के साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को दुनिया का यह सबसे बड़ा एनजीओ है बताना तथा आपातकाल का हवाला भी देने के कई राजनीतिक मायने निकाले जाएंगे। संभव है कि लोकसभा में आई कम सीटों, आरएसएस से और बेहतर तालमेल, विपक्ष पर पहले के मुकाबले कम हमलावर होने से सहयोगियों को भी ज्यादा सोचने का मौका नहीं देना कोई रणनीति हो। लेकिन डेमोग्रॉफी की चर्चा कर बिहार-बंगाल के आगामी चुनाव साथ ही आपातकाल की याद दिला विरोधियों सहित किन पर निशाना साधा है, देश समझता है। सेना को खुली छूट की बात दोहराना बहुत बड़ा संकेत है कि पाकिस्तान पर हमारी नजरें अभी भी टेढ़ी हैं। राजनीतिक नजरिए से भले ही उनके संबोधन के लोग अलग-अलग मायने निकालें, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 12वीं बार सबसे ज्यादा देर, 103 मिनट संबोधित कर, दुनिया को अपने इरादे साफ कर दिए हैं। अब वक्त है पक्ष-विपक्ष का जो उनके भाषण के अपने-अपने, कैसे-कैसे और क्या-क्या मायने निकालता है।

**-ऋतुपर्ण दवे**

# इंदौर बाजार भाव

**इंदौर।** शनिवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सभी प्रमुख बाजारों में अवकाश रहा। खाद्य तेलों में बाजार पूर्व स्तरों पर बने रहे। व्यापारिक सूत्रों के अनुसार शनिवार को जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में सभी प्रमुख बाजारों में अवकाश रहा। खाद्य तेलों में पूछपरख सामान्य रही। बाजार पूर्वस्तर पर बने रहे। भाव इस प्रकार रहे-

**तेल**- सींगदाना 1360-1380, मुम्बई 1390, राजकोट तेलिया 2175, सोया साल्वेंट 1175-1180, सोया रिफाइंड 1240-1250, कपास्या 1320, धूलिया 1330, कड़ी 1330,

**रात की धारणा**- गुजरात लुज 1325-1330, मुम्बई पाम 1255, मुम्बई सोया 1280,

मावा- इन्दौर 320, उज्जैन 280, रतलाम 280 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

**इन्दौर।** शनिवार को स्थानीय सराफा बाजार में कामकाज सामान्य ही रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार मजबूत बने रहे। भाव इस प्रकार रहे-

चॉंदी (9999) 116000, चॉंदी (99) 115900, टंच 115200, सिक्का 1200, सोना 10 ग्राम 100600,

# जीएसटी में बदलाव- अब सिर्फ दो टैक्स स्लैब, आम जनता व कारोबारियों को राहत

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर लाल किले से राष्ट्र को संबोधित करते हुए जीएसटी (गुड्स एंड सर्विसेज टैक्स) प्रणाली में बड़े और ऐतिहासिक सुधारों की घोषणा की। उन्होंने इसे देशवासियों के लिए दीवाली से पहले दिया गया एक बड़ा तोहफा बताया। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन बदलावों से आम लोगों की जिंदगी आसान होगी, जरूरी चीजें सस्ती होंगी और छोटे-मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को व्यापार में आसानी होगी। नई जीएसटी संरचना के तहत अब देश में सिर्फ दो प्रमुख टैक्स स्लैब होंगे 5 और 18 फीसदी। सरकार 12 और 28 फीसदी टैक्स स्लैब को खत्म करने की योजना पर काम कर रही है। 28 फीसदी टैक्स स्लैब में आने वाले लगभग 90 फीसदी उत्पादों को 18 फीसदी में शिफ्ट किया जाएगा, जबकि 12 फीसदी स्लैब में आने वाले 99 फीसदी उत्पाद अब 5 फीसदी टैक्स के दायरे में आएंगे। इससे रोजमर्रा की जरूरतों की चीजें सस्ती होंगी और जनता की जेब पर बोझ कम होगा। हालांकि, पेट्रोलियम उत्पाद अभी भी जीएसटी के दायरे से बाहर रहेंगे।

**वित्त मंत्रालय ने बताया कि यह सुधार तीन प्रमुख स्तंभों पर आधारित है-**

1. स्ट्रक्चरल सुधार, जिससे टैक्स प्रणाली को और सरल बनाया जाएगा।
2. टैक्स दरों का तर्कसंगतकरण, ताकि आवश्यक वस्तुएं सस्ती हो सकें।
3. प्रक्रियाओं का डिजिटलीकरण, जिससे रजिस्ट्रेशन, रिटर्न और रिफंड की प्रक्रिया तेज और पारदर्शी बनेगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि इन सुधारों से न सिर्फ उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी, बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। सरकार का लक्ष्य एक सरल, पारदर्शी और प्रभावी टैक्स सिस्टम तैयार करना है।

# भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा बैठक अक्टूबर में

**नई दिल्ली।** भारत और आसियान देशों के बीच चल रहे मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) की समीक्षा वार्ता का अगला दौर अक्टूबर 2025 में इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित किया जाएगा। वाणिज्य मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार, यह बैठक 6-7 अक्टूबर को होगी और इसकी मेजबानी मलेशिया करेगा। यह समीक्षा आसियान-भारत वस्तु व्यापार समझौते को अधिक प्रभावी, सरल और व्यापार के लिए अनुकूल बनाने के उद्देश्य से की जा रही है। समीक्षा के माध्यम से दोनों पक्ष व्यापार प्रक्रिया को बेहतर बनाने, गैर-शुल्क बाधाओं को कम करने और व्यापार सुविधा को बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं। आसियान भारत का एक प्रमुख व्यापार भागीदार है, जिसकी हिस्सेदारी भारत के वैश्विक व्यापार में लगभग 11 प्रतिशत है। वर्ष 2024-25 में भारत-आसियान द्विपक्षीय व्यापार 123 अरब डॉलर तक पहुंच गया है, जो दोनों पक्षों के बीच मजबूत आर्थिक संबंधों को दर्शाता है।

# बिहार में उद्योग लगाने बड़ा आर्थिक पैकेज दिया जाएगा- नीतीश

**नई दिल्ली।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जन्माष्टमी के मौके पर नई आर्थिक पहल की घोषणा की है। उन्होंने कहा कि अब बिहार में उद्योग लगाने वाले उद्यमियों को विशेष आर्थिक पैकेज दिया जाएगा। इसका मकसद राज्य में उद्योगों को बढ़ावा देना और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करना है। नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए बताया कि सरकार द्वारा कैपिटल सब्सिडी, ब्याज सब्सिडी और जीएसटी प्रोत्साहन राशि को दोगुना करने का फैसला लिया गया है। इसके अलावा, उद्योग स्थापित करने के लिए सभी जिलों में जमीन की व्यवस्था की जाएगी। जो उद्योग ज्यादा रोजगार देंगे, उन्हें मुफ्त में भी जमीन दी जाएगी। राज्य सरकार उद्योगों के लिए आवंटित भूमि से जुड़ी विवादों को खत्म करने के लिए भी कदम उठाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये सभी सुविधाएं अगले छह महीने के भीतर लागू कर दी जाएंगी। इसके अलावा, और भी कई प्रावधान किए गए हैं जो उद्यमियों के लिए मददगार साबित होंगे। यह योजना बिहार में आर्थिक विकास को गति देने के साथ-साथ युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक होगी। नीतीश कुमार ने यह भी बताया कि 2020 में 'सात निश्चय-2' योजना के तहत 50 लाख युवाओं को रोजगार देने का लक्ष्य पूरा किया जा चुका है। अब सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ युवाओं को रोजगार देने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रही है। इस पहल के तहत स्वरोजगार और उद्योग लगाने वालों को कई प्रकार की सहूलियतें दी जाएंगी, जिससे राज्य में रोजगार के व्यापक अवसर पैदा होंगे। यह कदम बिहार को उद्योग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास माना जा रहा है।

# आज का राशिफल

**मेष**- आज का दिन आपके लिए व्यस्तता भरा रहने वाला है। वैवाहिक जीवन में छोटी-मोटी बातों को लेकर नोंक झोंक हो सकती है। आप काम को लेकर कोई बड़ा जोखिम न लें। आपको किसी पारिवारिक समस्या को छोटा नहीं समझना है। आप अपने मन में कोई बात ना रखें। यदि आपको कोई समस्या महसूस हो, तो उसके लिए आप अपने पिताजी से बातचीत अवश्य करें। निजी मामलों को तो आप घर में रहकर ही निपटाएं, तो आपके लिए बेहतर रहेगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए फायदेमंद रहने वाला है। परिवार में आपको सुख-शांति बनाए रखनी होगी। आप किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर ना करें। आपकी कुछ खास लोगों से मुलाकात होगी। आपको यदि कोई वाहन चलाएं, तो बहुत ही सावधानी से चलाएं, नहीं तो कोई चोट-चपेट आदि भी लगने की संभावना है। आप अपनी संतान के मनमाने व्यवहार को लेकर थोड़ा परेशान रहेंगे। आपकी किसी क्रिएटिव काम को करने के प्रति रुचि जागृत हो सकती है।

**मिथुन**- आज आपकी नेतृत्व क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन आपको अपने कामों में कुछ कठिनाइयां तो आएंगी फिर भी आप उनका डटकर सामना करेंगे। किसी नए बिजनेस की आप योजना बना सकते हैं। आप संतान की फरमाइश पर किसी नए वाहन को लेकर आएंगे। आपके ऊपर यदि कोई लोन चल रहा था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे। आप योग और व्यायाम से अपनी छोटी-मोटी समस्याओं का आसानी से दूर कर सकते हैं।

**कर्क**- आज का दिन आपके लिए खर्चा भरा रहने वाला है। आपके सामने कुछ ऐसे खर्च आएंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ा सकते हैं। नौकरी में बदलाव की योजना बना रहे लोग फिलहाल रुक जाए, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपने कामों को ईमानदारी से करने की आवश्यकता है। आर्थिक स्थिति आपकी बेहतर रहेगी। सेहत में भी उतार-चढ़ाव बना रहेगा। जीवनसाथी के साथ मिलकर आप संतान के करियर को लेकर कोई निर्णय ले सकते हैं।

सिंह- आज का दिन आपके लिए किसी नए काम की शुरुआत करने के लिए अच्छा रहेगा। आपके रिश्ते में नयापन आएगा, जिससे घर में खुशी का माहौल रहेगा। आपको सामाजिक दायरे में रहकर ही काम करना होगा। आप अपने बिजनेस की योजना में कोई बदलाव न करें, नहीं तो बाद में आपको समस्याएं बढ़ सकती हैं। आप किसी पूजा-पाठ में शामिल हो सकते हैं। आप जीवनसाथी को कहीं शॉपिंग आदि पर लेकर जा सकते हैं।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए कामों में नई-नई ऊंचाइयां लेकर आएगा। पारिवारिक संबंधों में सामंजस्यता बनी रहेगी। आपको अपने किसी दूर रहे परिजन की याद सता सकती है। नौकरी में कार्यरत लोग अपने प्रमोशन को लेकर अपने बॉस से बातचीत कर सकते हैं और आप किसी की कहीसुनी बातों पर भरोसा ना करें। राजनीति में कार्यरत लोगों को किसी नए पद की प्राप्ति हो सकती है। आपकी कोई शुगर या बीपी से संबंधित समस्या बढ़ सकती है।

**तुला**- आज का दिन आपके लिए चुनौतियों से भरा रहने वाला है। आप जल्दबाजी में कोई फैसला लेने से बचें। आर्थिक मामलों को लेकर आप किसी पर भरोसा ना करें। परिवार के सदस्यों के साथ आप खुलकर बातचीत करें, जिससे कि दोनों के बीच आपसे किसी बात को लेकर तनाव है, तो वह भी दूर हो सकेगा। आप अपने व्यापार में किसी के साथ पार्टनरशिप ना करें, क्योंकि उससे आपको धोखा मिलने की संभावना है। आप किसी यात्रा पर जाने की तैयारी कर सकते हैं।

**वृश्चिक**- आज का दिन आपके लिए धैर्य और संयम से काम लेने के लिए रहेगा। आपको किसी काम को लेकर यदि थकान थी, तो वह भी दूर होगी। आप काम के साथ-साथ आराम के लिए भी समय निकाले। जीवनसाथी से यदि किसी बात को लेकर अनबन चल रही है, तो उसमे भी आप ढील देने की कोशिश करें। आपके मन में किसी काम को लेकर निराशा बनी रहेगी। घूमने-फिरने के दौरान आपको कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होगी।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए करियर के लिहाज अच्छा रहने वाला है। आपकी तरक्की के नए-नए मार्ग खुलेंगे। विदेश जाकर पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को कोई अच्छा ऑफर मिल सकता है। आप अपने सहयोगियों से मन की बात कह सकते हैं। कार्यक्षेत्र में आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा न बने, नहीं तो इसके साथ आपकी नौकरी में समस्याएं बढ़ सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। दोस्तों के साथ आप अच्छा समय व्यतीत करेंगे। आपके कुछ छुपे हुए शत्रु आपको परेशान करने की कोशिश कर सकते हैं। आप दिखावे के चक्कर में अत्यधिक धन व्यय ना करें। शेयर मार्केट से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा रहने वाला है।

**कुंभ**- आज का दिन व्यापार में कुछ अड़चनें लेकर आने वाला है। आपको किसी काम को लेकर तनाव हो सकता है। आप अपनी बुद्धि और विवेक से निर्णय लेकर लोगों को हैरान कर सकते हैं। दांपत्य जीवन में प्यार और स्नेह बना रहेगा। आपको किसी परिजन से कोई खुशखबरी सुनने को मिल सकती है।

**मीन**- आज विद्यार्थी अपनी पढ़ाई-लिखाई पर पूरा फोकस बनाएंगे। आप किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित हो सकते हैं। नौकरी में कार्यरत लोगों को कामयाबी मिलने से उसको प्रमोशन आदि मिल सकता है। आपकी कोई पुरानी इच्छा पूरे होने से आपके दिल में काफी खुशी रहेगी। माता-पिता का आपको पूरा सहयोग मिलेगा। आप अच्छे भोजन का आनंद लेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों को अपने साथी की भावनाओं का सम्मान करना होगा, जिससे आपका रिश्ता मजबूत बना रहे।

## शब्दजाल - 7992

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जो 'ज' से शुरु होते हों. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | खी | रे | दा | र | रि | सि | या | र | ट |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ह | ली |
| गि | स | शे | ज | ग | न्ना | थ | ता | गा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | म | न | त | ज |
| क | ग | ग | भा | लू | लं | ग | म | ग | व | न |
| जी | द | ल | जा | य | ज | पू | ना | हि | र | नी |
| ती | गु | म | ड़ी | हि | प | र | श | र | र | ल |
| क | रु | ल्जा | ई | धा | र | क | ज | ल | न | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| ज | ग | त | प | व | ज | ग | दा | चा | र्य | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | ज | ग | ख्या | त | थ |

जखीरेदार, जगख्यात, जगदाचार्य, जगत, जगदगुरु, जगजाहिर, जननी, जगन्नाथ, जलन, जगमगाहट

### शब्दजाल - 7991 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| श | रा | रो | ज | गा | र | ह | ट | झ | क | चि |
| छ | च | र | ह | का | लै | ता | दि | शा | को | क |
| ट | र | ह | झि | का | म | गा | र | ला | ल | ना |
| प | म | दा | च | ल | क | ड़ | हा | अं | गा | र |
| व | रा | द | ष | हा | मि | री | चि | स | र | ट |
| ह | ह | प | द | प | ह | ला | उ | झ | न | आ |
| श्रृं | ट | बु | अं | गा | म | ट | ह | द | ह | गा |
| गा | जी | वा | ला | र | र | सौ | न | ट | गा | र |
| र | थो | तें | व | ह | ज | दा | ने | दा | र | र |
| र | ल | भं | गा | र | ट | ऐ | बें | न | रु | थो |
| त | ड़ | पा | ह | ट | ख | बे | गा | र | ह | ट |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6936

**ऊपर से नीचे:-**

१. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षय खन्ना, अमृताराव की आगामी नई फिल्म-३
२. 'करीब' में बॉबी की नायिका -२
३. कुमार गौरव, माधुरी की फिल्म-२
४. सलमान, संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'अरे बाब' गीत वाली फिल्म-३
५. 'इश्क समंदर' गीत वाली फिल्म-२
७. संजयकपूर, प्रिया गिल, सुष्मिता की 'होश ना खबर' गीत वाली फिल्म-२,२
९. अमिताभ, संजीव, ऋषि, हेमा की फिल्म-३
११. 'प्यार करना नही' गीत वाली फिल्म-३
१२. किशोरकुमार, मधुबाला की फिल्म-३
१५. राजेद्रकुमार, वहीदा की 'जंगल में मोर नाचा' गीत वाली फिल्म-४
१६. 'आवारा' की नायिका कौन थी-३
१८. 'तुम्हें जिंदगी के' गीत वाली धर्मेन्द्र, मीनाकुमारी की फिल्म-३
१९. विक्रम, लक्ष्मी की 'माई हार्ट इज बीटिंग' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'दिलवालों के दिल का' गीत वाली फिल्म-२
२२. कमल हासन, शाहरूख, रानी की फिल्म-१,२
२४. 'पैसे बिना प्यार' गीत वाली फिल्म-३
२५. मिथुन, काजल किरण की 'तेरे नाम का दिवाना' गीत वाली फिल्म-४
२७. ऋषिकपूर, माधुरी की फिल्म-३
२८. रेमो फर्नाडीस के गीत 'देखो देखो ये है जलवा' गीत वाली फिल्म-३
३०. अमिताभ, गोविंदा, किमी की फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. अजय देवगन, उर्मिला, महिमा की 'चुराओ ना दिल' गीत वाली फिल्म-३
३. 'प्रेमी आशिक आवारा' गीत वाली अजय देवगन, मधु की फिल्म-२,२,२
६. जिमी शेरगिल, ऋशिता की 'आँखें भी होती हैं' गीत वाली फिल्म-३
८. 'सरकी चुनरिया रे' गीत वाली अभिषेक, भूमिका की फिल्म-२
१०. शत्रुघ्न सिन्हा, श्रीदेवी की 'कोई मर्द ना ऐसा' गीत वाली फिल्म-३
१३. 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली करण नाथ, मनीषा, नतान्या की फिल्म-२
१४. सनी देओल, फरहा की 'रूत पिया मिलन की आई' गीत वाली फिल्म-३
१५. 'तेरी निगाहों पें मर' गीत वाली महमूद, विजयलक्ष्मी की फिल्म-४
१७. अक्षय, सुनील, करिश्मा, सोनाली की 'तेरा ये देख' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'जिस दिल में बसा था' गीत वाली प्रदीपकुमार, कल्पान की फिल्म-३
२३. शशिकपूर, शर्मिला की 'वो तेरे प्यार का गम' गीत वाली फिल्म-२,२
२६. फिल्म 'परिचय' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी-२
२९. 'मेरे प्यार की आवाज' गीत वाली विनोद खन्ना, नीतू सिंह की फिल्म-५
३१. 'महबूब की मेहंदी' में राजेशखन्ना के साथ नायिका कौन थी-२
३२. जीतेंद्र, श्रीदेवी, जयाप्रदा की 'झोंपड़ी में चारपाई' गीत वाली फिल्म-३
३३. 'ई है बंबई नगरिया' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२

### फिल्म वर्ग पहेली- 6935

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| घा | त | ■ | स | फ | र | ■ | आ | क्रो | श |
| य | ■ | | फा | ■ | ह | मे | शा | ■ | |
| ल | व | स्टो | री | ■ | मा | ला | ■ | अं | ■ |
| ■ | ही | ■ | ■ | आ | न | ■ | आ | जा | द |
| अं | दा | ज | ■ | ई | ■ | सं | ग | म | ■ |
| गा | ■ | या | रा | ना | ■ | सा | ■ | ■ | खु |
| रे | खा | ■ | ज | ■ | स | र | फ | रो | श |
| ■ | मो | ■ | ■ | सु | र | ■ | रा | ■ | बू |
| आ | शी | र्वा | द | ■ | ग | द | र | ■ | ■ |
| मीं | ■ | ■ | स | न | म | ■ | ■ | यु | वा |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8460

**बाएँ से दाएँ**

1. भीगा हुआ-2
2. गाने वाला-3
4. दिया, चिराग-2
6. केश-2
7. जिससे ताला खुलता है-2
9. सूरमा -3
12. नख-3
14. तेरह गुणा चार-3
16. एक जैसा तल-4
17. दरवाजे की आवाज-2,2
18. कड़ा, तेज-3
20. आँखों के ऊपर की परत-3
22. साधुवाद देना, वाह-वाह-3
24. पुत्र, एक रंग-2
26. तुम का आदर सूचित शब्द-2
27. पत्र-2
28. आश्चर्य-3
29. तट, किनारा-2

**ऊपर से नीचे**

1. छोटा गीत-3
2. मुँह के दोनों ओर का भाग-2
3. जो पका न हो-2
5. हवा, वायु-3
6. बच्चा, बालक-2
8. वीणा, एक वाद्य-2
10. जितेन्द्र व रेखा की एक फिल्म-2,3
11. मूल्य, दर-2
13. मारकाट-5
14. बच्चा-3
15. नाज, अदा-3
19. पंजाब की एक नदी-2
20. जांच-पड़ताल-3
21. हुनर-2
22. बददुआ-2
23. नगर-3
25. बेल, कोमल लम्बा पौधा-2
26. फूलों का प्राकृतिक रस-2

### शब्द पहेली-8459 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| त | मा | शा | ई | ■ | ह | जा | म | त |
| ल | ता | ■ | मा | ज | रा | ■ | त | ह |
| वा | ■ | ■ | न | ■ | र | न | ■ | री |
| र | ह | न | ■ | न | त | म | स्त | क |
| ■ | ■ | शे | ■ | य | ■ | की | ■ | ■ |
| ना | मु | म | कि | न | ■ | न | मा | ज |
| बा | ■ | न | फा | ■ | स | ■ | ■ | रु |
| कि | म | ■ | य | म | न | ■ | द | र |
| फि | त | र | त | ■ | क | रा | मा | त |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**17 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**

(कुंडली: ५ केतु, ६ मंगल, बुध, सूर्य ४, शुक्र गुरु ३, २ चंद्र, ७, १, १०, शनि १२, ८, ९, राहु ११)

| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कर्क में |
| चंद्र | वृष में |
| मंगल | कन्या में |
| बुध | कर्क में |
| गुरु | मिथुन में |
| शुक्र | मिथुन में |
| शनि | मीन में |
| राहु | कुंभ में |
| केतु | सिंह में |

**राहुकाल** 4.30 से 6.00 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| सिंह | 05.40 बजे से |
| कन्या | 07.52 बजे से |
| तुला | 10.03 बजे से |
| वृश्चिक | 12.17 ब.से |
| धन | 14.33 बजे से |
| मकर | 16.39 बजे से |
| कुंभ | 18.25 बजे से |
| मीन | 19.58 बजे से |
| मेष | 21.28 बजे से |
| वृष | 23.08 बजे से |
| मिथुन | 01.07 बजे से |
| कर्क | 03.20 बजे से |

**रविवार** 2025 वर्ष का 229 वा दिन **दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** नवमी 19.25 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** रोहिणी 03.18 बजे को रात्र समाप्त। **योग** व्याघात 01.40 बजे को समाप्त। **करण** तैतिल 08.29 बजे तदनन्तर गर 19.25 बजे को समाप्त। **चन्द्रायु** 23.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 24' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872439 **जूलियन दिन** 2460904.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 22 **विशेष** सिंह संक्रांति, मलयालम नव वर्ष, रोहिणी व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| उद्वेग | 05.56 से 07.23 बजे तक | शुभ | 05.36 से 07.09 बजे तक |
| चर | 07.23 से 08.51 बजे तक | अमृत | 07.09 से 08.41 बजे तक |
| लाभ | 08.51 से 10.18 बजे तक | चर | 08.41 से 10.14 बजे तक |
| अमृत | 10.18 से 11.46 बजे तक | रोग | 10.14 से 11.46 बजे तक |
| काल | 11.46 से 01.14 बजे तक | काल | 11.46 से 01.19 बजे तक |
| शुभ | 01.14 से 02.41 बजे तक | लाभ | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| रोग | 02.41 से 04.09 बजे तक | उद्वेग | 02.51 से 04.24 बजे तक |
| उद्वेग | 04.09 से 05.36 बजे तक | शुभ | 04.24 से 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगतः राष्ट्रपति का बड़प्पन

यह घटना उस समय की है, जब डॉ. राजेंद्र प्रसाद देश के राष्ट्रपति थे। देश-विदेश के अनेक अतिथि उनके पास आते रहते थे। एक विदेशी ने एक बार उन्हें हाथी दांत की एक कलम भेंट की। वह कलम राजेंद्र बाबू को इतनी अच्छी लगी कि वे हरदम उसी से लिखते थे। एक दिन उनके सेवक तुलसी से काम करते समय वह कलम टूट गई। राजेंद्र बाबू बेहद दुखी हुए। उन्होंने अपने निजी सचिव को बुलाया और कहा, 'तुलसी को आप यहां से हटाकर बगीचे में अथवा कहीं और काम पर रख दीजिए जहां उसके हाथ से टूट-फूट होने की आशंका न हो।' सचिव ने तुलसी को बगीचे में लगा दिया। एक-दो दिन तो किसी तरह बीत गया, लेकिन तीसरे दिन राजेंद्र बाबू को तुलसी के बिना बेचैनी होने लगी। वह सोचने लगे कि तुलसी कौन सा जानबूझकर तोड़-फोड़ करता था। अनजाने में भूल-चूक हो ही जाती है। मैंने उसे यहां से हटाकर उसका अपमान किया है, उसका दिल दुखाया है। मुझे तुरंत अपनी गलती सुधार लेनी चाहिए। यह सोचकर उन्होंने तुलसी को बुलाया। तुलसी डरते-डरते आया और मुंह लटका कर खड़ा हो गया। राजेंद्र बाबू ने उससे कहा, 'तुम्हें यहां से हटाकर मैंने भूल की है। अब तुम यहीं पर मेरे पास काम करोगे और हां, जो भूल मैंने की है उसके लिए मुझे क्षमा कर दो। कहो कि तुमने मुझे क्षमा कर दिया है।' तुलसी यह सुनकर द्रवित हो गया। उसकी आंखें छलछला उठीं। वह उनके पांवों में गिरने के लिए झुका लेकिन राजेंद्र बाबू ने उसे थाम लिया और बोले, 'अरे यह क्या कर रहे हो? मैं माफी मांग रहा हूं और उलटे तुम मुझे दोषी बना रहे हो। जब तक तुम मुझे माफ नहीं करोगे तब तक मैं यहीं इसी तरह खड़ा रहूंगा।' आखिरकार तुलसी को बोलना ही पड़ा, 'मैंने आपको क्षमा किया।' यह सुनकर राजेंद्र बाबू सहज हुए और उन्होंने तुलसी को गले लगाकर फिर से पहले वाले काम पर लगा दिया।

## सूडोकु नवताल- 7245

★★★✫☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7244 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# सेंसेक्स और निफ्टी में लगातार 6 हफ्तों की गिरावट के बाद आई मजबूती

मुंबई। पिछले कई हफ्तों से जारी भारी उतार-चढ़ाव के बाद शेयर बाजार ने इस सप्ताह सकारात्मक रुख अपनाया है। स्वतंत्रता दिवस (15 अगस्त) के कारण बाजार केवल चार दिन खुला, लेकिन इस छोटे कारोबारी सप्ताह में सेंसेक्स और निफ्टी ने गिरावट के बाद मजबूती दिखाई है। 6 हफ्तों की लगातार गिरावट के बाद यह बाजार के लिए राहत की खबर है। सोमवार को विदेशी निवेशकों के भरोसे और अमेरिकी बाजारों में तेजी के कारण शुरुआती कारोबार में बाजार हरियाली से रंगा। बीएसई सेंसेक्स 104.84 अंक की बढ़त के साथ 79,962.63 पर खुला और अंततः 746.29 अंकों की जोरदार बढ़त के साथ 80,604.08 पर बंद हुआ। एनएसई निफ्टी भी 55.85 अंक की तेजी के साथ 24,419.15 पर खुला और 221.75 अंक ऊपर 24,585.05 पर बंद हुआ। मंगलवार को




हालांकि बाजार में उतार-चढ़ाव देखे गए। सेंसेक्स शुरुआती कारोबार में 66.28 अंक ऊपर खुला लेकिन अंत में 368.49 अंक गिरकर 80,235.59 पर बंद हुआ। निफ्टी ने भी 42.85 अंक बढ़कर कारोबार शुरू किया, पर अंत में 97.65 अंक गिरावट के साथ 24,487.40 पर बंद हुआ। बुधवार को अमेरिका में स्थिर मुद्रास्फीति के आंकड़ों से वैश्विक बाजारों में तेजी आई, जिसका असर भारत के बाजारों पर भी पड़ा। सेंसेक्स 304.32 अंक की बढ़त के साथ 80,539.91 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी ने 131.95 अंक की तेजी दर्ज की और 24,619.35 पर बंद हुआ। गुरुवार को भी बाजार में सकारात्मक रुख कायम रहा।

एचडीएफसी बैंक, टीसीएस जैसे प्रमुख शेयरों में खरीदारी ने सेंसेक्स को 57.75 अंक बढ़ाकर 80,597.66 पर और निफ्टी को 11.95 अंक ऊपर 24,631.30 पर बंद कराया। इस तरह, निवेशकों के मनोबल में सुधार हुआ है और बाजार की स्थिरता की उम्मीद बढ़ी है। अगले हफ्तों में वैश्विक आर्थिक हालात और घरेलू नीतिगत फैसलों पर नजर बनी रहेगी, जो बाजार के रुख को प्रभावित कर सकते हैं।

# अमेरिका में जुलाई में थोक कीमतों में अप्रत्याशित तेजी रही

नई दिल्ली। अमेरिका में जुलाई महीने में थोक स्तर पर कीमतों में उम्मीद से कहीं ज्यादा बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिससे सितंबर में फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी श्रम सांख्यिकी ब्यूरो की रिपोर्ट के मुताबिक, प्रोड्यूसर प्राइस इंडेक्स जुलाई में 0.9 फीसदी बढ़ा, जबकि विशेषज्ञों का अनुमान सिर्फ 0.2 फीसदी था। खाद्य और ऊर्जा क्षेत्र को छोड़कर कोर पीपीआई भी 0.9 फीसदी बढ़ा, जो अनुमानित 0.3 फीसदी से काफी अधिक है। वार्षिक आधार पर, हेडलाइन पीपीआई 3.3 फीसद बढ़ी है, जो फरवरी के बाद सबसे बड़ी 12 महीने की वृद्धि है और फेडरल रिजर्व के 2 फीसदी मुद्रास्फीति लक्ष्य से कहीं ऊपर है। इस बढ़ोतरी में सेवाओं की कीमतें मुख्य कारण रही हैं, जो जुलाई में 1.1 फीसदी बढ़ी, मार्च 2022 के बाद सबसे बड़ी मासिक उछाल। व्यापार सेवाओं के मार्जिन भी 2 फीसदी बढ़े, जिसमें मशीनरी और उपकरणों के थोक कारोबार में 3.8 फीसदी की वृद्धि शामिल है। रिपोर्ट के बाद अमेरिकी शेयर बाजार में वायदा गिर गया, जबकि अल्पावधि ट्रेजरी यील्ड में तेजी आई। इससे बाजार में फेडरल रिजर्व की आगामी नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है। पहले उम्मीद थी ?कि सीपीआई के स्थिर रहने से फेड सितंबर में ब्याज दरें घटाएगा, लेकिन अब यह संभावना कमजोर दिख रही है।

# 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट में होगा बड़ा बदलाव....जाने कौन सा और कैसे

मुंबई। अगर आप फोनपे, गूगलपे, पेटीएम जैसे यूपीआई एप का इस्तेमाल करते हैं, तब 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पेमेंट से जुड़े एक महत्वपूर्ण बदलाव पर ध्यान दें। नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) ने यूपीआई ट्रांजेक्शन को और सुरक्षित बनाने के लिए एक बड़ा कदम उठाया है। इसके तहत 1 अक्टूबर से, एनपीसीआई पर्सन-टू-पर्सन (पी2पी) कलेक्ट रिक्वेस्ट की सुविधा को बंद कर रहा है। यह वह फीचर है जिससे कोई व्यक्ति यूपीआई के ज़रिए किसी दूसरे व्यक्ति से पैसे की मांग कर सकता था। हालांकि, इस फीचर को दोस्तों से पैसे वापस लेने या बिल शेयर करने के लिए बनाया गया था, धोखेबाज इसका गलत इस्तेमाल करने लगे थे। वे फर्जी रिक्वेस्ट भेजकर लोगों से अनजाने में पैसे निकलवा लेते थे। इस बदलाव का मकसद इसतरह की धोखाधड़ी को पूरी तरह से रोकना है। केंद्र सरकार का मकसद लगातार बढ़ रही धोखाधड़ी के मामलों पर रोक लगाना है। क्योंकि साइबर फ्राड के केस दिनोंदिन बढ़ते जा रहे है। धोखाधड़ी में फंसकर हजारों लोग अपनी जीवन भर की कमाई गंवा रहे है। जो कि मोदी सरकार और सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। 1 अक्टूबर के बाद, आप किसी दूसरे व्यक्ति से यूपीआई के ज़रिए पैसे की मांग नहीं कर पाएंगे। पैसे भेजने का एकमात्र तरीका यह होगा कि आप क्यूआर कोड स्कैन करें या सीधे अपने कॉन्टैक्ट्स से व्यक्ति को चुनकर यूपीआई पिन के साथ पेमेंट पूरा करें। यह बदलाव मर्चेंट ट्रांजैक्शन को प्रभावित नहीं करेगा। इसका मतलब है कि आप जौमेटो, अमेजन, स्वीगी, आईआरसीटीसी जैसी सेवाओं पर पहले की तरह ही भुगतान कर पाएंगे। ये कंपनियाँ आपको अभी भी कलेक्ट रिक्वेस्ट भेज सकती हैं क्योंकि ये सुरक्षित और नियंत्रित ट्रांजैक्शन होते हैं, जिसमें आपके अप्रूवल और यूपीआई पिन की ज़रूरत होती है। यह बदलाव यूपीआई को और भी सुरक्षित बनाने के लिए किया गया है। अब आपको किसी भी अनजान या फ़ज़ी कलेक्ट रिक्वेस्ट से परेशान नहीं होना पड़ेगा।

# सरस्वती शिशु मंदिर, लांजी में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विद्या भारती सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, लांजी में 79वाँ स्वतंत्रता दिवस उत्साह और देशभक्ति के माहौल में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विजय रामटेककर सचिव, कोटेश्वर ज्ञानपीठ समिति, अध्यक्ष बारेलाल बड़गैया, कोषाध्यक्ष छबिलाल मरठे, समिति सदस्य डॉ. राजेश रणदीवे, टी.डी. लिल्हारे, श्रीमती दुर्गा रामटेककर, प्रेमलाल नगपुरे, योगेंद्र दहीकर खंड कार्यवाहक, श्रीमती मनीषा दुग्गड दुर्गा वाहिनी समिति, राजेश भीमटे, छतर सिंह पुशाम, प्राचार्य दिनेश गिरी गोस्वामी, आचार्य परिवार, विद्यार्थी और अभिभावक उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ भारती और सरस्वती माता के चित्रों पर पूजन, दीप प्रज्ज्वलन और ध्वजारोहण के साथ हुई। विजय रामटेककर के द्वारा ध्वज फहराया, जिसके बाद राष्ट्रगान, मध्य प्रदेश गान और देशभक्ति नारों से परिसर गूंज उठा। वरिष्ठ आचार्य त्र्यंबक भगत ने अतिथियों का स्वागत और तिलक किया। विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं, जिसमें कु. आरुषि रंगारी कक्षा 8 और सहेलियों ने गीत, भैया साईं रामटेककर कक्षा 4 ने गीत, कु. भावना भौंडेकर कक्षा 11 ने भाषण, कु.



गौरी मानकर कक्षा 12 और सहेलियों ने गीत, कु. डॉली सोनवाने कक्षा 1 ने अंग्रेजी कविता, कु. मेघा पांचे कक्षा 9 और कुमारी दीपिका पांचे कक्षा 11 ने गीत, भैया फनीद्र पुरी गोस्वामी कक्षा 2, कु. आर्या घोंघड़े कक्षा 4., भैया शिवम घोरमारे कक्षा 6 ने कविता, कु. वंशीका वाकले और कु. भारती बिसेन कक्षा 3 ने गीत, भैया नोहित दुरूगकर कक्षा 5 ने गीत, केजी-1 और केजी-2 के बच्चों ने सामूहिक नृत्य, कक्षा 2 की कु. डॉली और सहेलियों ने नृत्य, तथा कक्षा 2 की आरक्ष तरारी और सहेलियों ने नृत्य की प्रस्तुति दी। छबिलाल मरठे ने स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह राष्ट्रीय पर्व उमंग और उत्साह का प्रतीक है। उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में शहीदों के बलिदान को याद करते हुए देश की एकता और अखंडता बनाए रखने का संदेश दिया। टी.डी. लिलहारे ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि स्वतंत्रता हमारा जन्मसिद्ध अधिकार है और हमें इसे संरक्षित रखना है। बारेलाल बड़गैया ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ दीं। प्राचार्य दिनेश गोस्वामी ने अतिथियों, आचार्यों, विद्यार्थियों और अभिभावकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने अंग्रेजों के अत्याचारों और स्वतंत्रता संग्राम के वीरों के बलिदान को याद करते हुए देशभक्ति और सैनिकों के सम्मान का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ आचार्य लेखराम ठाकरे ने किया। अंत में सभी विद्यार्थियों को मिठाई वितरित की गई।

# पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आज़ादी का महापर्व 79 वे स्वतंत्रता दिवस के रुप में सी.बी.एस.ई. विद्यालय पाली एकेडमिक इंस्टीट्यूशन में छात्रों, उनके अभिभावकों शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में हर्षोल्हास के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम प्रखर देशना केरियर एण्ड वेलफेयर सोसायटी की अध्यक्ष श्रीमति शंकुतला भीमटे, संस्थान की संचालिका श्रीमति वंदना वैद्य, विद्यालय प्रबंधक संजय चौरे, प्राचार्य श्रीमति श्रद्धा कांड्रा तथा समस्त शेक्षणिक स्टॉफ की गरिमामयी उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया, राष्ट्रीय ध्वज के फहरते ही समस्त छात्र-छात्राओं द्वारा ध्वज सलामी देकर, भारत माता की जय जयकार का उद्घोष किया गया, जिससे संपूर्ण विद्यालय परिसर देशभक्ति के भावों से भर गया। इस दिवस के अवसर पर विद्यालय में अध्ययनरत् विभिन्न कक्षाओं के नन्हें-मुन्हें छात्रों द्वारा गीत, भाषण, देशभक्ति से भरे नाटक एवं नृत्य का मंचन पूरे जोश के साथ किया गया । विद्यालय की संचालिका श्रीमति वंदना वैद्य द्वारा स्वतंत्रता दिवस के महत्व पर उपने संक्षिप्त उद्बोधन में बताया गया कि आज का दिन हम सभी भारतीयों के लिए गर्व और सम्मान का प्रतीक है। 15 अगस्त 1947 को हमारे देश ने लंबे समय तक चले संघर्ष और बलिदान के बाद अंग्रेज़ी हुकूमत से आज़ादी प्राप्त की। यह दिन हमें उन वीर सपूतों की याद दिलाता है, जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति देकर हमें स्वतंत्र भारत का उपहार दिया हमारे स्वतंत्रता संग्राम की कहानी साहस, त्याग और एकता का अद्भुत उदाहरण है। महात्मा गांधी के सत्य और अहिंसा के सिद्धांत, भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु




का बलिदान, नेताजी सुभाष चंद्र बोस का तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आज़ादी दूँगा का आह्वान, और चंद्रशेखर आज़ाद का अदम्य साहस, ये सब हमारे इतिहास के स्वर्णिम अध्याय हैं। इन्हीं की प्रेरणा से हम आज स्वतंत्र भारत में साँस ले रहे हैं।आज़ादी सिर्फ एक उपहार नहीं, बल्कि एक ज़िम्मेदारी भी है। हमारे लिए यह आवश्यक है कि हम एक नागरिक के रूप में अपने अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी पालन करें। हमें अपने देश को भ्रष्टाचार, अशिक्षा, और असमानता से मुक्त कर, इसे एक विकसित और सशक्त राष्ट्र बनाना है। कार्यक्रम की समाप्ति के उपरांत समस्त छात्र-छात्राओं के बीच मिष्ठान वितरण किया गया ।

# आबकारी कार्यालय लांजी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के आबकारी कार्यालय में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस गरिमामय समारोह में मनाया गया। प्रातः7.30 बजे आबकारी उपनिरीक्षक मनोज अंजलेकर के द्वारा ध्वजारोहण कर ध्वज को सलामी दी व राष्ट्रगान का गायन किया गया। इस अवसर पर आरक्षक राहुल महोबिया, सेवा निवृत्त प्रधान आरक्षक बेनीराम तिड़के, अनाराम नारनौरे के अलावा सुरेन्द्र बड़घैया, विजय मोहारे, महेंद्र बड़घैया, गजेन्द्र मेश्राम, ओंकार रतोने, नरेन्द्र सातपुते, चित्रकांत कटरे, रेखलाल गोदुले, रूमेन्द्र बोपचे, नाथूराम सातपुते, मयाराम गोटाफोड़े आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



# पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के पी एम श्री शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी में 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया । प्रातः ठीक 7.30 बजे संस्था के प्राचार्य पी के भिमटे द्वारा विद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया गया तथा विद्यालय की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान प्रस्तुत किया गया। विद्यालय की छात्राओं बैंड और ड्रंप के साथ प्रभात फेरी निकाली गई जो नगर के विभिन्न मार्ग होते हुए बस स्टैंड सुभाष चौक पहुंची जहां ध्वजारोहण पश्चात् पुनः प्रभात फेरी विद्यालय पहुंची यहां छात्राओं द्वारा देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति दी गई। इस



अवसर पर बोर्ड परीक्षा 10/12 वीं में अंग्रेजी व गणित विषय में सर्वोच्च अंक प्राप्त 07 छात्राओं को संस्था के शिक्षक बसन्त रामटेके एवं लिलेश्वर दमाहे द्वारा एक एक हजार रुपए प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान कर अन्य छात्राओं को भी इस प्रकार के पुरस्कार प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया गया, अन्त में प्राचार्य द्वारा सभी को स्वतंत्रता दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देकर सभी की उपस्थिति के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस अवसर विद्यालय का समस्त स्टॉफ एवं छात्राए उपस्थित रही। कार्यक्रम का सफल संचालन शिक्षक बसन्त रामटेके द्वारा किया गया।

# क्षेत्रभर में उत्साह, उमंग के साथ मना आजादी का जश्न, शान से लहराया तिरंगा

## गांधी चैक में आयोजित मुख्य समारोह में जनपद अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण







कटंगी(पद्मेश न्यूज)। स्वाधीनता दिवस का राष्ट्रीय पर्व समूचे विकासखंड कटंगी में बेहद धूमधाम, उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। 79वें स्वतंत्रता दिवस के मौके पर विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए। गांधी चैक में आयोजित मुख्य समारोह में विधायक की मौजूदगी में जनपद अध्यक्ष श्रीमती कविता देशमुख ने ध्वजारोहण कर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का प्रदेश की जनता के नाम संदेश का वाचन किया। ध्वजारोहण के बाद राष्ट्रगान 'जन गण मन अधिनायक जय हे, भारत भाग्य विधाता' की गूंज से पूरा परिसर गुंजायमान हो उठा। स्वतंत्रता दिवस पर पूरा शहर देशभक्ति से सराबोर नजर आया। मुख्य समारोह स्थल में स्कूल और कॉलेज के कलाकारों की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां मुख्य आकर्षण का केंद्र रही। सुबह 9 बजे मुख्य और आमंत्रित प्रमुख अतिथियों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा अर्चना की जिसके बाद ध्वजारोहण हुआ। पुलिस की एक टुकड़ी ने राष्ट्रध्वज तिरंगा को सलामी दी। मुख्य समारोह में पूर्व विधायक टामलाल सहारे, एसडीएम के.सी.ठाकुर, जिला पंचायत सदस्य सभापति श्रीमती केसर बिसेन, तहसीलदार राकेश प्रजापति जनपद सीईओ गायत्री कुमार सारथी, नगर परिषद सीएमओ राधेश्याम चैधरी, थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, संदीपनी स्कूल प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, वरिष्ट समाजसेवी विजय सिंह सरस्वार, प्रभारी अध्यक्ष धर्मकला देशमुख नपा, भाजपा मंडल अध्यक्ष मुकेश चैकसे और जनपद पंचायत के सभी जनपद सदस्य मौजूद रहे। मुख्य समारोह में जाति व्यवस्था, ऑपरेशन सिंदूर, वीर शिवाजी महाराज और महिला पुरुष समानता पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। मुख्य समारोह के समापन से पहले क्षेत्र के प्रतिभावान विद्यार्थियों, उत्कृष्ट कार्य करने वाले शासकीय कर्मचारियों और कला के क्षेत्र में प्रदर्शन करने वाले कलाकारों को सम्मानित किया गया। मुख्य समारोह के अलावा विकासखंड कटंगी की सभी शासकीय और निजी शैक्षणिक संस्थाओं, कार्यालयों में संस्था प्रमुख के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। स्कूलों में ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी निकाली गई और फिर स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन हुए। जिनमें स्कूली विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत कई शानदार प्रस्तुतियां दी। वहीं आज सरकारी स्कूल में विशेष मध्याह्न भोजन परोसा गया। नगर के सीएम राईज स्कूल में ध्वजारोहण के पश्चात एनसीसी कैड़ेडस ने शहर में मार्च पास्ट कर जगह-जगह आरोहित राष्ट्रध्वज तिरंगा को सलामी दी। एनसीसी के अलावा स्काउट गाइड, रेडक्रास ने भी मार्च पास्ट किया।

# कांग्रेस कार्यालय में हुआ झंडा वंदन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। शहर के बड़ा राम मंदिर के पास कांग्रेस कमेटी कार्यालय में प्रतिवर्ष की परपंरानुसार ध्वजारोहण किया गया। यहां मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी पवन अग्रवाल ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर संजय चैकसे , महेंद्र कटारिया, कपिल मेश्राम, मितेश कुमरे उपस्थित रहे। पवन अग्रवाल ने कहा कि देश की आजादी का यह दिन समूचे देशवासियों को उत्साह एवं उमंग से भर देता है।



## जय स्तम्भ पर आप नेता प्रशांत ने किया ध्वजारोहण

नगर के बस स्टैण्ड स्थित जय स्तम्भ पर आम आदमी पार्टी के विस प्रत्याशी युवा नेता प्रशांत भाऊ मेश्राम ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर योगराज ठाकरे, सुरेन्द्र गजभिए, राजु भगत, सुर्य प्रकाश रोकड़े, जयप्रकाश ठाकरे, टोरमल नगरधने आदि उपस्थित रहे। युवा नेता प्रशांत भाउ ने कहा कि इस मौके पर हम सभी देश की आजादी के लिए शहीद हुए क्रांतिकारियों को श्रृद्धांजलि अर्पित करते हैं।

# निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस



लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी नगर स्थित निर्माण इंस्टीट्यूट ऑफ कम्प्यूटर टेक्नोलॉजी लांजी में आजादी का महापर्व स्वतंत्रता दिवस बडे हर्ष उत्साह एवं गरीमामयी महौल में संस्था परिसर के अन्तर्गत मनाया गया। भूतपूर्व वायु सैनिक और सामाजिक कार्यकर्ता राजेंद्र रामटेककर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया इस दौरान प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता विशाल खोंगल, लिलेश्वर बबलू खानोरकर, तोपेश्वर रामटेककर, आदित्य रामटेककर , शरद सोनवाने, निमार्ण इंस्टीट्यूट के डॉयरेक्टर प्रणय कुमार , संस्था के शिक्षक कैलाश ब्रम्हपुरे , भानु प्रताप प्रजापति, सागर आसटकर, श्रीमती श्रद्धा जुम्भारे, दीक्षा बारेकर समस्त शिक्षक गण तथा विधार्थीगण इस समारोह में शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया । कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण का केन्द्र रहे इंडियन आईडल एवं इंडिया गॉट टैलेंट के सितारे भास्कर बिसेन बीबी सिंगर जिन्होने ध्वजारोहण के समय सुप्रसिद्ध गीत संदेशे आते है कि मनमोहक प्रस्तुती दी जिसे उपस्थित जनों ने खुब सराहा। मुख्य अतिथि विशाल खोंगल ने स्वतंत्रता सेनानियों और शहीदों के बलिदान को याद किया। उन्होंने निर्माण इंस्टीट्यूट की शिक्षण व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान क्षेत्र के छात्रों का भविष्य संवार रहा है। कार्यक्रम में संस्थान के छात्र छात्राओं के द्वारा देश भक्ति गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियॉ दी गई।

# सेंट्रल इंडिया एकेडमी हायर सेकेंडरी स्कूल लांजी में मनाया गया 79 वां स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। विद्यालय सेन्ट्रल इण्डिया एकेडमी हायर सेकेण्डरी स्कूल लांजी में 79 वॉ स्वतंत्रता दिवस बडे ही धुमधाम से मनाया गया। सर्वप्रथम शाला के प्राचार्य हेमंत बनकर ने मां सरस्वती व राष्टपिता महात्मा गांधी के छायाचित्र का पूजन एंव मार्ल्यापण कर तिरंगे झंडे की पुजा अर्चना कर ध्वजारोहण 7.30 बजे किया गया। उसके पश्चात् शाला की छात्राओं द्वारा राष्ट्रगान व मध्यप्रदेश गान की प्रस्तुति दी गई । विद्यालय के छात्र छात्राओ द्वारा देशभक्ति गीत व भाषण प्रस्तुत किये गये जिसमें देश के अमर शहीदों को याद किया गया वह उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। तदोपरांत प्रभातफेरी अमर शहीदो के जयघोष करते हुए सुभाष चौक पहुची एंव वहॉं ध्वजारोहण के पश्चात् सालेटेकरी मार्ग से गुजरी चौक होते हुए शाला प्रांगण पहूची। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती संध्या मिश्रा द्वारा महात्मॉं गांधी व स्वतंत्रता सेनानियों को याद किया गया। समिति की सचिव श्रीमति मीरा बनकर व समिति की अध्यक्ष श्रीमती विभा अनिल तिवारी द्वारा अमर शहीदो को पुष्पाजंली अर्पित कर स्वतंत्रता में उनके योगदान के बारे में सभी छात्र छात्राओं को जानकारी प्रदान कर सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य हेमन्त बनकर के द्वारा आभार व्यक्त किया गया तथा कार्यक्रम समाप्ति की घोषणा कर सभी बच्चो को मिष्ठान वितरण करवाकर स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।



# नशा मुक्त अभियान के अंतर्गत 07 बटॉलियन बड़गांव में कार्यक्रम का हुआ आयोजन



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के आलोक में नशीली दवाओं के खतरे के बारे में सार्वजनिक जागरूता बढ़ाने और नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए समर्थन जुटाने के उद्देश्य से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी-07 बटालियन श्री भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद के नेतृत्व में बड़गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में रवीन्द्र सिंह (उप कमाण्डेन्ट), अजय पटियाल (उप कमाण्डेन्ट), निरीक्षक/जीडी विजय सिंह चौहान तथा बटालियन के जवानों ने राष्ट्रव्यापी ड्रग जागरूकता अभियान के तहत भारत देश को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास में जन-भागीदारी के लिए हिस्सा लिया ।

इस अभियान के तहत श्री भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद, द्वितीय कमान अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि युवाओं को नशे की लत के दुष्परिणामों से बचाना अभियान का एक प्रमुख फोकस है । नशे से आजादी के लिए हर स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सकता है । तत्पश्चात् उपस्थित अधिकारियों व जवानों द्वारा देष को नशामुक्त करने के लिए शपथ लिया गया ।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले तीन युवा कृषि विस्तार अधिकारी स्वतंत्रता दिवस के मख्य समारोह में सम्मानित



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कृषि के क्षेत्र में किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित करने, उन्हें निरंतर मार्गदर्शन देने एवं विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए बालाघाट जिले के तीन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों को स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त के अवसर पर जिला मुख्यालय बालाघाट में पुलिस लाइन ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह, विधायक श्रीमती अनुभा मुंजारे, कलेक्टर मृणाल मीना एवं पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय भी उपस्थित थे ।

कृषि विस्तार अधिकारी वारासिवनी के दिलेश कुमार खंडेलकर, बालाघाट के मिलिन्द देशभ्रतार एवं खैरलांजी की सुश्री पूजा राहंगडाले को अपने विभागीय दायित्वों के साथ-साथ किसानों से सतत संपर्क कर उन्हें शासन की योजनाओं से लाभान्वित करने में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। यह तीनों अधिकारी युवा हैं और अथक परिश्रम कर अपने कार्यों को अंजाम तक पहुंचाने का प्रयास करते हैं। इन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्यों से विभाग के अन्य अधिकारियों को भी अच्छा कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलेगा।

इन युवा कृषि विस्तार अधिकारियों को अपने प्रभार के क्षेत्र में कृषि योजनाओं का प्रचार प्रसार एवम लक्ष्य की पूर्ति करते हुए स्ढ्ढस्ब, ङ्गस्, बलराम ताल, विकसित कृषि संकल्प ,सोलर लाइट ट्रेप इत्यादि में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रशस्ति पत्र से नवाजा गया है।

उप संचालक कृषि फूलसिंह मालवीय ने इन सभी कृषि विस्तार अधिकारियों का उत्साहवर्धन कर उन्हें हार्दिक बधाईयां और शुभकामनायें दी है ।

# मप्र कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्षों की घोषणा

### 6 विधायकों, 4 महिला भी बनाई गई अध्यक्ष

भोपाल। मप्र में कांग्रेस ने 71 जिलों के अध्यक्षों की घोषणा कर दी है। इसमें चिंटू चौकसे को इंदौर शहर, जबकि विपिन वानखेड़े को इंदौर ग्रामीण की कमान दी गई है। भोपाल शहर कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, भोपाल ग्रामीण जिला अध्यक्ष अनोखी मानसिंह पटेल को रिपीट किया गया है। गुना में पूर्व सीएम के बेटे और राघौगढ़ से विधायक जयवर्धन सिंह को जिला अध्यक्ष बनाया गया है। उज्जैन शहर मुकेश भाटी और उज्जैन ग्रामीण में महेश परमार को जिम्मेदारी दी गई है। कांग्रेस के 71 जिला अध्यक्षों की लिस्ट में महज 4 महिलाओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। 6वर्तमान विधायकों को भी जिला संगठन की कमान दी गई है। 11 पूर्व विधायकों को भी जिला अध्यक्ष बनाया गया है। अल्पसंख्यक वर्ग से महज सतना शहर में आरिफ इकबाल सिद्धिकी को मकसूद अहमद की जगह मौका दिया गया है।

### इन विधायकों को मिली जिले की कमान

गुना - जयवर्धन सिंह (राघौगढ़ विधायक)
उज्जैन ग्रामीण - महेश परमार (तराना विधायक)
बालाघाट - संजय उईके (बैहर विधायक)
डिंडौरी - ओमकार सिंह मरकाम (डिंडौरी विधायक)
सतना ग्रामीण - सिद्धार्थ कुशवाह (सतना विधायक)
रायसेन - देवेन्द्र पटेल (सिलवानी विधायक)

### इन पूर्व विधायकों को कमान

अलीराजपुर - मुकेश पटेल
इंदौर ग्रामीण - विपिन वानखेड़े
कटनी शहर - कुंवर सौरभ सिंह
मंडला - डॉ अशोक मर्सकोले
नरसिंहपुर - सुनीता पटेल
राजगढ़ - प्रियव्रत सिंह
रतलाम ग्रामीण - हर्ष विजय गहलोत
बैतूल - निलय डागा
जबलपुर ग्रामीण - संजय यादव
बुरहानपुर ग्रामीण - रविन्द्र महाजन
पांढुर्णा - जतन उईके

### इन महिलाओं को कमान

आगर-मालवा - विजयलक्ष्मी तंवर
खंडवा शहर - प्रतिभा रघुवंशी
नरसिंहपुर - सुनीता पटेल
सिंगरौली ग्रामीण - सरस्वती सिंह मरकाम

# भगवान श्री कृष्ण जी के गीता संवाद से मिलती है जीवन जीने का शिक्षा-सांसद श्रीमती पारधी



बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर प्रदेश के अन्य जिलों के साथ बालाघाट जिले में भी जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद बालाघाट द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का बालाघाट शहर के गुजरी चौक स्थित प्राचीन श्री कृष्ण मंदिर में आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर में भगवान श्री कृष्ण एवं राधा जी की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, शिक्षाविद श्रीमति लता एलकर, अभय सेठिया, मंदिर पुजारी ध्रुव कुमार शर्मा, पार्षद श्वेता सौरभ जैन, उज्वल आमाडारे, एसडीएम गोपाल सोनी, राधिका सोनी सहित श्रद्धालुओं की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर सांसद श्रीमती भारती पारधी ने हाथी घोड़ा पालकी ,जय कन्हैया लाल की, के संदेश के साथ कहा कि जन्माष्टमी का पर्व, आज बड़े धूमधाम के साथ हम बना रहे हैं। शासन के द्वारा भी विभिन्न आयोजनों के माध्यम से आगे आने वाली पीढ़ी को श्री कृष्ण जन्माष्टमी के महत्व, श्री कृष्ण जी के जीवन से जुड़े हुए प्रसंग को बताया जा रहा है। यदि हमने बचपन में रामायण सुनी होगी तो वह जीवन भर याद रहती है। हमें भगवान राम के आदर्शों एवं भगवान श्री कृष्ण के गीता संवाद को सुनकर जीवन जीने की शिक्षा मिलती है। यदि हमें दोस्ती सीखना है तो श्री कृष्ण और सुदामा से सीखने की आवश्यकता है। भगवान श्री कृष्ण के गीता संवाद से हमें जीवन की कठिनाइयों का सामना करने की शिक्षा मिलती है। यह धर्म अध्यात्म से जुड़ने का माध्यम है। हमें अपनी आगे आने वाली पीढ़ियों को हम भगवान श्री कृष्ण जी के जीवन प्रसंग से अवगत कराना चाहिए और बच्चों को बचपन से ही अच्छे संस्कार देना चाहिए। श्रीमती पारधी ने कहा कि बालाघाट का प्राचीन श्री कृष्ण मंदिर आस्था का केंद्र रहा है । इस मंदिर में कृष्ण जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजन के लिए उन्होंने जिला प्रशासन को बधाई दी।

नपा अध्यक्ष श्रीमती भारती ठाकुर ने कहा कि आज मध्य प्रदेश शासन द्वारा एक अभिनव प्रयास भगवान श्री कृष्ण जी की जन्माष्टमी पर किया जा रहा है । बालाघाट का यह प्राचीन श्री कृष्ण मंदिर आस्था का प्रतीक है । श्रीमद्भागवत गीता के महत्व को हम समझें इसको लेकर नगर पालिका परिषद द्वारा विद्यालय में आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्री रमेश रंगलानी, शिक्षामित्र श्रीमती लता एलकर ने भी भगवान श्री कृष्ण से जुड़े प्रसंग को सामने रखा। इस अवसर पर नगरपालिका सीएमओ श्री बी. डी. कतरोलीया, बलदेव गुप्ता, जुगल शर्मा सहित नगरपालिका परिषद के कर्मचारी, सामाजिक संगठन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

# जगह-जगह हुआ ध्वजारोहण



कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मुख्यालय में स्थित व्यवहार न्यायालय में न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा ठाकुर ने न्यायालयीन कर्मचारियों और अधिवक्ताओं की उपस्थिति में ध्वजारोहण किया। अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एसडीएम के.सी.ठाकुर, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक सी.एस.कुसराम, जनपद पंचायत कार्यालय में अध्यक्ष कविता देशमुख, नगर परिषद में प्रभारी अध्यक्ष धर्मकला देशमुख, वृहत्ताकार सेवा सहकारी समिति कार्यालय में प्रबंधक डी.सी.परिहार, सांदीपनि स्कूल में प्राचार्य शैलेन्द्र गुप्ता, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्राचार्य एस.पी.डहरवाल, थाने में थाना प्रभारी धमेन्द्र कुसराम, महिला एवं बाल विकास विभाग में परियोजना अधिकारी पुष्पेन्द्र रानाड़े, वीर शिरोमणी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटंगी में डॉ पंकज दुबे, वन परिक्षेत्र कार्यालय में परिक्षेत्र अधिकारी बाबूलाल चढ़ार, विद्युत कार्यालय में सहायक यंत्री राजीव रंजन ने ध्वजारोहण किया।

### जिपं.सभापति केसर बिसेन ने किया ध्वजारोहण

शक्ति विद्या मंदिर परिसर में संचालिका जिला पंचायत सभापति श्रीमती केसर बिसेन ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर समस्त स्कूल स्टॉफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती बिसेन ने कहा कि आज ही दिन 1947 में देश ने ब्रिटिश हुकूमत की लम्बी गुलामी की बेड़ियों को तोड़कर आजादी का नया सवेरा देखा था। देश की आजादी में अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को इस मौके पर नमन करती हूँ।

# मौलाना आजाद एजुकेशन सोसाइटी डोंगरिया में मनाया गया यौमे आजादी पर्व

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। ग्राम डोंगरिया स्थित मौलाना आजाद एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित मौलाना आजाद उर्दू हायर सेकेंडरी स्कूल में यौमे आजादी का जश्न हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।जहा जान भारत पर देने को तैयार है हम वफादार हैं हम वफादार हैं और हम लोग मुसलमान है हम शाने वतन है। जैसे देश प्रेम से ओतप्रोत तराने पेश किए गए। मौलाना आजाद उर्दू हायर सेकेंडरी स्कूल डोगरिया के छात्रों ने 79 वी स्वतंत्रता दिवस की वर्षगांठ विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लिया।इससे पहले संस्था के मुख्य प्रांगण में सुबह 8 बजे जनाब जुल्फिकार अली सैफी द्वारा एवं आनंद मंदरेले की प्रमुख उपस्थिति में ध्वजारोहण किया गया। इसके पश्चात देशभक्ति पूर्ण नारों के साथ छात्रों ने रैली निकाली जो वारासिवनी से बालाघाट रोड हाईवे तक गई रैली बहुत ही सुंदर अनुशासनबध्द एवं आकर्षक थी। इसकी आकषर्कता से चलने वाले लोग मंत्र मुक्त हो गए तथा अनेकों लोगों ने मोबाइल से वीडियो आदि बनाएं।लगभग 9 बजे से यौमे आजादी का कार्यक्रम शुरू हुआ। छात्रों ने भाषण व गीत प्रस्तुत किए ।मुख्य अतिथि जनाब जुल्फिकार अली सैफी द्वारा छात्रों को संबोधित किया गया जिसमें उन्होंने कहा कि जीवन में सही राह चुनने से ही सफलता प्राप्त होती है ।उन्होंने अपनी शायरी में पवित्र कुरान की विशेषताओं का उल्लेख किया उसके पश्चात मदरसे के नाजिम साहब ने अध्यक्षीय भाषण दिया। इस अवसर पर बालाघाट शहर से जनाब अब्दुल मुबीन साहब, हाजी सफीक साहब ,अब्दुल मन्नान साहब ,शेख इस्माइल साहब ,अब्दुल रशीद कुरैशी साहब सहित अन्य गणमान्य नागरिक प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन सिंदूर पर बनी पोस्टर रंगोली ने खीचा हर किसी का ध्यान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। एक ओर प्रदेश शासन के निर्देश पर आजादी का महोत्सव मनाने के लिए हर-घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है तो वही ऑपरेशन सिंदुर की सफलता और शहीदों को श्रद्धाजंली देने के उद्देश्य से नगर के उत्कृष्ठ विद्यालय के सभागार में आकर्षक पोस्टर रंगोली तैयार कि गई है, जो कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर नगरवासियों के लिए आकर्षक का केंद्र बन हुई है।सिंदुर की रक्षा वतन के नाम की थीम पर बनाई गई इस पोस्टर रंगोली को बालाघाट की श्राची जैन, बालाघाट के अनुराग जमगाड़े और कटंगी की आंचल चौधरी ने बनाया है, तीनों ही कलाकारों के द्वारा उत्कृष्ठ विद्यालय के सभागार में पोस्टर रंगोली का निर्माण किया गया है, जिसमें ऑपरेशन सिंदुर की सफलता की कहानी, रंगोली के माध्यम से बयां कर रही है,इस पोस्टर रंगोली में ऑपरेशन सिंदुर के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रंगोली झलक भी नगरवासियों को देखने को मिल रही है,आपको बताए कि तीनों ही कलाकारों के द्वारा विगत 40 घंटे में इस रंगोली का निर्माण किया गया है। जिसमें लगभग 60 किलो रंगोली का उपयोग हुआ है।जो इस स्वतंत्रता दिवस पर आकर्षक का केंद्र नजर आ रही है।



# हट्टा क्षेत्र मे मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हट्टा(पद्मेश न्यूज)। प्रतिवर्ष अनुशार इस वर्ष भी प्रत्येक शासकीय अर्धशासकीय संस्थाओ ,कार्यालय ग्राम पंचायतों मे ध्वजारोहन किया गया तथा स्कूलो द्वारा रैली निकली गई प्रत्येक चौक घरों मे तिरंगा झण्डा शान से लहराता रहा । शा बालक उ मा वि मे प्राचर्या श्रीमती रेखा वानखेडे , शा कन्या उ मा वि मे प्राचार्य मुकेश पटले सनराइज स्कूल मे प्राचार्या क्षरेमाती सुनीता चौधरी , सरस्वती स्कूल में संदीप बर्वे ,ग्राम पंचायत हट्टा सरपंच उमेश सोनेकर,कबीर मंगल भवन मे दशरथ सोनकुसरे , प्रबुद्ध ज्योति स्कूल मे प्राचार्य श्री डि एन रंगारे, ग्राम पंचयत केशलेवाडा मे श्री राधेश्याम मते , ग्राम पंचयत नहारवानी मे आशीष मडावी , ग्राम पंचायत खोड़सिवनी मे पीतमलाल पाँचे , ग्राम पंचायत डुंडासिवनी मे श्री उमेश मात्रे ,ग्राम पंचायत निंदेवाडा मे ताराचंद बघेले , ग्राम पंचायत करियादण्ड मे श्रीमती सरोजनी पाँचे ,ग्राम भालवा मे श्रीमती अलकेश्वरी राहंगडाले , ग्राम हरदोली मे श्री संतोष चौधरी ग्राम परासपानी मे रामेश्वर चौधरी ,हट्टा थाना मे थाना प्रभारी श्री अविनाश राठोर , वन परिक्षेत्र हट्टा (उत्पादन) मे श्री वाय आर मेश्राम, वन परिक्षेत्र सामान्य मे श्री शेंडे जी द्वारा ध्वजारोहण किया गया ।

# बस ऑपरेटर हम फाउंडेशन एजेंट एसोसिएशन के संयुक्त तत्वधान में 47 यूनिट रक्त दान हुआ-मुकेश चौहान

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बस आपरेटर एसोसिएशन एवं हम फाउंडेशन बालाघाट द्वारा 15 अगस्त को बस स्टैंड बालाघाट में 79 वां स्वतंत्रता दिवस बहुत ही धूमधाम से मनाया गया एवं रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया।



भारत की यौमे आजादी का पर्व 15 अगस्त को बस ऑपरेटर यूनियन, हम फाउंडेशन भारत एवं बस एजेंट संघ के संयुक्त तत्वधान में ध्वजारोहण कार्यक्रम किया गया। प्रात: 09 बजे ध्वजारोहण बस ऑपरेटर यूनियन के अध्यक्ष मुकेश चौहान ने किया। जिसमें आपरेटर यूनियन के सचिव एवं हम फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष श्याम कौशल बस एजेंट संघ के संरक्षक गुड्डु कौशल, हम फाउंडेशन भारत के महाकौशल प्रांत के अध्यक्ष युनूस खान पप्पा भाई, बस ऑनर आशीष साहू, पवन मंगे, करतार सिंह राजपूत एजेंट संघ के अध्यक्ष महबूब भाई, संतोष असाटी, संदीप नेमा एवं बड़ी संख्या में चालक परिचालक नागरिक गण शामिल रहे। इसके बाद प्रात: 11बजे से रक्त दान शिविर का आयोजन धर्म शाला में किया गया। प्रदेश के परिवहन एवं स्कूल शिक्षा मंत्री एवं बालाघाट जिले के प्रभारी मंत्री उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य एवं पूर्व मंत्री गौरीशंकर बिसेन, रामकिशोर कावरे तथा पिछड़ा वर्ग आयोग सदस्य श्रीमती मौसम हरिनखेड़े की उपस्थिति में रक्तदान कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। रक्त दान में कुल 47 लोगों ने रक्त दान किया। जिसमें ड्राइवर, कंडक्टर, एजेंट, एनजीओ के सदस्य एवं नागरिक गण शामिल थे। इस कार्यक्रम की खास बात यह थी कि मुंबई के एक यात्री ने भी रक्त दान कर इसे महादान में बदल दिया। मुकेश चौहान एवं श्याम कौशल ने सभी रक्तदाताओं सहित अतिथियों व नागरिकों का धन्यवाद ज्ञापित किया है। मंच का संचालन सज्जू भाई बस एजेंट पदाधिकारी द्वारा किया गया।

# संजय उइके पुन: बनाए गए कांग्रेस जिला अध्यक्ष

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। कांग्रेस ने जिला अध्यक्षों के नाम की सूची शनिवार को जारी कर दी है । बालाघाट में पुन: बैहर विधायक और पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उइके को ही जिला अध्यक्ष बनाया गया है ।

आपको बता दे की लंबे समय से कांग्रेस द्वारा जिला अध्यक्ष बनाए जाने की प्रक्रिया लंबित थी। उसके बाद पुन: अगस्त महीने में यह प्रक्रिया एक बार फिर तेज हो गई। जिसके बाद प्रदेश स्तर से आए पर्यवेक्षकों द्वारा बंद लिफाफे में कांग्रेस जिला अध्यक्षों के दावेदारों के कुछ नाम मंथन कर लेजा लिया था। इसके बाद सभी कांग्रेस जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा होने का इंतजार कर रहे थे। तभी 16 अगस्त को शाम 5:00 बजे कांग्रेस द्वारा कुछ पदों पर पदाधिकारी नियुक्त करते हुए मध्य प्रदेश में 71 कांग्रेस जिला अध्यक्षों के नाम की सूची जारी की गई। जिसमें जिले के बैहर विधायक और पूर्व कांग्रेस जिला अध्यक्ष संजय उइके को पुन: एक बार जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। 16 अगस्त को ही पूर्व पार्षद और कांग्रेस कमेटी में संगठन मंत्री शफकत खान को जिला निर्वाचन कार्यालय में कांग्रेस प्रतिनिधि के रूप में प्रभारी नियुक्त किया गया है।

# रंगोली सज्जा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

कटंगी(पद्मेश न्यूज)। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद कंटगी द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र-छात्राओं द्वारा 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरूप वरिष्ठ कार्यालय के निर्देशानुसार हर घर तिरंगा , हर घर स्वच्छता , स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान अंतर्गत रंगोली सज्जा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विकासखंड समन्वयक सुरेंद्र कुमार भगत, देवी प्रसाद तिवारी, दुर्गेश सहारे, युवराज मुर्खे, अभ्युदय संस्था के अध्यक्ष संदीप शर्मा, परामर्शदाता अरविंद दरवाड़े, अंजू डोंगरे, राजकुमार ब्योत्रा, अवलेश पारधी, शालू रावत, सीएमसीएलडीपी के सामाजिक कार्यकर्ता ट्विंकल बाघमारे, सियोग गोस्वामी, उर्वशी पटले, गंगा पंचेश्वर, आभा शिव, कमलेश बघेल, सुंदर लाल हरदे, चुलेंद्र चैधरी प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## एशिया कप टी20

# रिंकू सिंह की जगह पर संदेह, चयनकर्ताओं के सामने बड़ी चुनौती

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाज रिंकू सिंह का नाम एशिया कप टी20 स्क्वॉड में शामिल होगा या नहीं, इस पर गहरी आशंकाएँ बनी हुई हैं। भारतीय टीम की घोषणा मंगलवार 19 अगस्त को चयन समिति द्वारा की जाएगी, जिसकी अगुवाई मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर करेंगे। माना जा रहा है कि इस बार चयन समिति कुछ कड़े और चौंकाने वाले फैसले ले सकती है।

### रिंकू की स्थिति अस्थिर

रिंकू सिंह ने आईपीएल 2023 में यश दयाल की गेंद पर लगातार पांच छक्के लगाकर क्रिकेट जगत का ध्यान खींचा था। तभी से उन्हें भारतीय टीम में संभावित फिनिशर के रूप में देखा जाने लगा। हालांकि पिछले एक साल में उनके करियर ग्राफ में गिरावट आई है। वह टी20 विश्व कप 2024 के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए और केवल स्टैंडबाय में रखे गए। आईपीएल 2024 में उन्होंने महज 113 गेंदों का सामना किया था, जबकि 2025 में यह संख्या 134 गेंदों तक ही रही। यह आँकड़े इस बात की ओर इशारा करते हैं कि उनकी टीम में भूमिका लगातार सीमित होती जा रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि आईपीएल 2024 में कोलकाता नाइट राइडर्स के मुख्य



रणनीतिकार वही गौतम गंभीर थे, जो वर्तमान में भारतीय टीम के मुख्य कोच हैं।

### टीम संयोजन की चुनौती

एशिया कप स्क्वॉड को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि टीम में जगह किसकी होगी और किसे बाहर बैठना पड़ेगा। यदि सभी खिलाड़ी फिट और उपलब्ध रहते हैं, तो अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन, तिलक वर्मा, कप्तान सूर्यकुमार यादव और हार्दिक पंड्या की जगह पक्की मानी जा रही है। इसके अलावा शुभमन गिल और यशस्वी जायसवाल के चयन की भी पूरी संभावना है। ऐसे में चयनकर्ताओं को सीमित स्थानों को लेकर कठिन निर्णय लेने होंगे। एक पूर्व राष्ट्रीय चयनकर्ता ने कहा- "लोग अक्सर कहते हैं कि अमुक खिलाड़ी को चुनना चाहिए, लेकिन यह कोई नहीं बताता कि किसकी जगह? उदाहरण के लिए, श्रेयस अय्यर ने 180 के स्ट्राइक रेट से 600 रन बनाए हैं, लेकिन वे शीर्ष चार में बल्लेबाजी करते हैं। अब उनके लिए जगह कहाँ निकाली जाए?"

### शुभमन गिल और रिंकू पर सवाल

पूर्व चयनकर्ता के मुताबिक, टेस्ट कप्तान शुभमन गिल को बाहर रखना संभव नहीं है। ऐसे में समझौता निचले क्रम के खिलाड़ियों के साथ करना पड़ सकता है। मुझे तो रिंकू की जगह पर ही संदेह नज़र आ रहा है क्योंकि मौजूदा बल्लेबाजी क्रम में उनकी उतनी ज़रूरत नहीं है। और ध्यान रहे, हम अभी जायसवाल की बात ही नहीं कर रहे हैं," पूर्व चयनकर्ता ने कहा। अगर रिंकू बाहर होते हैं, तो टीम में शिवम दुबे (ऑलराउंडर) और जितेश शर्मा (दूसरे विकेटकीपर) जैसे विकल्प मौजूद हैं, जो फिनिशर की भूमिका अच्छे से निभा सकते हैं। वहीं ऑलराउंडर नितीश रेड्डी के फिट न होने की संभावना अधिक है। टीम चयन के बाद चीफ सेलेक्टर अजीत अगरकर प्रेस कॉन्फ्रेंस करेंगे और चयन से जुड़े सवालों का जवाब देंगे।

## जैकब बेथेल तोड़ेंगे 136 साल पुराना रिकॉर्ड, बनेगें इंग्लैंड के सबसे युवा कप्तान

नई दिल्ली। इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल इतिहास रचने के करीब हैं। उन्हें आयरलैंड के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज के लिए इंग्लैंड का कप्तान नियुक्त किया गया है। जैसे ही वह 17 सितंबर को पहले टी20 मैच में मैदान पर उतरेंगे, वह इंग्लैंड क्रिकेट के 136 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ देंगे और अपनी टीम के सबसे युवा कप्तान बन जाएंगे। इससे पहले इंग्लैंड के सबसे युवा कप्तान का रिकॉर्ड मोंटी बोडेन के नाम था, जिन्होंने 1889 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट मैच में कप्तानी की थी। उस समय उनकी उम्र 23 वर्ष थी और उन्होंने बीमार कप्तान ऑब्रे स्मिथ की जगह टीम की बागडोर संभाली थी। अब 21 वर्षीय बेथेल यह रिकॉर्ड तोड़कर इतिहास में अपना नाम दर्ज कराने वाले हैं।

बेथेल ने अब तक इंग्लैंड के लिए 13 टी20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। इस दौरान उन्होंने 154.39 की स्ट्राइक रेट से 281 रन बनाए हैं और चार विकेट भी झटके हैं। अपनी आक्रामक बल्लेबाजी और उपयोगी गेंदबाजी के कारण वह



टीम प्रबंधन की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। इस सीरीज के लिए इंग्लैंड ने कई सीनियर खिलाड़ियों को आराम दिया है। नियमित कप्तान हैरी ब्रूक भी टीम का हिस्सा नहीं होंगे, क्योंकि वह सितंबर की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ वनडे और टी20 सीरीज में टीम का नेतृत्व करेंगे। ऐसे में बेथेल को कप्तान बनाकर इंग्लैंड ने युवाओं पर भरोसा जताया है।

इंग्लैंड के चयनकर्ता ल्यूक राइट ने कहा कि जैकब बेथेल ने हाल के दिनों में अपनी नेतृत्व क्षमता से सभी को प्रभावित किया है। आयरलैंड के खिलाफ यह सीरीज उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपने कप्तानी कौशल को और निखारने का शानदार अवसर देगी। बेथेल की कप्तानी में इंग्लैंड किस तरह का प्रदर्शन करता है, इस पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी, क्योंकि यह सीरीज उनके करियर और इंग्लैंड क्रिकेट दोनों के लिए ऐतिहासिक साबित हो सकती है।

**आयरलैंड दौरे के लिए इंग्लैंड की टीम इस प्रकार है**

जैकब बेथेल (कप्तान), रेहान अहमद, सनी बेकर, टॉम बैंटन, जोस बटलर, लियाम डॉसन, टॉम हार्टली, विल जैक्स, साकिब महमूद, जेमी ओवरटन, मैथ्यू पॉट्स, आदिल रशीद, फिल सॉल्ट और ल्यूक वुड।

## रोहित शर्मा के समर्थन में आए योगराज सिंह, आलोचको दिया करारा जवाब

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट में इन दिनों चर्चा का बड़ा मुद्दा कप्तान रोहित शर्मा का भविष्य है। टी20 और टेस्ट से रिटायरमेंट के बाद अब आलोचक कह रहे हैं कि उन्हें वनडे क्रिकेट से भी संन्यास ले लेना चाहिए। कई विशेषज्ञों का मानना है कि 2027 विश्व कप तक रोहित की उम्र 40 साल हो जाएगी और ऐसे में युवाओं को मौका मिलना चाहिए। फिलहाल 38 वर्षीय रोहित केवल वनडे प्रारूप में भारत के लिए उपलब्ध हैं और इसी कारण से उनकी फिटनेस और टीम के भविष्य पर सवाल उठाए जा रहे हैं। इन आलोचनाओं के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर और युवराज सिंह के पिता योगराज सिंह ने रोहित शर्मा का मजबूती से समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि भारत को रोहित जैसे खिलाड़ी की बेहद जरूरत है और अगर वे चाहें तो 45 साल की उम्र तक भी खेल सकते हैं। योगराज ने कहा, रोहित शर्मा, वो इंसान जिसके बारे में कई लोग बकवास करते हैं। मैंने पहले ही कहा था कि रोहित मेरे आदमी हैं और वही मेरे लिए असली खिलाड़ी हैं। उनकी बल्लेबाजी को बाकी खिलाड़ियों से तुलना नहीं की जा सकती। उनकी एक पारी पूरी दुनिया के सामने उनका क्लास दिखा देती है। योगराज सिंह ने आगे कहा कि रोहित को देश के लिए और लंबे समय तक खेलना चाहिए।

## एसए20 नीलामी में घरेलू खिलाड़ियों को बड़े मौके मिलने की उम्मीद- क्रिस मौरिस

जोहानिसबर्ग। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व ऑलराउंडर क्रिस मौरिस का मानना है कि एसए20 लीग के चौथे सत्र की नीलामी में स्थानीय खिलाड़ियों को इस बार बड़ी संख्या में अवसर मिल सकते हैं। लीग का नया सत्र 26 दिसंबर से शुरू होगा, जबकि खिलाड़ियों की नीलामी 9 सितंबर को जोहानिसबर्ग में होगी। 'सुपरस्पोर्ट' से बातचीत में मौरिस ने कहा, नीलामी हमेशा रोमांचक होती है, लेकिन इस बार यह एसए20 की अब तक की सबसे बड़ी नीलामी होगी। कई खिलाड़ियों को पहले ही रिटेन किया गया है और कुछ वाइल्ड कार्ड से चुने गए हैं।



इस बार छह फ्रैंचाइजियों के पास 19-19 खिलाड़ियों की टीम पूरी करने के लिए कुल 84 स्लॉट उपलब्ध हैं। इसके लिए उन्हें 74 लाख अमेरिकी डॉलर खर्च करने की अनुमति है, जो 2022 में लीग की शुरुआत के बाद से अब तक की सबसे बड़ी धनराशि है। मौरिस के मुताबिक, कुछ टीमों के पास खर्च करने के लिए पर्याप्त बजट है, जबकि कुछ ने पहले ही आधी टीम भर ली है और उनके पास सीमित धन है। ऐसे में घरेलू खिलाड़ियों को मौके मिलने की संभावना और भी बढ़ जाती है।

नीलामी में प्रमुख नामों की बात करते हुए मौरिस ने कहा कि एडेन मार्कराम मुख्य आकर्षण होंगे, क्योंकि उन्हें उनकी टीम ने रिटेन नहीं किया है। इसके अलावा युवा बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस और तेज गेंदबाज क्वेना मफाका भी अच्छी बोली पा सकते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि क्वेना मफाका बोली लगाने की होड़ के केंद्र में होंगे। डेवाल्ड ब्रेविस एक और नाम हैं, क्योंकि उन्हें रिटेन नहीं किया गया है। रासी वान डर डुसेन भी अपने अनुभव के चलते अच्छी कीमत हासिल कर सकते हैं।

स्थानीय और विदेशी खिलाड़ियों के पंजीकरण की अंतिम तारीख 18 अगस्त तय की गई है। रिटेन किए गए खिलाड़ियों में निकोलस पूरन, आंद्रे रसेल, सुनील नरेन, इंग्लैंड के जोस बटलर और जॉनी बेयरस्टो जैसे बड़े नाम शामिल हैं। मौरिस का मानना है कि इस बार की नीलामी न केवल बड़े अंतरराष्ट्रीय सितारों पर, बल्कि घरेलू प्रतिभाओं पर भी रोशनी डालेगी, जिससे दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट को मजबूत आधार मिलेगा।

## सीनियर खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती करेगा पीसीबी...बाबर आजम और मोहम्मद रिजवान के नाम शामिल

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के निराशाजनक प्रदर्शन का खामियाजा खिलाड़ियों को भुगतना पड़ सकता है। दरअसल रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सीनियर खिलाड़ियों की सैलरी में कटौती करने की तैयारी में है। इसमें कप्तान बाबर आजम और विकेटकीपर मोहम्मद रिजवान जैसे दिग्गज खिलाड़ी भी शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बोर्ड खिलाड़ियों के सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट से उस हिस्से को हटाने की तैयारी में है, जिसमें आईसीसी के राजस्व का 3 प्रतिशत हिस्सा जोड़ा गया था। यह व्यवस्था करीब दो साल पहले टीम के सीनियर खिलाड़ियों के दबाव में लागू की गई थी।

पाकिस्तान टीम का इस साल का प्रदर्शन बेहद बेकार रहा है। टीम ने अब तक तीन टेस्ट मैच खेले हैं, जिसमें से केवल एक में जीत दर्ज की है। वनडे क्रिकेट में पाकिस्तानी क्रिकेट टीम की हालात और भी खराब है। पाकिस्तान ने इस साल 11 वनडे खेले हैं, जिसमें से सिर्फ दो ही जीत सकी है। वहीं, टी20 क्रिकेट में भी टीम का संतुलन बिगड़ा रहा। पाकिस्तान ने इस प्रारूप में 14 मैच खेले, जिसमें से सात जीते और सात में हार मिली। यह आंकड़े दिखाते हैं कि टीम तीनों प्रारूपों में स्थिरता हासिल करने में नाकाम रही है।

हाल ही में पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज में करारी हार का सामना करना पड़ा। शाई होप ने शानदार शतक लगाकर पाकिस्तान की हार सुनिश्चित की। उन्होंने नाबाद 120 रन बनाए, जबकि तेज गेंदबाज जेडन सील्स ने छह विकेट चटकाकर पाकिस्तान की बल्लेबाजी को ध्वस्त किया। वेस्टइंडीज ने पाकिस्तान को 202 रनों से हराकर सीरीज अपने नाम की। यह 1991 के बाद पहली बार था जब कैरेबियाई टीम ने पाकिस्तान के खिलाफ द्विपक्षीय वनडे सीरीज पर कब्जा जमाया। इतना ही नहीं, यह पहली बार भी था जब पाकिस्तान को वेस्टइंडीज के खिलाफ 200 से अधिक रनों के अंतर से हार का सामना करना पड़ा।

इस शर्मनाक हार ने पाकिस्तान टीम की कमियों को पूरी तरह उजागर किया है। घरेलू स्तर पर भी टीम का प्रदर्शन संतोषजनक नहीं रहा। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज हारने के बाद से आलोचनाओं का सिलसिला लगातार जारी है। इसके बाद पीसीबी प्रबंधन टीम की नाकामियों का सीधा असर खिलाड़ियों की कमाई पर डालने की तैयारी में है। अगर रिपोर्ट्स सही साबित होती हैं, तब आने वाले दिनों में सीनियर खिलाड़ियों के कॉन्ट्रैक्ट में बदलाव लागू कर दिए जाएंगे। पाकिस्तान क्रिकेट का यह संकट साफ इशारा करता है कि केवल खिलाड़ियों के प्रदर्शन में सुधार ही बोर्ड और फैंस की उम्मीदों को पूरा कर सकता है।

## गिल को बीसीसीआई फ्यूचर में तीनों फॉर्मेट का बनाना चाहता है कप्तान

नई दिल्ली। संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा की जोड़ी आगामी एशिया कप में पारी का आगाज करती नजर आएगी, लेकिन इस बीच शुभमन गिल का नाम भी चर्चा में है। गिल को इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टेस्ट टीम की कमान सौंपी गई थी और उनकी अगुवाई में भारत सीरीज 2-2 से ड्रॉ कराने में कामयाब रहा। गिल की लीडरशिप को देखते हुए बीसीसीआई उन्हें फ्यूचर में तीनों फॉर्मेट का कप्तान बनाना चाहता है, ऐसे में कहा जा रहा है कि एशिया कप में उनका चयन हो सकता है और वह टीम के उप-कप्तान भी बन सकते हैं।

गिल लिमिटेड ओवर क्रिकेट में ओपनिंग करना पसंद करते हैं, ऐसे में उन्हें एशिया कप में मौका मिलता है तो उनकी सीधी टक्कर संजू सैमसन से होगी। संजू सैमसन और शुभमन गिल के आंकड़ों देखें तो सैमसन ने वैसे तो 42 मैच खेले हैं, लेकिन गिल को अभी तक 21 मुकाबलों में मौका मिला है। शुभमन गिल



ने 21 टी20 में 30.42 की औसत से 578 रन बनाए हैं। उनके बल्ले से 170 रन जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच पारियों में 42.50 की औसत से आए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन पारियों में 72 की औसत से 144 रन और श्रीलंका के खिलाफ पांच पारियों में 26.20 की औसत से 131 रन बनाए हैं। इसके अलावा, वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच पारियों में उन्होंने 20.40 की औसत से 102 रन बनाए हैं।

वहीं 21 टी20 मैचों के बाद, सैमसन के नाम 18.82 की औसत से 320 रन दर्ज थे। श्रीलंका के खिलाफ सात पारियों में उन्होंने 14.57 की औसत से 102 रन बनाए थे। सैमसन ने आयरलैंड के खिलाफ एक पारी में 77 रन और वेस्टइंडीज के खिलाफ चार पारियों में 21.33 की औसत से 64 रन भी बनाए थे।

21 टी20 मैचों के बाद गिल का स्ट्राइक रेट 139.27 है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन पारियों में 184.61 और श्रीलंका के खिलाफ पांच पारियों में 135.05 का स्ट्राइक रेट से रन बनाए थे। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच पारियों में उनका स्ट्राइक रेट 120 और जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच पारियों में 125.92 का है। वहीं 21 मैचों के बाद सैमसन का स्ट्राइक रेट 131.14 का था। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन पारियों में उनका स्ट्राइक रेट 141.17 और श्रीलंका के खिलाफ सात पारियों में 125.92 का रहा।

## ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान सिम्पसन का निधन, भारतीय टीम को दी थी कोचिंग

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान बॉब सिम्पसन का शनिवार को सिडनी में निधन हो गया। सिम्पसन की उम्र 89 साल थी। सिम्पसन का योगदान बतौर खिलाड़ी, कप्तान और कोच तीनों भूमिकाओं में शानदार रहा। सिम्पसन उन क्रिकेटर्स में शामिल थे जिन्होंने ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट को मुश्किल दौर से बाहर निकालकर वर्ल्ड क्लास टीम बनाया। साल 1999 के वनडे वर्ल्ड कप में सिम्पसन भारतीय टीम के साथ कंसल्टेंट के तौर पर जुड़े थे। बॉब सिम्पसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए 62 टेस्ट मैचों में 46.81 की औसत से 4869 रन बनाए, जिसमें 10 शतक और 27 अर्धशतक लगाए। सिम्पसन ने साल 1964 में मैनचेस्टर टेस्ट मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 311 रनों की पारी खेली। यह एशेज इतिहास की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक है। सिम्पसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए दो वनडे मुकाबले खेले, जिसमें उन्होंने 36 रन बनाए। सिम्पसन शानदार स्लिप फील्डर और उपयोगी लेग स्पिनर भी थे। सिम्पसन ने टेस्ट में 71 और ओडीआई में 2 विकेट झटके। बॉब सिम्पसन ने 1968 में संन्यास ले लिया था, लेकिन कैरी पैकर वर्ल्ड सीरीज के दौर में ऑस्ट्रेलिया टीम को संभालने के लिए वह दोबारा मैदान में लौटे और टीम की कप्तानी भी की। बॉब सिम्पसन ने ऑस्ट्रेलिया के लिए अपना डेब्यू टेस्ट मैच दिसंबर 1957 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ जोहानिसबर्ग में खेला था।

## इरफान पठान बोले, नंबर-3 पर बल्लेबाजी से नाराज हुआ था टीम का सीनियर खिलाड़ी

नई दिल्ली। पूर्व भारतीय ऑलराउंडर इरफान पठान अपनी स्विंग गेंदबाजी के लिए मशहूर रहे, लेकिन जब भी टीम को जरूरत पड़ी, उन्होंने बल्ले से भी योगदान दिया। अपने करियर के दौरान उन्हें कई बार नंबर-3 पर बल्लेबाजी का मौका मिला और उन्होंने इस जिम्मेदारी को निभाते हुए प्रभावित किया। हालांकि, हाल ही में इरफान ने खुलासा किया कि एक बार तीसरे नंबर पर उन्हें भेजे जाने पर टीम का एक सीनियर खिलाड़ी बेहद नाराज हो गया था।

अपने एक इंटरव्यू में इरफान ने बिना नाम लिए कहा कि उस खिलाड़ी को यह पसंद नहीं आया कि उन्हें ऊपर भेजा गया। उन्होंने बताया, मैंने कुछ नहीं कहा; मैं उस वक्त काफी युवा था। वो ऐसा खिलाड़ी था जो सोचता था कि वह मुझसे बेहतर बल्लेबाज है। क्रिकेट में कोई स्थायी दोस्ती या दुश्मनी नहीं होती। तब कहा जाता था, 'ये मुझसे ऊपर क्यों जा रहा है बैटिंग करने?' इरफान ने साफ किया कि यह खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, राहुल द्रविड़, सौरव गांगुली, वीरेंद्र सहवाग या वीवीएस लक्ष्मण में से कोई नहीं था।

## बुमराह के वर्कलोड मैनेजमेंट पर भुवनेश्वर कुमार का समर्थन

नई दिल्ली। इंग्लैंड दौरे पर भारतीय टीम के शानदार प्रदर्शन के बावजूद सबसे ज्यादा चर्चा जिस मुद्दे पर हुई, वह था तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का वर्कलोड मैनेजमेंट। एंडरसन ट्रॉफी में भारत ने 5 में से 3 टेस्ट मैच जीते और सीरीज़ अपने नाम की, लेकिन बुमराह केवल 3 मैचों में ही खेल पाए। जिन दो मुकाबलों में वे नहीं खेले, वहां मोहम्मद सिराज ने अपनी धारदार गेंदबाज़ी से टीम को जीत दिलाई। इसके बाद बुमराह की आलोचना होने लगी और कई पूर्व खिलाड़ियों ने उन पर 'मैच चुनने और छोड़ने' के फॉर्मूले का आरोप लगाया।



हालाँकि, भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज भुवनेश्वर कुमार उनके समर्थन में आगे आए हैं। भुवनेश्वर, जिन्होंने 2014 और 2018 में इंग्लैंड का दौरा किया था, का मानना है कि बुमराह का गेंदबाजी एक्शन ऐसा है जिससे चोट का खतरा हमेशा बना रहता है। ऐसे में उनके वर्कलोड को लेकर सवाल उठाने के बजाय समझने की ज़रूरत है। भुवी के मुताबिक, बुमराह ने वर्षों से सभी फॉर्मेट में भारत के लिए बेहतरीन प्रदर्शन किया है और लगातार उच्च स्तर की गेंदबाज़ी करना आसान नहीं होता। उनका कहना है कि अगर आप चाहते हैं कि किसी खिलाड़ी का करियर लंबा चले तो उसका सावधानीपूर्वक प्रबंधन करना ही होगा।

भुवनेश्वर ने यह भी कहा कि बुमराह हमेशा कठिन परिस्थितियों में गेंदबाजी करते हैं, जिससे उन पर मानसिक और शारीरिक दबाव बढ़ता है। ऐसे में यदि टीम प्रबंधन उन्हें कुछ मैचों से आराम देता है तो यह सही फैसला है। उन्होंने यह तर्क भी दिया कि बुमराह की उपलब्धता कम मैचों में भी टीम के लिए फर्क पैदा करती है। एंडरसन ट्रॉफी में उन्होंने केवल तीन टेस्ट खेलकर 14 विकेट हासिल किए और दो बार पारी में पांच-पांच विकेट भी लिए।

भुवी का मानना है कि ऐसे योगदान के बाद यह कहना गलत होगा कि बुमराह टीम के लिए पर्याप्त नहीं खेल रहे।

आईपीएल में अभी भी सक्रिय भुवनेश्वर ने हाल ही में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की पहली जीत में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने कहा कि मैच चुनना कोई अपराध नहीं है। अगर चयनकर्ताओं और टीम मैनेजमेंट को पता है कि बुमराह तीन मैच खेलकर भी जीत दिला सकते हैं, तो इसमें कोई हर्ज नहीं होना चाहिए। उनके अनुसार, बुमराह एक सच्चे मैच विनर हैं और जब भी मैदान पर उतरते हैं, टीम को जीत के करीब ले जाते हैं। 31 वर्षीय बुमराह भले ही इंग्लैंड में सीरीज़ जीत के निर्णायक क्षणों में हमेशा मैदान पर न हों, लेकिन भारतीय तेज गेंदबाज़ी आक्रमण की रीढ़ बने हुए हैं। भुवनेश्वर ने साफ कहा कि टीम इंडिया के पास ऐसे खिलाड़ियों का सही प्रबंधन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं है और बुमराह जैसे मैच विनर को लंबी रेस का घोड़ा बनाए रखने के लिए वर्कलोड मैनेजमेंट बेहद ज़रूरी है।


**कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट, जिला बालाघाट (म.प्र.)**

Ph. 07632-240359 Fax. 07632-241360 mail ld-jsdjbgt@mp.gov.in mail ld-districtjailbalaghat@gmail.com

www.mptenders.gov.in के माध्यम से

क्रमांक ...03...... / निर्वाह / 2025 बालाघाट, दिनॉक 12/08/2

**ई-टेण्डरिंग निविदा वित्तीय वर्ष 2025-2026 (तृतीय आमंत्रण)**

जेल मुख्यालय म.प्र. भोपाल द्वारा जारी क्रमांक 18807 / निर्वाह शाखा / दिनांक 08.08.2025 में दिये गये निर्देश के परिपालन में वर्ष 2025-2026 के लिए जिला जेल बालाघाट में परिरूद्ध बंदियों हेतु मध्यप्रदेश जेल पूर्ति नियम 1968 तथा मध्यप्रदेश भण्डार क्रय नियम 2015 (यथा संशोधन 2022) के तहत खण्ड-1 खाद्यान्न सामग्री, की तृतीय वार्षिक निविदा ई-टेण्डर के माध्यम से दिनांक 04.09.2025 को शाम 05:30 बजे तक आमंत्रित की गई जाती है। निविदा का कार्यक्रम विवरण निम्नानुसार है।

| विवरण | दिनांक एवं समय | स्थान |
|---|---|---|
| ऑनलाईन निविदा प्रकाशन | 14.08.2025 | mptenders.gov.in |
| प्रीबिड मीटिंग | 28.08.2025 | जिला जेल बालाघाट |
| निविदा फार्म क्रय करने की अंतिम तिथि निविदा फार्म की कीमत रू 1000/- प्रतिफार्म ऑनलाईन शीर्ष 0056-800 अन्य प्राप्तियां में जमा किया जावेगा | 04.09.2025 को प्रातः 05:00 बजे | mptenders.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है। |
| ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | 04.09.2025 को सायंकाल 05:30 बजे | mptenders.gov.in पर स्वीकार की जावेंगी। |
| तकनीकी निविदा (आवश्यक दस्तावेज) एवं नमूनों की गुणवत्ता परीक्षण | 08.09.2025 को प्रातः 11:30 बजे | कार्यालय अधीक्षक जिला जेल बालाघाट |
| ऑनलाईन निविदा खोलने की तिथि | 09.09.2025 को दोपहर 12:30 बजे | .................................. |

निविदा फार्म एवं निविदा से संबंधित जानकारी www.mptenders.gov.in बेवसाईट पर भी देखी जा सकती है। निविदा फार्म दर्शित बेवसाईड पर क्रेडिट कार्ड या ऑनलाईन पेमेन्ट कर क्रय किया जा सकता है।

जेल अधीक्षक
जिला जेल बालाघाट(म.प्र.)

जी - 17293/25

स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता

# नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की

## जन्माष्टमी के पावन पर्व पर क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण की धूमधाम से की पूजा-अर्चना

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नंद के घर आनंद भयो, जय कन्हैया लाल की, हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की卐 के जयघोष के साथ लांजी नगर व आसपास के क्षेत्र में भगवान श्रीकृष्ण का जन्माष्टमी पर्व बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पावन अवसर पर 16 अगस्त को घर-घर में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं की स्थापना की गई, जबकि 18 अगस्त, सोमवार को इन प्रतिमाओं का विधि-विधान के साथ विसर्जन किया जाएगा।

जन्माष्टमी के इस विशेष पर्व पर लांजी नगर में सुबह से ही उत्सव का माहौल देखने को मिला। भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमाओं की दुकानें नगर के प्रमुख स्थानों पर सजीं, जहां लोग उत्साह के साथ प्रतिमाएं खरीदने पहुंचे। विशेष रूप से बस स्टैंड सुभाष चौक के आसपास मूर्तिकारों ने अपनी दुकानें सजाईं, जहां विभिन्न आकार-प्रकार की आकर्षक मूर्तियां उपलब्ध थीं। नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से आए लोगों में भी भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा खरीदने और अपने घरों में स्थापित करने का विशेष उत्साह देखा गया।



लोग सुबह से ही मूर्तियों का चयन करने में व्यस्त रहे। ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के श्रद्धालु अपनी आस्था और भक्ति के साथ कन्हैया लाल की मूर्तियों को घर ले गए। शाम होते ही घरों में भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमाओं की स्थापना की गई और विधि-विधान के साथ पूजन-अर्चन का दौर शुरू हुआ। मंदिरों और घरों में भक्ति भजनों की स्वरलहरियां गूंज उठीं, जिसने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया।

जन्माष्टमी का यह पर्व भगवान श्रीकृष्ण के जन्म का उत्सव है, जो भक्तों के लिए आस्था, भक्ति और उल्लास का प्रतीक है। इस अवसर पर लोग न केवल भगवान की पूजा-अर्चना करते हैं, बल्कि उनके जीवन और शिक्षाओं को भी याद करते हैं। लांजी और आसपास के क्षेत्रों में इस पर्व को लेकर लोगों में विशेष उत्साह देखा गया। मूर्तिकारों ने भी बताया कि इस बार मूर्तियों की मांग में काफी वृद्धि हुई है, और लोग विभिन्न प्रकार की सुंदर और आकर्षक मूर्तियों को पसंद कर रहे हैं। 18 अगस्त को प्रतिमाओं के विसर्जन के साथ यह उत्सव संपन्न होगा, लेकिन तब तक लांजी नगर और आसपास के क्षेत्रों में भक्ति और उत्साह का माहौल बना रहेगा। यह पर्व न केवल धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक परंपराओं को भी मजबूत करता है।

## झरने में पैर फिसलकर गिरने से अनीश की मौत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम चिलोरा स्थित निरोलापाट झरना में घुमने गये 16 वर्षीय बालक अनीश पिता गुडूल मानकर निवासी पौसेरा की पैर फिसलकर गिरने से मृत्यू हो गई। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 15 अगस्त को दोपहर 1 बजे अनीश अपने दोस्तो सुभाष मानकर, विकास पांचे, योगेश बाहे के साथ झुमने गया था। मृतक का भाई मनीष ने पुलिस को जानकारी में बताया कि मेरे चचा का बेटा शुभम मानकर ने फोन करके बताया कि तेरा भाई अनीश मानकर निरोलापाट चिलोरा के पहाड़ी झरने से फिसलकर गिर गया है जिससे उसे गंभीर चोटे आई है तुम जल्दी से घटना स्थल पर आ जाओ। तब मै और मेरी पत्नि और चाची जीरन मानकर घटना स्थल पर जाकर देखा तो भाई अनीश झरने के पास पहाड़ी से नीचे तरफ पत्थर में गिरा हुआ जिसके नाक एवं आंख के पास चोट थी अत्यधिक खुन बह रहा था। फिर हम लोगो ने अनीश को उठाकर लांजी सिविल अस्पताल लेकर आये जहां उपस्थित डॉक्टर ने अनीश की जांच कर बताया कि इसकी मृत्ये हो चुकी है। घटना के संबध में लांजी पुलिस को सूचित किया गया पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कार्यवाही अनीश के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनो को सौंप दिया गया। उक्त संबध में पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया गया है।



## पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुम्हारी कला में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस पूर्ण हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रभारी प्राचार्य कमल किशोर मेश्राम ने प्रात: ध्वजारोहण किया। इसके बाद छात्र-छात्राओं और शिक्षक-कर्मचारियों ने देशभक्ति नारों के साथ प्रभात फेरी निकाली। सुबह 10 बजे आयोजित बालसभा में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत सदस्य दुलीचंद राजनिरे, सरपंच श्रीमती राधिका कंकरायने और डॉ. भुनेश्वर बल्ले उपस्थित रहे। वरिष्ठ शिक्षक बी.एल. घरते ने कक्षा 10वीं में हिंदी विषय में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को 1000 रुपये का नगद पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने भविष्य में भी ऐसे छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। इसके अतिरिक्त, कक्षा 10वीं और 12वीं में उच्चतम अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को विद्यालय द्वारा पुरस्कार दिए गए। प्रभारी प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में छात्रों को अनुशासित रहकर अध्ययन करने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में शिक्षक-शिक्षिकाओं श्रीमती रीमा हरिनखेड़े, टिकेश्वर कर्राहे, तरुणा बनोठे, सतीश मडामे, डुलेस्वर बाघमोरे, अरुण रणदीवे, जितेंद्र पटले, राहुल सुखदेवे, विमल तुरकर, चंद्रकिशोर कुतराहे, निलेश तिडके, रामकली देशमुख,



हनोते, शशिकांत चौहान, टीकाराम नेवारे, लीलचंद घोरमारे, रूपलाल वाहने, कुमारी अंजना चौहान, भरतलाल घरते, श्रीमती मधुपुष्पा ठाकुर, पुरुषोत्तम गिरेपूंजे, उदयचंद रहांगडाले, आत्मेश रिनहायत, एल.आर. राजकुमार धनवाले और राहुल कोरे उपस्थित रहे। अनिल नखाते, रमेश मेरावी और राजकुमार बागड़े ने सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संचालन श्रीमती सुषमा गेडाम और गजेंद्र प्रसाद बोपचे ने किया।

# आन बान शान के साथ लहराया तिरंगा

लांजी (पद्मेश न्यूज)। आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 78 वाँ वर्षगांठ लांजी में आन बान शान के साथ तिरंगा फहराकर मनाया गया। लांजी नगर मे विभिन्न प्रमुख स्थानों पर ध्वजारोहण किया गया तो नगर का मुय समारोह विरांगना रानी अवंती बाई स्टेडियम आयोजित हुआ जहां पर राष्ट्रगान, मध्यप्रदेश गान, मुयमंत्री जी के संदेश वाचन का आयोजन किया तथा विभिन्न विभागो में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियो को प्रमाण पत्र का वितरण किया गया।

प्रतिवर्ष नगर के हृदय स्थल सुभाष चौक में स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाता है। जहां पर नगर के समस्त शासकीय एवं अशासकीय स्कूलो के छात्र छात्राऐं, शिक्षक गण, प्रभात फेरी के रूप में पंहुचते है साथ ही नगर के गणमान्य नागरिक गण, नगर की जनता उपस्थित रहती है। इस स्थल पर लांजी किरनापुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात समस्त उपस्थित जनो के द्वारा ध्वज सलामी, राष्ट्रगान के पश्चात



भारत माता के जयघोष के नारे लगाये गये। विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा इस 78वें स्वतंत्रता दिवस पर समस्त लांजी किरनापुर सहित जिले एवं प्रदेश वासियों को आाजादी के इस महापर्व की शुभकामनाऐं दी गई।

नगर परिषद लांजी में स्वतंत्रता दिवस गरिमामयी माहौल मे मनाया गया। प्रात- 7-30 बजे नगर परिषद अध्यक्ष रेखा ताराचंद कालबेले के द्वारा ध्वजारोहरण किया गया। इस दौरान प्रमुख रूप से उपाध्यक्ष संदीप रामटेक्कर, संजय सैय्याम, विभा तिवारी, पूनम आसटकर, प्रेमलता खोब्रागढ़े, कल्पना डोलस, तेजेश्वरी गोदुले, शिखा गोस्वामी, किशोर रामटेक्कर, विजय गोस्वामी, सौरभ पशीने, मुकेश रणदिवे, दिनेश कचवाहे, कस्तुरा वाकडे, सीएमओ मयूर वाहने, उपयंत्री अमित नगपुरे, सहित गणमान्य नागरिक, आमंत्रित अतिथि, समस्त नगर परिषद अधिकारी कर्मचारियों की उपस्थिती मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी कड़ी में नगर के गांधी चौक में सभापति कस्तुरा सेवकराम वाकड़े के द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

नगर का मुय समारोह विरांगना रानी अवंती बाईस्टेडियम में आयोजन किया गया जहां कार्यक्रम की अध्यक्ष श्रीमती अर्चना खोंगल के द्वारा ध्वजारोहण कर मुयमंत्री जी का प्रदेश के नाम संदेश वाचन किया गया। कार्यक्रम समस्त अतिथि गण एवं एसडीएम लांजी कमलचंद सिंहसार, सीईओ रामगोपाल यादव, समस्त सभी प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारी, शिक्षक शिक्षिकाऐं छात्र छात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियॉ दी जिसमें में शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा स्नेहा गोस्वामी द्वारा देश भक्ति गीत ऐ मेरे वतन के लोगो प्रस्तुत किया गया। पीएम श्री कन्य उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लांजी की छात्रा पूनम हरिनखेडे सुना दे लोरी अंतिम बार गीत प्रस्तुत, शासकीय कन्या हाईस्कूल लांजी से स्तुति खरे एवं साथी गीत प्रस्तुत, वीरागंना रानी अवंती बाई शिशु मंदिर से मानवी सोमनकर भाषण, साकेत पब्लिक स्कूल लांजी की छात्र कशिश कचवाहे, व ा ण ा ी सोनवाने, मोनिका मेहरबान मध्यप्र देश गान,राज भारती प्रोमिनेन्सी स्कूल लांजी सामुहिक गीत वेदीका ब्रहपुरे, हर्षा कुचलाहे, लीना मातरे, आन्वी कर्राहे। सेन्ट्रल इंडिया एकेडमी स्कूल लांजी से डालसी ऐडे, मीनल बोरकर के द्वारा गीत ऐ मेरे वतने के लोगों प्र्रस्तुत किया गया। इसके पश्चात उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारियों को अतिथियो के हस्ते समानित किया गया। कार्यक्रेम के तहत विशेष भोज का आयोजन ग्राम पंचायत वारी के शासकीय माध्यमिक शाला भवन में आयोजित किया गया।

## ट्रैक्टर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर समीप भरवेली रोड पर स्थित ओजस स्कूल के सामने ट्रैक्टर की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया घायल मोटर साइकिल सवार राहुल पिता प्रेम सिंह धुर्वे 27 वर्ष ग्राम बिछिया जिला मंडला निवासी है जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मनीष धुर्वे 1 अगस्त को बालाघाट काम की तलाश में आया था और अपनी पत्नी की बड़ी बहन रवीना मरकाम के घर बू.?ी बालाघाट में रुका हुआ था। 15 अगस्त की रात्रि 9:00 बजे करीब राहुल धुर्वे मोटर साइकिल में भरवेली तरफ से बालाघाट की ओर आ रहा था ।तभी ओजस स्कूल के सामने ट्रैक्टर ने मोटरसाइकिल को ठोस मार दी। जिससे राहुल धुर्वे घायल हो गया जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया।

## स्वतंत्रता दिवस पर्व पर जगह जगह शान से लहराया तिरंगा

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। जश्ने आजादी की 79 वी वर्षगांठ स्वतन्त्रता दिवस पर्व पर तहसील मुख्यालय किरनापुर में जगह जगह शासकीय, अर्द्ध शासकीय कार्यालयों, स्वयं सेवी संस्थाओं, शैक्षणिक संस्थाओं मे शान से तिरंगा फहराया गया। सुबह से ही सजे धजे परिधानों में स्कूली बच्चे हाथों में तिरंगा लिए अपने अपने स्कूल पहुंचे। जहां संस्था प्रमुखों सहित मौजूद सभी लोगों द्वारा सर्वप्रथम भारत माता, तिरंगे झंडे का पूजन कर महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया। तत्पश्चात् राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण कर सामूहिक रूप से राष्ट्रगान जनगण मन का गायन किया गया। उसके बाद मिष्ठान वितरित किए गए। तत्पश्चात् स्कूली बच्चों द्वारा प्रभातभेरी निकाली गई जिसमे बच्चों द्वारा भारत माता की जय, तिरंगे झंडे की जय, वंदे मातरम, देश के अमर शहीदों की जय के उद्घोष लगाते हुए रैली तहसील मुख्यालय के बेसिक शाला मैदान में एकत्रित हुई। इस दौरान मुख्य कार्यक्रम स्थल पहुंचते तक जगह जगह आयोजित किए गए ध्वजारोहण कार्यक्रमों में बच्चों की रैली ने रूककर ध्वजारोहण कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दी।



स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर तहसील मुख्यालय के डॉ बाबा साहब बी आर अंबेडकर बस स्टैण्ड किरनापुर में बाबा साहब अम्बेडकर प्रतिमा स्थापना समिति अध्यक्ष जय प्रकाश रामटेके,ग्राम पंचायत किरनापुर में सरपंच धर्मकला भाई जे पी रामटेके, पी एम श्री कन्या शाला किरनापुर में प्रभारी प्राचार्य इंद्रश्याम ठाकरे, कांग्रेस कार्यालय में वरिष्ठ कांग्रेसी मन्नालाल समुने, पुराने गुजरी चौक मे पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सुश्री हीना कावरे तथा मुख्य समारोह कार्यक्रम स्थल बेसिक शाला मैदान में विधायक राजकुमार कर्राहे, अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय में एसडीएम श्री कौल, जनपद पंचायत किरनापुर में जनपद अध्यक्ष राणा कल्याण सिंह, उत्कृष्ट विद्यालय में प्रभारी प्राचार्य अनिता तारन द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर मुख्य समारोह कार्यक्रम स्थल बेसिक शाला मैदान में बच्चों द्वारा देश भक्ति एवं राष्ट्र प्रेम पर आधारित रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमो की प्रेरणादायी प्रस्तुतियां दी गई, जिसे खूब सराहा गया। तथा कार्यक्रम के अंत में बच्चों को पारितोषिक प्रदान किए गए। वही सेवानिवृत्त सैनिक तोमेश्वर राहंगडाले द्वारा 10 वीं एवं 12 वी मे टॉप पर रहने वाले बच्चों को पुरस्कार भेंट किया गया।

## कृषक को सांप ने काटा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मड़कापार में इसी ग्राम के कृषक जितेंद्र पिता पूरनलाल चौहान 42 वर्ष को सांप ने काट दिया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार जितेंद्र चौहान अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। 15 अगस्त को जितेंद्र चौहान अपने खेत घास लेने के लिए गए थे। जितेंद्र चौहान ने अपने खेत में घास काटे और घास का गट्ठा कंधे में रख रहे थे तभी घास के अंदर छुपे सांप ने जितेंद्र चौहान के दाहिने कान के पास काट दिया। इसके बाद जितेंद्र चौहान घास के गठ्ठे को वहीं फेंक कर सीधे घर पहुंचे और परिवार वालों को बताएं। इसके बाद जितेंद्र चौहान को परिजनों ने मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये।

## यौमे आजादी के मुबारक मौके पर मुस्लिम समाज के प्रतिभामान विघार्थीयो का सम्मान समारोह आज

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। यौमे आजादी के 79 वे मुबारक मौके पर, हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की जानिब से मुस्लिम समाज के प्रतिभामान विघार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है।जहां कक्षा 10 वीं, कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र सहित विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा जाएगा।बताया गया कि मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का यह आयोजन 17 अगस्त दिन रविवार को बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में दोपहर 2 बजे आयोजित किया जाएगा। इस मुबारक मौके पर जीएसटी, कस्टम, नारकोटिक्स डिप्टी कमिश्नर नागपुर, डॉ एम आमिर सिद्दीकी और ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स नागपुर फारिया एजाज सहित अन्य, मुख्य अतिथि के तौर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शामिल होंगे।जिसकी



त म ा म जानकारी मुस्लिम एजुकेशन एंड कल्चर सोसायटी के अध्यक्ष मो.सोहेल एजाज द्वारा प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।जिसमे बताया गया कि मेंधावी विघार्थियो के साथ साथ इसी आयोजन में समाज के बुजुर्गों और प्रतिष्ठित व्यक्तियों को भी सम्मानित किए जाने का निर्णय लिया गया।वही 75 प्रतिशत से अधिक प्राप्तांक में मैरिड के आधार पर प्रथम, द्वितीय, व तृतीय आने वाले विघार्थियो को, शील्ड, प्रमाण पत्र सहित अन्य इनामों का वितरण किया जाएगा।वही समाज के ख्याति प्राप्त कुछ अतिथियों को बुलाकर बच्चों का मार्गदर्शन कराया जाएगा।मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, जिला प्रवक्ता सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों ने आयोजित इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील करते हुए विद्यार्थियों के हौसला अफजाई की बात कही है।

## अंजुमन उर्दू स्कूल बालाघाट में मनाया गया यौमे आजादी का जश्न, गूंजे आजादी के तराने

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। शुक्रवार 15 अगस्त को न सिर्फ नगर के प्रमुख स्थानों,व विभिन्न चौक चौराहो सहित शासकीय व निजी कार्यालयो में स्वतंत्रता दिवस की धूम रही। बल्कि नगर की विभिन्न गलियों और मोहल्ले में भी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया गया।जहां विभिन्न समाज व धार्मिक संगठनों द्वारा इस विशेष पर्व पर जगह-जगह विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।इसी कड़ी में हर साल की तरह इस साल भी अंजुमन इस्लामिया कमेटी बालाघाट की जानिब से नगर के अंजुमन उर्दू स्कूल में यौमे आजादी का जश्न देश भक्ति के जज्बे के साथ मनाया गया।जहां मप्र पिछ?ा



वर्ग कल्याण आयोग सदस्य मौसम हरिनखेड़े ने किया ध्वजारोहण कर मुल्क की शान में नारे लगाए तो वहीं, मौजूदा लोगो ने राष्ट्रगान का गायन कर यौमे आजादी का जश्न मनाया ।इस दौरान स्कूली बच्चों नें यौमे आजादी के तराने पेश किए।वही मिठाई बांटकर हर किसी को 15 अगस्त यौमे आजादी की मुबारकबाद पेश की।इस दौरान ,अंजुमन इस्लामिया कमेटी सदर हाजी फारुख शेख, पूर्व सादर अनीस मेमन, शेख सुब्हान मंसूरी, सहित अन्य पदाधिकारी सदस्य, स्कूल स्टाफ, स्थानीय बुजुर्ग बच्चे मौजूद रहे।जहा हर्षोल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस का पर्व मनाया गया।

# नगर मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 15 अगस्त को जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसील व ग्रामीण अंचलों में देश का 79 वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां जगह-जगह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा फैलाकर तिरंगे झंडे को सलामी दी गई। वहीं सामूहिक रूप से राष्ट्र गान जन गण मन का गायन कर देश की आजादी की शान में जोश और उमंग के साथ नारे लगाए गए। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा ने ध्वजारोहण किया जहां सामूहिक रूप से राष्ट्रगान का आयोजन कर देश के शान में नारे लगाए गए। तो वही जिला सत्र न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसके अलावा नगर पालिका बालाघाट में नपा अध्यक्ष श्रीमती



भारती सुरजीत सिंह ठाकुर ने ध्वजारोहण किया।जहां उपस्थित जनो को स्वच्छता की आदत अपनाने और नशे से दूर रहने का संदेश दिया गया।इसके अलावा नगर के पीजी कालेज व विभिन्न शासकीय ,निजी स्कूलों ,विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और शासकीय व निजी कार्यालयों सहित नगर के विभिन्न चौक चौराहो व मार्गो पर जगह जगह ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय गीत का सामूहिक रूप से गायन किया गया। इसके अलावा नगर के विभिन्न सरकारी व निजी स्कूलों में रंगारंग कार्यक्रमों के आयोजन किए गए।जहां स्कूली बच्चों ने गीत, भाषण, नृत्य गायन सहित विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।वही विभिन्न संस्थाओं द्वारा नगर में तिरंगा रैली निकालकर आजादी का जश्न मनाया गया। जहां शुक्रवार अलसुबह से शुरू हुआ यह आजादी का पर्व ,देर रात तक नगर में देखने को मिला।

# फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

## भरवेली के वार्ड नंबर 17 पुरानी बस्ती का मामला, मामले की जांच में जुटी पुलिस

बालाघाट( पद्मेश न्यूज़ )। भरवेली पुलिस ने ग्राम भरवेली वार्ड नंबर 17 स्थित एक मकान से फांसी के फंदे पर लटका एक युवक का शव बरामद किया है।जिसके फांसी लगाकर आत्महत्या किए जाने की आशंका जताई जा रही है। मृतक युवक का नाम ग्राम भरवेली वार्ड नंबर 17 पुरानी बस्ती निवासी 28 वर्षीय आकाश पिता बृजलाल सोनवाने बताया गया है।जिसके शव को पुलिस ने बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। बताया गया कि युवक के शव का रविवार की सुबह पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा। हालांकि युवक ने यह कदम क्यों उठाया फिलहाल यह स्पष्ट नहीं हो पाया है।लेकिन पत्नी के छोड़कर चले जाने और कर्ज से परेशान होकर, नशे में उसने यह कदम उठाया होगा ऐसी आशंका जताई जा रही है।



### पत्नी के छोड़कर चले जाने और कर्ज से परेशान था युवक

प्राप्त जानकारी के अनुसार भरवेली पुरानी बस्ती निवासी आकाश सोनवाने को उनके पिता की नौकरी अनुकंपा पर भरवेली मायल में मिली थी।तब से वह भरवेली मायल में काम करता था।बताया गया कि करीब 1 वर्ष पूर्व आकाश की शादी हुई थी।लेकिन शादी के बाद किन्हीं कारणों के चलते उसकी पत्नी उसे छोड़कर अपने मायके चली गई थी। जो दोबारा लौटकर वापस नहीं आई। जानकारी के मुताबिक पत्नी के मायके चले जाने के बाद से ही वह मानसिक तनाव में जी रहा था। बताया गया कि पिछले 5-6 दिनों से वहा अधिक मात्रा में शराब का सेवन कर रहा था। रोजाना की तरह शनिवार को भी उसने शराब का सेवन किया था। जो अपने कमरे में था। जिसका शव शनिवार की शाम घर पर फांसी पर लटका हुआ मिला है।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

बताया गया कि आकाश ने घर के कमरे में लगे पंखे में लाल रंग की चुन्नी का फंदा बनाकर आत्महत्या की है।जब परिजन उसके कमरे में पहुंचे तो आकाश फांसी पर लटका हुआ था।जिसकी फांसी लगने से मौत हो चुकी थी। जहां आकाश की इस हालत को देखते ही वहां कुछ देर के लिए चीख पुकार मच गई। इसी बीच परिजनों ने मामले की सूचना भरवेली पुलिस को दी। जहां सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों के बयान दर्ज कर, पंचनामा सहित अन्य आवश्यक कार्यवाही पूरी की। वही मृग कायम कर शव को फांसी के फंदे से उतार कर अपने कब्जे में लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया है। जहां शाम अधिक होने के चलते शव का पोस्टमार्टम नहीं हो सका। बताया गया कि रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर अंतिम संस्कार के लिए शव उनके परिजनों के सुपुर्द किया जाएगा।फिलहाल पुलिस ने इस पूरे मामले में मृग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# कार हाथ ठेला को ठोस मारकर हुई फरार

## कार की ठोकर से गंभीर रूप से घायल 9 वर्षीय मासूम बालक की मौत

## लालबर्रा रोड मानपुर पुलिया के ऊपर हुई सड़क दुर्घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा रोड मानपुर पुलिया के ऊपर बेलगाम कार हाथ ठेले को ठोस मारकर फरार हो गई। इस दुर्घटना में कार की ठोकर से जहां हाथ ठेला क्षतिग्रस्त हो गया वहीं इस कार की चपेट में आने से एक 9 बर्षीय मासूम बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी जिला अस्पताल से गोंदिया ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। मृतक बालक सत्यम पिता देवेंद्र कुमार टरेन्डे ग्राम हीरापुर थाना भरवेली निवासी है। 15 अगस्त की शाम 7:00 बजे करीब यह सड़क दुर्घटना उस समय हुई जब यह बालक अपनी बड़ी मम्मी के साथ हाथ ठेले में कृष्ण भगवान की मूर्ति बेचकर अमोली लालबर्रा लौट रहा था। इस दुर्घटना के दौरान बेलगाम कार से मवेशीयो को भी चपेट मे आ गये थे । जिला अस्पताल पुलिस ने इस बालक का शव अस्पताल की फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए है इस बालक का पिता चेन्नई में है जिसके आने के बाद ही शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा। इस मामले मे लालबर्रा पुलिस ने कार चालक सरफराज पिता रहमान 25 वर्ष ग्राम अमोली निवासी को गिरफ्तार कर लिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार देवेंद्र टरेन्डे ग्राम हीरापुर थाना भरवेली निवासी जो चेन्नई में काम करने गए हुए हैं। जिसके परिवार में पत्नी रेखा टरेन्डे दो लड़के और एक लड़की के अलावा देवेंद्र के परिवार के अन्य लोग भी है। बताया कि पिछले दो माह से देवेंद्र टरेन्डे की पत्नी रेखा की तबीयत खराब होने से वह अपने दो बच्चे सत्यम और बेटी आरो के साथ ग्राम अमोली में अपनी बड़ी बहन पुष्पा करन्डे के घर रह रही है। बताया गया है कि 15 अगस्त को पुष्पा करन्डे हाथ ठेले में भगवान कृष्ण की मूर्ति रख कर बेचने के लिए अपने गांव अमोली से ग्राम मानपुर बकोड़ा तक आई थी। जिसके साथ में बालक सत्यम भी आ गया था। शाम 7:00 बजे कृष्ण भगवान की मूर्ति बेचने के बाद पुष्पा करन्डे हाथ ठेला धकेलते हुए मानपुर से अमोली जा रही थी। हाथ ठेला के पीछे-पीछे बालक सत्यम भी आ रहा था। ग्राम मानपुर पुलिया के उपर से पुष्पा करन्डे आठ ठेला धकेलते हुए जा रही थी और ठेला के पीछे पीछे सत्यम चल रहा था। उसी समय लालबर्रा की ओर से तेज रफ्तार से आ रही एक सफेद रंग की कार कुछ मवेशियों को चपेट में लेकर हाथ ठेला को ठोस मार कर फरार हो गई। कार की ठोकर से जहा ठेला छतिग्रस्त हो गया वहीं हाथ ठेला के पीछे चल रहा है बालक सत्यम गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया। जिसे किसी कार वाले ने लालबर्रा के अस्पताल लाकर भर्ती कर दिये थे। लालबर्रा अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद बालक सत्यम को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। जिला अस्पताल बालाघाट से भी प्राथमिक उपचार के बाद घायल बालक सत्यम को बेहतर उपचार हेतु हायर सेंटर रेफर किया था। परिवार के लोग बालक सत्यम को जिला अस्पताल से गोंदिया ले जा रहे थे। किंतु गोंदिया ले जाते समय बालक सत्यम की रास्ते में ही मौत हो गई ।जिसका शव जिला अस्पताल लाया गया ।जिला अस्पताल पुलिस ने बालक सत्यम का शव जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए है। बालक सत्यम का पिता देवेंद्र चेन्नई में है सूचना दे दी गई है। जिसके आने के बाद ही सत्यम के शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।



# गोंदिया फोरलेन में दो मोटरसाइकिल आपस में टकराई एक युवक की मौत- बहन और भांजा घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। गोंदिया फोरलेन में सालेटेका के पास दो मोटरसाइकिल आपस में टकरा गई जिसमें। एक मोटरसाइकिल सवार एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी जिला अस्पताल में मौत हो गई। वही इस व्यक्ति की बहन और उसका भांजा घायल हो गए। मृतक मनीष पिता बालाराम मरकाम उम्र करीब 30 साल ग्राम बम्हनी बंजर जिला मंडला निवासी है वहीं इस व्यक्ति की बहन दुर्गा पति राजाराम परते 32 वर्ष लांजी निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है और उसके बेटे मेधांश परते 2 वर्ष को भी चोंटे आई है। और मोटरसाइकिल सवार युवक प्रवीण बगारे ग्राम मर्री किरनापुर निवासी बताया गया है इस युवक को भी मामूली चोंटे आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गा परते मूल रूप मंडला जिले में आने वाले ग्राम पिंडरई नैनपुर निवासी है। जिनका मायका बम्हनी बंजर जिला मंडला का है। दुर्गा परते के पति राजाराम परते जनपद पंचायत लांजी बालाघाट मे आजीविका मिशन प्रभारी है। वे अपने परिवार के साथ लांजी में ही रहते हैं। बताया गया कि दुर्गा परते रक्षाबंधन त्यौहार में अपने मायके बम्हनी बंजर गई हुई थी और दुर्गा परते के भाई मनीष मरकाम की तीन महीने पहले ही शादी हुई थी। दुर्गा परते 2 दिन रिश्तेदारी में रहने के बाद 16 अगस्त को मनीष मरकाम बहन दुर्गा परते और भांजे मेधांश को मोटरसाइकिल में बम्हनी बंजर से लांजी छोड़ने के लिए के लिए जा रहा था। 3:00 बजे करीब बालाघाट से लांजी की ओर जाते समय गोंदिया फोरलेन ग्राम सालेटेका के पास रजेगांव गांव की ओर से तेज रफ्तार से आ रही मोटरसाइकिल ने मनीष मरकाम की मोटरसाइकिल ठोस मार दी। इस मोटरसाइकिल की ठोकर से मनीष मरकाम और उसकी बहन दुर्गा परते और भांजा मेधांश मोटरसाइकिल सहित गिर गए वहीं अन्य मोटरसाइकिल सवार युवक भी गिर गया। इस सड़क दुर्घटना में मनीष मरकाम गंभीर रूप से घायल और बेहोश हो गया था। बताया गया कि इस दुर्घटना के दौरान ही गोंदिया से बालाघाट की ओर आ रही एक प्राइवेट एंबुलेंस के चालक ने एक अन्य राहगीर के साथ मिलकर सभी घायल मनीष मरकाम, दुर्गा परते, उसके बेटे मेधांश और अन्य मोटरसाइकिल सवार युवक को जिला अस्पताल बालाघाट लाये। जहां मनीष मरकाम की मौत हो गई। दुर्घटना में घायल दुर्गा परतें और उसके बेटे मेधांश जिला अस्पताल में भर्ती कर उनका इलाज किया जा रहा है। दुर्गा परते का इस दुर्घटना में बाएं हाथ ही फैक्चर हो गया है। अन्य युवक प्रवीण बगारे ग्राम मर्री थाना किरनापुर निवासी बताया गया है। जो दुर्घटना के दौरान अपने दोस्त से मिलने मोटरसाइकिल में सालेटेका आ रहा था। दुर्घटना में उसे भी मामूली चोंटे आई है। जिला अस्पताल पुलिस द्वारा मोके कर मनीष मरकाम का शव पोस्टमार्टम नहीं हो पाने की स्थिति में जिला अस्पताल के फ्रीजर में सुरक्षित रखवा दिए हैं। जिसका पोस्टमार्टम 17 अगस्त को किया जाएगा।



# मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल

## नगर के बैहर रोड शारदा मंदिर के पास हुई दुर्घटना

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। नगर के बैहर रोड़ शारदा मंदिर के पास मोटरसाइकिल की ठोकर से एक व्यक्ति घायल हो गया। घायल व्यक्ति विकास पिता गणेश प्रसाद सोनी 34 वर्ष मरारी मोहल्ला बालाघाट निवासी है। जिसे जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार विकास सोनी की किराना दुकान है और वे प्रतिदिन पैदल अपने घर से शारदा मंदिर पूजा करने जाते हैं। रोज की तरह 15 अगस्त रात्रि 9:30 बजे विकास सोनी अपने घर से पैदल शारदा मंदिर पूजा करने के लिए गए थे। विकास सोनी शारदा मंदिर से पूजा करके अपने घर लौट रहे थे तभी मंदिर के पास ही किसी अज्ञात मोटरसाइकिल ने उन्हें ठोस मार दिया। मोटरसाइकिल की ठोकर से विकास सोनी घायल हो गए थे। खबर मिलते ही उनके पिता गणेश प्रसाद सोनी पहुंचे और घायल अपने बेटे विकास सोनी को मोटरसाइकिल से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये। जिला अस्पताल पुलिस ने गणेश प्रसाद सोनी का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली भिजवा दी है।। विकास सोनी को ठोस करने वाली मोटरसाइकिल का नंबर एमपी 50 एमआर 8952 बताया गया है। कोतवाली पुलिस जांच कर रही है।



AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
- COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
- MINING ENGINEERING
- CIVIL ENGINEERING
- MECHANICAL ENGINEERING
- ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के
द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464


श्रीमती शकुंतला मरकाम
सरपंच

प्रीतम सिंह धुर्वे
उपसरपंच
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
श्रीमती शकुंतला श्याम मरकाम सरपंच, प्रीतम सिंह धुर्वे उपसरपंच
संजय सार्वे सचिव एवं समस्त पंचगण
ग्राम पंचायत बम्हनी, बैहर


श्री उमेश सोनेकर
सरपंच

श्री विरेन्द्र बिसेन
उपसरपंच
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
उमेश सोनेकर सरपंच, विरेन्द्र बिसेन उपसरपंच,
राजेन्द्र पिछोड़े सचिव, मंगलेश पटले सहायक सचिव
एवं समस्त पंचगण, ग्राम पंचायत हट्टा, जनपद पंचायत बालाघाट





श्री नीरज हिरावत
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
नीरज हिरावत
पूर्व महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी
हिरावत मेडिकल स्टोर्स
गांधी चौक, कटंगी


धर्मकला कामराज देशमुख
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
-शुभेच्छु-
धर्मकला देशमुख
प्रभारी अध्यक्ष
नगर पंचायत कटंगी
राधेश्याम चौधरी
मुख्य नगर पंचायत अधिकारी
नगर पंचायत कटंगी
एवं समस्त पार्षदगण एवं कर्मचारी, नगर पंचायत कटंगी


श्रीमती केसर बिसेन
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
श्रीमती केसर बिसेन
सभापति जिला पंचायत बालाघाट


श्री बोधसिंह भगत
राष्ट्रीय पर्व
स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शुभेच्छु
श्री बोधसिंह भगत
पूर्व सांसद बालाघाट-सिवनी

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट